दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 10 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-256 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

मुजफ्फरनगर में 5 लोगों की जलकर हुई मौत

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. इस हादसे में अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई. कार के पलटने के बाद उसमें आग लगई, जिसके चलते कार में सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. बताया जा रहा है कि कार सवार हरियाणा से हरिद्वार जा रहे थे. जिले के तितावी थाना क्षेत्र का मामला है।

सिवनी में आग से एक ही परिवार के 6 की मौत

सिवनी। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के छपारा स्थित महावीर वार्ड के जैन मोहल्ले में सराफा व्यापारी के मकान में भीषण आग लगने से परिवार के 6 सदस्यों की मौत हो गई। घटना के समय मकान में करीब 10 लोग मौजूद थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने तत्परता दिखाते हुए 4 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा जैन मोहल्ला निवासी प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी कुंदन लाल सोनी के मकान में हुआ। सुबह करीब 4 बजे, जब पूरा परिवार गहरी नींद में था, तभी अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप ले लिया और पूरे घर में धुआं व आग फैल गई। घटना की भनक लगते ही इलाके में अफरातफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचित किया।

पोस्ट ऑफिस एटीएम से रोज 25,000 रुपए निकाल सकेंगे

नई दिल्ली। अगर आपका सेविंग अकाउंट पोस्ट ऑफिस में है और इसका एटीएम कार्ड इस्तेमाल करते हैं या आपके आसपास डाक विभाग का एटीएम तो इसके इस्तेमाल से पहले ये नियम जानना जरूरी है।अब आप एटीएम से एक दिन में ज्यादा से ज्यादा 25,000 रुपए निकाल सकते हैं, लेकिन एक बार में अधिकतम ₹10,000 ही निकाल सकेंगे। साथ ही, पैसे निकालते समय खाते में कम से कम 500 रुपए का बैलेंस रहना जरूरी है, वरना आपका ट्रांजैक्शन रिजेक्ट हो सकता है और 23 रुपए तक एक्स्ट्रा चार्ज भी लग सकता है।

राहुल ने पीएम को फिर दी बहस की चुनौती

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने पीएम मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती दी है। इस बार उन्होंने सीधे सीआरपीएफ के जवानों को टैग करके पोस्ट किया है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा है कि प्रिय सीआरपीएफ के जवानों, आपके चेहरों ने सब बता दिया-आपको प्रधानमंत्री के झूठ पर भरोसा नहीं। उन्होंने हमें नक्सली कहा। मेरी चुनौती कायम है। वो मुझसे बहस करें-देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन चल रहा है। कोई भी समय, किसी भी जगह। मेरी गारंटी है उस बहस के बाद प्रधानमंत्री में एक भी जवान के सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं होगी।पिछले 8 दिन में यह छठी बार है, जब राहुल ने पीएम मोदी को बहस के लिए बोला है।

मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से फोन पर बात की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात की। दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध के ताजा हालात और भारत-यूक्रेन के रिश्तों पर चर्चा हुई।प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, बातचीत के दौरान जेलेंस्की ने मोदी को युद्ध से जुड़े हालिया घटनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मोदी ने कहा कि जंग का हल बातचीत से निकलना चाहिए।

पटना में दिवाली की रात 41 जगहों पर लगी आग

आतिशबाजी-दीप और शॉर्ट सर्किट से हुए हादसे

पटना (एनएसबी)। दिपावली की रात राजधानी में आतिशबाजी और दीपक की वजह से आग लगने की 41 घटनाएं सामने आई। इनमें 5 से 6 बड़ी घटनाएं शामिल हैं। इस अगलगी की घटनाओं में करीब 53 लाख रुपये से अधिक के सामान जलकर राख हो गए। कई जगहों पर नुकसान का आकलन अभी नहीं हो

■ 53 लाख रुपए से अधिक का नुकसान

पाया है। राहत की बात यह रही कि किसी भी घटना में जानमाल का नुकसान या आम लोगों के घायल होने की सूचना नहीं है।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि रविवार शाम 4 बजे से सोमवार सुबह 4 बजे तक आग लगने की कुल 41 घटनाएं हुईं। इनमें 32 जगहों पर आतिशबाजी के कारण आग लगी। वहीं, कुछ जगहों पर दीप और शॉर्ट



सर्किट से आग लगने की घटनाएं हुईं। आग बुझाने के लिए 50 से अधिक दमकल वाहनों को लगाया गया और सभी जगहों पर आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में दो बड़ी अगलगी की घटनाएं हुई। बाईपास थाना क्षेत्र के पैजावा मोड़ के पास एक गोदाम में आतिशबाजी के दौरान आग लग गई। इसमें 10 लाख रुपये से अधिक का सामान जल गया। जबकि कंकड़बाग थाना क्षेत्र के ग्रेविटी मॉल के पास विजय अमन अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर स्थित कंप्यूटर दुकान में दीपक से आग लगी। आग आसपास की दुकानों तक फैलने लगी। घटना में करीब 15 से 20 लाख रुपये के कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गए। अग्निशमन टीम ने तत्परता दिखाते हुए अपार्टमेंट से 30 से 35 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

मनेर, सुल्तानगंज सहित कई जगहों पर लगी आग

दानापुर अनुमंडल के मनेर स्थित आजाद नगर की कबाड़ी दुकान में आतिशबाजी से आग लगी, जिसमें 5 लाख रुपये से अधिक का सामान जल गया। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के महेंद्रू पोस्ट ऑफिस के पास शॉर्ट सर्किट से लगी आग में करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ। वहीं कदमकुआं के लोहानीपुर में आतिशबाजी से लगी आग में 10 लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया।

मुख्यमंत्री सम्राट ने महादलित बस्ती में मनाई दीपावली



पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने रविवार को दीपावली के पावन अवसर पर दीघा आशियाना रोड स्थित महालक्ष्मी देवी की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना की तथा राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सीएम ने वहां स्थित महादलित बस्ती में पहुंचकर स्थानीय निवासियों से मुलाकात की, उनके साथ दीपावली का पर्व मनाया, उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा उपहार भेंट किए। इस दौरान सीएम ने कहा कि मेरी कामना है कि बिहार समृद्धि के मार्ग पर

■ मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना, लोगों को भेंट किए उपहार

और मजबूती के साथ आगे बढ़े तथा राज्य में सुख, शांति और खुशहाली का वातावरण कायम रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों से आदिवासी अनुसूचित जाति एवं अतिपिछड़े समाज के लोगों के बीच जाकर त्योहार मनाने की अपील की। त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी सार्थक होती है, जब समाज के सभी वर्गों के लोग इसमें समान रूप से सहभागी बनें।

बिहार को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे मोदी

पटना (एनएसबी) । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि 21 नवंबर को पीएम मोदी का वैशाली आगमन बिहार के विकास और औद्योगिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर होगा। पीएम के आगमन से राज्य को विकास की नई सौगात मिलेगी और बिहार के औद्योगिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। सरावगी सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित एनडीए की संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार



तथा रालोमो के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

सरावगी ने कहा कि 20 नवंबर को बिहार में एनडीए सरकार के एक वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर बिहार सरकार की ओर से वैशाली जिले के राजापाकर

■ 21 को वैशाली में पीएम का होगा कार्यक्रम, उमड़ेगा जनसैलाब

प्रखंड स्थित जाफरपट्टी औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी है। वैशाली की ऐतिहासिक धरती से बिहार के औद्योगिक भविष्य की नई इबारत लिखी जाएगी। यह स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। वहीं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री कच्ची दरगाह छह लेन पुल सहित कई विकास योजनाओं की सौगात देने वाले हैं। वर्ष 2005 से नीतीश कुमार ने बिहार में विकास की जो लंबी लकीर खींची है, उसे अब सीएम सम्राट चौधरी आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री का बिहार आगमन राज्य के विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि वैशाली की ऐतिहासिक धरती ने हमेशा इतिहास रचने का काम किया है। 21 नवंबर को यहां आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम भी इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा।



सीएम सम्राट चौधरी ने दीपावली के शुभ अवसर पर सपरिवार 1, लोक सेवक आवास पर संध्या में दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की एवं रंगोली बनाकर दीपोत्सव की खुशियां मनाई।

बिहार में 2 आईएएस अधिकारियों का तबादला

पटना (एनएसबी)। बिहार प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को नई जिम्मेवारी सौंपी गई है। कईअनुमंडलों में नए भूमि सुधार उप समाहर्ता की तैनाती की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की। पूर्वी चंपारण स्थित चकिया के अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी विद्यनाथ पासवान को अपर समाहर्ता सह अपर दंडाधिकारी, किशनगंज बनाया गया है। पदस्थापना की प्रतीक्षा में चल रहे संजीव कुमार कापर को जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण बनाया गया है। ज्ञान प्रकाश को अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, पटना तथा मनीष कुमार को जिला भू अर्जन पदाधिकारी, समस्तीपुर बनाया गया है। सीमा कुमारी को अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, भागलपुर और सुधीर कुमार को निदेशक, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण बनाया गया है। बायसी



के भूमि सुधार उप समाहर्ता, रोशन राज को भूमि सुधार उप समाहर्ता किशनगंज तथा निखिल कुमार, वरीय उप समाहर्ता, सहरसा को भूमि सुधार उप समाहर्ता, नरकटियागंज बनाया गया है। विनय प्रताप, वरीय उप समाहर्ता, रोहतास को भूमि सुधार उप समाहर्ता पुपरी तथा मंकेश्वर कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बारसोई को भूमि सुधार उप समाहर्ता, मुजफ्फरपुर, पश्चिम बनाया गया है। राजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग को भूमि सुधाप उप समाहर्ता, नालंदा तथा रवि कुमार, वरीय उप समाहर्ता, लखीसराय को भूमि सुधार उप समाहर्ता, नवादा सदर बनाया गया है।

पांच लाख घूस लेते इंजीनियर गिरफ्तार

पटना (एनएसबी)। निगरानी की टीम ने रविवार को दीवाली के दिन पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को पांच लाख रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार इंजीनियर की पहचान मधुबनी पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रितेश चन्द्र सिन्हा के रूप में हुई है। उन्हें पटना के आशियाना स्थित रामनगरी के शिव-पार्वती गृह अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर सी-303 से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान जब इंजीनियर ने निगरानी टीम को अपने फ्लैट में पहुंचते देखा तो घबराकर रिश्वत के पांच लाख रुपये खिड़की से बाहर फेंक दिए। उन्होंने नोटों को फ्लैट के बाहर स्थित छोटे से मैदान में फेंककर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की, लेकिन निगरानी टीम ने तत्काल पूरी रकम बरामद कर ली।

छठ गीत बजाने पर स्कॉर्पियो से दस लोगों को कुचला, दो मरे

आरा (एनएसबी)। भोजपुर जिले के बिहियां प्रखंड के रामडिहा गांव में दीपावली की रात एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है. यहां छठ गीत बजाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद कुछ ही देर में खूनी संघर्ष में बदल गया. आरोप है कि विवाद से गुस्साए एक स्कॉर्पियो चालक ने जानबूझकर वहां मौजूद भीड़ पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दीपावली की रात रामडिहा गांव के स्थानीय सूर्य मंदिर परिसर में ग्रामीण पारंपरिक छठ गीत बजा रहे थे. इसी बीच एक व्यक्ति वहां पहुंचा और उसने तेज आवाज में बज रहे गीतों का कड़ा विरोध किया. इस बात को लेकर वहां उपस्थित ग्रामीणों और उस व्यक्ति के बीच तीखी बहस शुरू हो गई. विवाद बढ़ता देख



आरोपी युवक उस समय तो वहां से चुपचाप चला गया, लेकिन उसके दिमाग में कुछ और ही चल रहा था। विवाद के कुछ ही देर बाद आरोपी युवक एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर दोबारा मंदिर परिसर पहुंचा. इससे पहले कि वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उसने बेकाबू गाड़ी को सीधे ग्रामीणों की भीड़ में घुसा दिया और लोगों को बेरहमी से कुचलना शुरू कर दिया. अचानक हुए इस जानलेवा हमले से मंदिर परिसर में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।

पटना जंक्शन पर दीपावली के बाद भी ट्रेनों में भारी भीड़

पटना जंक्शन पर सीट के लिए धक्का-मुक्की जारी

पटना (एनएसबी)। दीपावली का त्योहार खत्म होते ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बेकाबू होने लगी है। कोई नौकरी पर लौटने के लिए ट्रेन पकड़ रहा है तो कोई पढ़ाई के सिलसिले में दूसरे शहर जा रहा है। दूसरी ओर, छठ महापर्व में शामिल होने के लिए बिहार आने वाले यात्रियों की आवाजाही भी जारी है। दोनों तरफ से बढ़े यात्री दबाव ने रेलवे की व्यवस्थाओं की परीक्षा लेनी शुरू कर दी है।

सोमवार को पटना जंक्शन से गुजरने वाली अधिकांश नियमित ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ रही। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, सूरत और अहमदाबाद जाने वाली ट्रेनों के जनरल और स्लीपर कोच पूरी तरह भरे नजर आए। कई यात्री दरवाजे पर लटककर तो कुछ खड़े होकर सफर करने को मजबूर दिखे। पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक से दस तक यात्रियों का दबाव बना रहा। संपूर्ण क्रांति, विक्रमशिला,



राजधानी, श्रमजीवी, मगध और दानापुर-आनंद विहार एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी रही। ट्रेन पहुंचते ही सीट पाने की उम्मीद में यात्री दरवाजों पर जुट गए। जनरल और स्लीपर कोच में पहले से ही यात्रियों की भीड़ होने के कारण कई लोगों को चढ़ने तक की जगह नहीं मिली। ऐसे में कुछ यात्रियों को अगली ट्रेन का इंतजार करना पड़ा, जबकि कई लोग किसी तरह खड़े होकर सफर करने को मजबूर हुए। त्योहारी सीजन में कंफर्म टिकट मिलना यात्रियों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग टिकट का दबाव है तो तत्काल टिकट के लिए भी मारामारी की स्थिति बनी हुई है। सीट नहीं मिलने पर कई यात्री जनरल टिकट लेकर सफर कर रहे हैं। नौकरी और पढ़ाई के लिए लौट रहे यात्रियों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने की चिंता सता रही है। खासकर उन यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है, जिन्हें तय समय पर काम या कालेज पहुंचना है। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल, पाटलिपुत्र और दानापुर स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी के अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। भीड़ को प्लेटफॉर्म पर फैलने से रोकने के लिए होल्डिंग एरिया का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। रेलवे की ओर से छठ तक विशेष ट्रेनों का परिचालन जारी रखने की बात कही गई है।

राजस्थान से बिहार आ रही बस खाई में गिरी, 3 लोगों की मौत

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ में आगरा एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह यात्रियों से भरी बस पलटकर 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। 40 से ज्यादा यात्री गंभीर घायल हुए। इनमें छोटे-छोटे बच्चे भी रहे। पुलिसवाले बच्चों को गोद में लेकर एंबुलेंस में बैठाते नजर आए। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, बिहार नंबर की लग्जरी बस राजस्थान के भिवाड़ी से छपरा (बिहार) जा रही थी। सभी लोग छठ पर्व के लिए अपने-अपने घर जा रहे थे। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर पारा थाना क्षेत्र में जीरो पॉइंट पर हुआ। 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी, एसडीआरएफ की 2 टीमें और फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू किया। शुरूआती जांच में



■ मासूम बच्चों समेत 40 घायल, छठ पर बिहार आ रह थे सभी

हादसे की वजह टायर फटना बताई गई। घायलों में महाराजगंज, देवरिया, आजमगढ़ के साथ बिहार के कई लोग भी शामिल हैं। पारा थाना पुलिस के अनुसार, कुल 50-55 यात्री बस में सवार थे। इनमें 45 बुरी तरह घायल हुए हैं। जिन 3 यात्रियों की मौत हुई, उनमें 2 की शिनाख्त हुई है, 1 मृत पुरुष की पहचान नहीं हो पाई है।

एक नजर

पूर्व कुलपति के निधन पर जताया शोक

भागलपुर (दैनिक नवसंदेश) । तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के पूर्व कुलपति प्रो. (डा.) रामाश्रय प्रसाद यादव का सोमवार को निधन हो गया।



पूर्व कुलपति प्रो. (डा.) रामाश्रय प्रसाद यादव (फाईल फोटो)।

निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए टीएमबीयू अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष ड़ आनन्द आजाद ने कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं मर्माहत करने वाला है । उनके निधन से उच्च शिक्षा जगत ने एक अनुभवी शिक्षाविद, कुशल प्रशासक एवं महान सख्शियत को खो दिया । विश्वविद्यालय के चहुँमुखी विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार के लिए वो सदैव याद किए जाएँगे । प्रो यादव के निधन पर टीएमबीयू छात्र राजद के पूर्व अध्यक्ष ड़ दिलीप कुमार, ड़ शशि कुमार यादव, ड़ जितेन्द्र कुमार, टीएमबीयू छात्र राजद अध्यक्ष लालू यादव, संजय यादव, सुनील यादव, मो़ शाहीन रजा, मो़ सुफयान खान, राजा राधिकारमन तथा चन्दन यादव ने भी शोक संवेदना व्यक्त की ।

महादलित टोला में केक काटकर मनाया गया तेजस्वी यादव का जन्मदिन, बच्चों के बीच बांटी गई खुशियां

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बाग कल्लू खां महादलित टोला में राजद पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र की ओर से बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव का 37वां जन्मदिन केक काटकर छोटे-छोटे बच्चों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता मो़ साबिर अली ने की। इस अवसर पर उपस्थित राजद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने तेजस्वी यादव जी के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही उनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय, समानता एवं गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सह राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव बलराम चौधरी, मो. जावेद, पूर्व पार्षद महमूद कुरैशी, कमाल अशरफ, ष्ण कुमार पप्पू, मो़ नीलम, ओम मिश्रा, राहुल यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर बलराम चौधरी ने रविंद्र पासवान, सच्चिदानंद पासवान, इम्तियाज आलम, सचिन कुमार एवं परवेज साहिन को राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण कराई। सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपील की गई।

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर पूजा समितियों के साथ जिला प्रशासन की बैठक

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा घाटों पर सुरक्षा एवं सुचारु यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त यशपाल मीणा , वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के़ शर्मा, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने जिले के विभिन्न छठ घाटों पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमें घाटों तक पहुँच पथ की समुचित व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए पर्याप्त प्रवेश एवं निकास मार्ग, समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता प्रमुख रूप से शामिल थीं।

समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से उन घाटों पर, जहाँ दूसरे क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आकर छठ पूजा करते हैं, उनके रात्रि विश्राम के लिए उचित व्यवस्था करने का सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में नावों की उपलब्धता, चेंजिंग रूम, एनडीआरएफ की टीमों एवं प्रशिक्षित गोताखोरों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। भीड़ प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वच टावरों को क्रमांकित करने का सुझाव भी दिया गया, ताकि भीड़ के दौरान बिछुड़े हुए व्यक्तियों को संबंधित वच टावर तक पहुँचने तथा उनकी पहचान करने में आसानी हो।

सुशासन दिवस - नीतीश संवाद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जद (यू) की वर्चुअल बैठक

दैनिक नवसंदेश

पटना। आगामी 24 नवंबर को आयोजित होने वाले 'सुशासन दिवस - नीतीश संवाद' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कार्यक्रम प्रभारियों, जिला अध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का फीडबैक लिया तथा इसके सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार सरकार की मंत्री सह प्रदेश कार्यक्रम संयोजक श्रीमती लेशी सिंह, बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार कुमार सर्राफ एवं मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, डॉ. अमरदीप, अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा, शंभू कुशवाहा, सुमित कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

बैठक में 'सुशासन दिवस - नीतीश संवाद' कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आयोजन से जुड़ी तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

ज्ञातव्य है कि जनता दल (यू) द्वारा 17 से 19 नवंबर तक सभी पंचायतों वार्ड स्तर पर 'सुशासन नीतीश परिचर्चा' आयोजित की जाएगी। वहीं, 20 से 22 नवंबर तक प्रखंड सेक्टर स्तर पर तैयारी बैठकें होंगी। इसके बाद 24 नवंबर को सभी जिलों में 'सुशासन दिवस - नीतीश संवाद' का भव्य आयोजन किया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि एक समय था, जब 'बिहारी' शब्द को गाली के पर्याय के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन वर्ष 2005 में जब नीतीश कुमार ने बिहार की बागडोर संभाली, तब उन्होंने अपने दूरदर्शी विजन और विकासोन्मुखी नीतियों से बिहार की तस्वीर और बिहारियों के प्रति देश की धारणा बदलने का काम किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने 20 वर्षों में वह काम कर दिखाया, जो पिछले एक हजार वर्षों में नहीं हुआ था। श्री झा ने कहा कि 'सुशासन दिवस - नीतीश संवाद' के माध्यम से श्री नीतीश कुमार के कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना है। इसके लिए हर लाभार्थी तक पहुँच बनानी है ।



तैयारियों को लेकर हुई बैठक में नीतीश कुमार हुए शामिल।

आगामी 24 नवंबर को आयोजित होगा 'सुशासन दिवस - नीतीश संवाद' कार्यक्रम बैठक

नीतीश कुमार ने 20 वर्षों में वह काम कर दिखाया, जो पिछले एक हजार वर्षों में नहीं हुआ : संजय कुमार झा

बिहार का कोई घर नहीं, जो नीतीश कुमार के विकास कार्यों से अछूता रहा हो : उमेश सिंह कुशवाहा

बिहार राज्य संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल परिषद के क्रियाशील होने से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को मिलेगी नई मजबूती : निशांत

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं व्यावसायिक मानकों को और सुदृढ़ करने की दिशा में बिहार राज्य संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल परिषद एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। परिषद के क्रियाशील होने के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण, जवाबदेह और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस परिषद के माध्यम से राज्य के संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों के लिए एक पारदर्शी और प्रभावी नियामक व्यवस्था विकसित की जाएगी।



स्वास्थ्य मंत्री निशांत।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि परिषद का गठन राष्ट्रीय संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 के प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य राज्य में संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के विकास, पंजीकरण, नियमन तथा उनके व्यावसायिक मानकों को सुनिश्चित करना है। परिषद राज्य में इन पेशेवरों के पंजीकरण एवं राज्य रजिस्टर के रख-रखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता केवल चिकित्सकों और चिकित्सा सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें फिजियोथेरेपी, मेडिकल लैबोरेटरी साइंस, रेडियोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलजी सहित विभिन्न संबद्ध स्वास्थ्य सेवाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इन क्षेत्रों में कार्यरत पेशेवरों की योग्यता, दक्षता और निर्धारित शैक्षणिक एवं व्यावसायिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। परिषद के माध्यम से इन सभी क्षेत्रों में पेशेवर गुणवत्ता एवं जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा।

प्रकाश पर्व की तैयारियों की प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने प्रमंडलीय सभागार में प्रकाश पर्व के आयोजन को लेकर अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने प्रमंडलीय सभागार में प्रकाश पर्व के आयोजन को लेकर अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी द्वारा बताया गया कि पटना सिटी क्षेत्र की 101 सड़कों एवं गलियों को मरम्मति के लिए चिन्हित किया गया है। इस पर प्रमंडलीय आयुक्त ने पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि सभी चिन्हित सड़कों एवं गलियों की मरम्मति निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें, ताकि प्रकाश पर्व के दौरान श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

प्रमंडलीय आयुक्त ने प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम आवागमन के लिए परिवहन व्यवस्था, प्रमुख मार्गों पर साइनेज, वाहनों की पार्किंग, तोरण द्वार, सुरक्षा बलों के आवासन, पेयजल एवं शौचालय आदि की उपलब्धता से संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने आवश्यकता के अनुसार बोरिंग कराने का भी निर्देश दिया।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों से संवाद करते हुए आयुक्त ने कहा कि प्रकाश पर्व के आयोजन से संबंधित तैयारियों में यदि किसी प्रकार की आवश्यकता अथवा समस्या हो, तो इसकी जानकारी प्रशासनिक स्तर पर उपलब्ध कराएं। श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूरा कराया जाएगा।

सरकारी स्कूल परिसर में बनेंगे आंगनबाड़ी केंद्र वीबी-जीरामजी योजना की राशि से होगा निर्माण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य के सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों के परिसर में अब आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन बनाए जाएंगे। इसके लिए वीबी-जीरामजी योजना की राशि का उपयोग किया जाएगा। राज्य सरकार ने बच्चों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। जिन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी के लिए पर्याप्त और विवादरहित जमीन नहीं है, वहां सरकारी विद्यालय परिसर की खाली जमीन पर प्राथमिकता के आधार पर भवन का निर्माण कराया जाएगा।

इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एचआर श्रीनिवास एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सीके अनिल ने सभी जिला पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम समन्वयकों को संयुक्त रूप से निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार जिन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए समुदाय या अन्य स्थानों पर पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं है, वहां संबंधित पोषक क्षेत्र के सरकारी विद्यालय परिसर में उपलब्ध जमीन पर वीबी-जीरामजी योजना के तहत भवन बनाया जाएगा।

विशेष हालात में जब विद्यालय परिसर के भूतल पर भी जमीन उपलब्ध नहीं होगी, तब तकनीकी विशेषज्ञों और अभियंताओं से भवन की मजबूती एवं सुरक्षा की जांच कराने के बाद विद्यालय की पहली मंजिल पर अतिरिक्त कक्ष बनवाया जा सकेगा। ऐसी स्थिति में विद्यालय की उच्च कक्षाओं को पहली मंजिल पर बने नए कक्षों में स्थानांतरित किया जाएगा और भूतल के खाली कक्ष में आंगनबाड़ी केंद्र चलाया जाएगा। इससे छोटे बच्चों की सुरक्षा और केंद्र तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।

इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए डीईओ, डीपीओ (आईसीडीएस) और कार्यपालक अभियंताओं को आपसी समन्वय बनाने का निर्देश दिया गया है। पत्र में जिला स्तर पर शीघ्र एनओसी जारी करने तथा निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

यह पहल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों के साथ जोड़ना है, ताकि छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी से स्कूली शिक्षा में प्रवेश करने में आसानी हो।

भूमि की अनुपलब्धता वाले क्षेत्रों में स्कूल परिसर की जमीन को मिलेगी प्राथमिकता

विशेष हालात में पहली मंजिल पर भी बन सकेंगे अतिरिक्त कक्ष, भूतल में आंगनबाड़ी केंद्र

श्री दादी जी सेवा समिति की ओर से दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव आज

पटना (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में श्री दादी जी सेवा समिति, बैंक रोड, पटना की ओर से आगामी 10 नवंबर 2026 (मंगलवार) को दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम शक्तिधाम श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर भगवान श्री श्याम प्रभु की विशेष पूजा-अर्चना एवं भक्ति भाव से आराधना की जाएगी। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा तथा भक्तिमय वातावरण में दीपावली मिलन समारोह मनाया जाएगा।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण भगवान को समर्पित भव्य अन्नकूट भोग होगा। विभिन्न प्रकार के शाकाहारी व्यंजनों एवं पकवानों का भोग भगवान को अर्पित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संध्या 6 : 30 बजे भगवान को अन्नकूट भोग लगाया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा।

अन्नकूट महोत्सव भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व भगवान के प्रति तज्ञता, समर्पण, सेवा और सामूहिक भक्ति का संदेश देता है। इस अवसर पर भक्तजन भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे। मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि श्री दादी जी सेवा समिति की ओर से सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों से इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर भगवान श्री श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया गया है।

तेजस्वी यादव ने 37 वां जन्मदिन समारोह सामाजिक सद्भाव दिवस के रूप में मनाया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में 37 वां जन्मदिन सामाजिक सद्भाव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस अवसर पर तेजस्वी ने नेताओं और कार्यकर्ताओं के समक्ष 37 पाउंड का केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। लोगों के बीच केक और मिठाइयां बांटी गई।

नेताओं कार्यकर्ताओं ने केक काटने के समय कहा कि जियो हजारों साल की साल का दिन हो हजार। और हैप्पी बर्थडे तेजस्वी जी कहकर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन का जश्न मनाया।

इस पर इस अवसर पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष ड तनवीर हसन एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बारी बारी से की।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने तेजस्वी को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि जिस संकल्प के साथ तेजस्वी जी का जन्मदिन मनाने आप लोग आते हैं,उससे सामाजिक सद्भाव और बिहार की राजनीति को एक नई दिशा मिलेगी और ये उनके प्रति विश्वास और समर्थन का स्पष्ट संदेश है।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मेरे जन्मदिन पर आप सभी नेता और कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ लालू के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे ।



राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में 37 वां जन्मदिन सामाजिक सद्भाव दिवस के रूप में मनाया गया।

इन्होंने लोगों से सकारात्मक सोच के साथ संघर्ष और आंदोलन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में सहभागी बनने की अपील की। कहा कि गांव-गांव और घर-घर लालू जी का संदेश पहुंचाएं जिससे कि नफरतवादी राजनीतिश को परास्त किया जा सके।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, , डा श्रीमती कांति सिंह, विधान परिषद के पूर्व उप सभापति डा रामचंद्र पूर्वे, सांसद अभय कुमार कुशवाहा, राष्ट्रीय सचिव श्री कार्तिकेय कुमार सिंह, डा सुनील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह, आलोक कुमार मेहता, समीर कुमार महासेठ, विजय प्रकाश यादव, शक्ति सिंह यादव,विधान पार्षद कारी मो सौहेब, डा. उर्मिला ठाकुर, एजाज अहमद, विनोद कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रत्याशी कुमर राय, पूर्व विधायक श्रीमती रेखा पासवान,ड अनवर आलम, मुकेश रोशन, सुदय यादव, निरंजन कुमार राय, दीनानाथ सिंह यादव, चितरंजन गगन, एजया यादव, मधु मंजरी, ई अशोक यादव, सारिका पासवान, प्रमोद कुमार सिन्हा, बंटू सिंह, पुर्व प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, मुकुंद सिंह, हरेंद्र कुशवाहा, के डी यादव, प्रमोद कुमार राम, नंदू यादव, बल्ली यादव, भाई अरुण कुमार, निर्भय कुमार अंबेडकर, बच्चा सिंह, जेम्स कुमार यादव, अनिल कुमार साधु,राजेश पाल, संजय यादव, प्रो कुमार चंद्रदीप यादव, महताब आलम, तंजीम अहमद, अफरोज अहमद, गणेश कुमार यादव, ओम प्रकाश चौटाला, विक्रांत राय, शिवेंद्र तांती, बिदंन यादव, संजय यादव, विमल राय, सरदार रणजीत सिंह, चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित हजारों की संख्या में नेता और कार्यकर्ता और लोग जन्मदिन समारोह में शामिल हुए।

खबरें — खास-खास

शिक्षा मंत्री ने खजुराहो में बागेश्वर धाम सरकार से की भेंट, लिया आशीर्वाद



शिक्षा मंत्री ने खजुराहो में बागेश्वर धाम सरकार से की भेंट, लिया आशीर्वाद।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी ने सोमवार की शाम मध्य प्रदेश के खजुराहो में पूज्य आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज (बागेश्वर धाम सरकार) से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूज्य गुरुदेव का दर्शन कर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने गुरुदेव के श्रीचरणों में नमन करते हुए बिहार की सुख-समृद्धि और निरंतर उन्नति की कामना की। साथ ही, प्रदेश के सभी नागरिकों और देशवासियों के सुखी, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन के लिए भी आशीर्वाद मांगा।

बैकटपुर शिव मंदिर में धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। खुसरूपुर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध बैकटपुर शिव मंदिर में गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। भक्तों ने भगवान गोवर्धन की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।





कार्यक्रम में फतुहा एसडीपीओ-2 संजीव कुमार, इंस्पेक्टर संतोष कुमार, बैकुंठनाथ धाम ओपी प्रभारी संतोष कुमार तथा मंदिर के सचिव राजाराम सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने पूजा-अर्चना में भाग लिया और क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गोवर्धन पूजा की और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन एवं स्थानीय लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षा

12 नवंबर तक सभी तैयारियाँ पूर्ण करने का निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के अवसर पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को 12 नवंबर तक सभी आवश्यक तैयारियाँ हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रमंडलीय आयुक्त ने नगर निगम को विशेष रूप से घाटों की साफ-सफाई, छठ घाटों तक पहुँच पथ की मरम्मति एवं सुदृढ़ीकरण, आवश्यक सुविधाओं तथा घाटों पर सजावट आदि से संबंधित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त को इन कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण कराने को कहा।

उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए समुचित ट्रैफिक प्लान तैयार कर प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन की व्यवस्था नहाय-खाय के दिन से ही प्रभावी रूप से लागू रहे तथा खरना के दिन से विशेष ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वाहनों की पार्किंग के लिए भी उपयुक्त स्थलों का चयन करने को कहा गया। प्रमंडलीय आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को स्वयं घाटों का निरीक्षण कर अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को समय पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्थायी शौचालय, चापाकल, वाटर टैंकर एवं वाटर एटीएम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में डी डी सी शुभम कुमार सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर नागरिक अधिकार मंच ने शुरू किया सफाई अभियान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में बली मोड़ पर लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य छठ पूजा के अवसर पर स्वच्छता बनाए रखना तथा श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध कराना है।



इस अवसर पर निगम पार्षद शोभा देवी, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, मो. जावेद, देवरत्न प्रसाद, गुलाम सरवर आजाद, पूर्व पार्षद महमूद कुरैशी, शहीद अंसारी, शरीफ अहमद रंगरेज, अजीत सिंह कुशवाहा, मो. साबिर अली, पूनम देवी, राजमंती देवी, एजाजुद्दीन उर्फ सानू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि छठ पूजा आस्था, श्रद्धा, पवित्रता एवं सामाजिक समरसता का महान पर्व है। यह ऐसा पर्व है, जिसे सभी धर्मों के लोग आपसी प्रेम, भाईचारे एवं मिलजुलकर मनाते हैं। छठ पूजा हमें स्वच्छता, प्रति के प्रति सम्मान तथा समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देती है। नागरिक अधिकार मंच ने आम लोगों से अपील की कि छठ पूजा के अवसर पर अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा इस महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

25 जनजातीय आवासीय स्कूलों में छात्रों की दक्षता का होगा आकलन

पटना। राज्य में मौजूद सभी 25 जनजातीय आवासीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की दक्षता का आकलन किया जाएगा। ताकि उन्हें पढ़ाई में आ रही समस्या और उनकी शैक्षणिक स्तर की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके। सूबे की सम्राट सरकार ने इस वर्ग के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर खासतौर से ध्यान दे रखा है। इन बच्चों के स्कूलों में उनकी पढ़ाई ठीक से हो रही है या नहीं, इसका मूल्यांकन सरकार करवा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों की सीखने की क्षमता, उनकी शैक्षणिक कमजोरियों और जरूरतों की पहचान कर शिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है। इसे लेकर बिहार राज्य अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना तथा राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के संयुक्त तत्वावधान में 3 से 7 नवंबर 2026 तक महेंद्रू स्थित एससीईआरटी परिसर में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

संक्षिप्त खबरें

गाना-बजाना कर रहे थे, तभी स्कार्पियो ने रौंदा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। इधर, मृतक कमलेश यादव के बेटे रोहित यादव ने बताया कि रविवार की रात उसका चचेरे भाई टुन्ना यादव एवं गांव के अन्य लोग सूर्य मंदिर के पास गाना-बजाना कर रहे थे। तभी स्कार्पियो पर सवार रितेश यादव अपने साथी के साथ आया और गाली-गलौज करने लगा। जब उसके चचेरे भाई टुन्ना यादव ने गाली देने से मना किया तो, हाथापाई करने लगा। सूचना पाकर वे लोग भी वहां पहुंचे। तभी वह अपने स्कॉर्पियो में बैठा और तेज रफ्तार में सभी को रौंद दिया। जिससे सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी रास्ते में ही उसके पिता कमलेश यादव ने दम तोड़ दिया जबकि इलाज के दौरान उसके चाचा दिनेश यादव ने दम तोड़ दिया।

एसडीपीओ बोलेः पुलिस घटनास्थल पर कर रही कैम्प

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जगदीशपुर एसडीपीओ रवि कुमार ने बताया कि रविवार की रात करीब दस बजे के आसपास की और पुलिस को इस घटना की जानकारी देर रात करीब एक बजे के बाद दी गई। सूचना उपरांत पुलिस वहां पहुंची और अग्रतर कार्रवाई कर रही है। पुलिस वहां पर कैंप भी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कमलेश यादव एवं दिनेश यादव की मौत हो गई है। जबकि छह लोग जख्मी हो गए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि उनके पट्टीदार रितेश यादव एवं धर्मेंद्र यादव है, जो अपने स्कॉर्पियो से रामडीहरा गांव स्थित सूर्य मंदिर पहुंचे। जहां वे लोग अपने चार-पांच ट्रक की साफ-सफाई के बाद पूजा व नाच-गाना कर रहे थे। उसी धर्मेंद्र यादव और रितेश यादव से उनके बीच बकझक व हाथापाई हुई। जिसके बाद रितेश यादव और धर्मेंद्र यादव द्वारा स्कॉर्पियो बैक करने के दौरान आठ लोग जख्मी हो गए। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

पूर्व के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट व फायरिंग, घटनास्थल से खोखा बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़का गांव में रविवार की रात पूर्व के विवाद में दो पक्षो के बीच मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। हालांकि कोई हताहत नहीं हो पाई है। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पाकर गजराजगंज ओपी इंचार्ज सुदेश्वर कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा भी बरामद किया। जानकारी के अनुसार बड़का गांव निवासी मेडिकल दूकान संचालक धर्मेंद्र यादव एवं उसी गांव के प्रॉपर्टी डीलर दीपू यादव के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। इस विवाद ने रविवार की रात तूल पकड़ लिया। जिसको लेकर दोनों पक्षों आपस में भिड़ गए और मारपीट कर दी। तभी एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। इस संबंध में ओपी इंचार्ज सुदेश्वर कुमार ने बताया कि दीपू यादव जमीन का कारोबार करते हैं, जबकि उसी गांव के निवासी धर्मेंद्र यादव गांव में ही मेडिकल दूकान चलाते हैं। दीपू यादव द्वारा धर्मेंद्र यादव पर फायरिंग करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटनास्थल से खोखा बरामद हुआ है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

पूर्व के विवाद में दरोगा पुत्र को पीटा, अधमरा कर फेंका

जख्मी का सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के पाल मार्केट के चतुर्थ फ्लोर पर स्थित कमरे में रविवार की शाम पूर्व के विवाद को लेकर दारोगा पुत्र को मारपीट कर अधमरा कर दिया गया। सूचना पाकर परिजन एवं स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आई, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ला निवासी अनूप सिंह का 17 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार है। .

सदर अस्पताल में अज्ञात बुजुर्ग की मौत, जांच में जुटी पुलिस

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में शनिवार को एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को इमरजेंसी वार्ड के गेट के बाहर स्ट्रेचर पर रख फरार हो गए। तब अस्पताल प्रशासन के द्वारा परिजन काफी खोजबीन एवं इंतजार की गई। बावजूद इसके सफलता नहीं मिली । इसके पश्चात अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह दो व्यक्ति बुजुर्ग को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए थे। इलाज के दौरान शनिवार की शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात बुजुर्ग की मौत अत्यधिक वृद्ध होने एवं कमजोर होने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

दीपक के लौ की चपेट में आकर बालक झुलसा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना क्षेत्र के रघु टोला गांव में रविवार की रात दीपक के लौ की चपेट में आकर एक बालक बुरी तरह झुलस गया। सोमवार की सुबह उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार झुलसा बालक टाउन थाना क्षेत्र के रघु टोला गांव निवासी कमल केवट का 10 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार है।इधर, बालक के परिजन ने बताया कि दीपावली की लेकर उसने उपवास किया था। रविवार की रात गांव में स्थित मंदिर में कार्यक्रम के दौरान वह पूजा कर रहा था। उस दौरान उसका कपड़ा दीपक के लौ की चपेट में आ गया।

विषपान से किशोरी की मौत, घर में मचा कोहराम

इलाज के दौरान सदर अस्पताल में तोड़ा दम, नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में रविवार की सुबह घटी घटना

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में रविवार की सुबह विषपान से किशोरी की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृत किशोरी चरपोखरी थाना क्षेत्र के मानसागर गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह की 17 वर्षीया पुत्री तनु कुमारी है। वर्तमान में वह नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहती थी। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह जब घर के सदस्य दीपावली को लेकर साफ-सफाई कर रहे थे। उसी बीच उसने विषपान कर लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके पश्चात परिजन शव को वापस घर ले गए। इधर, इस संबंध में मृत किशोरी के बड़े भाई हर्ष कुमार द्वारा नवादा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है।

गुमशुदा बच्चे का पता बताने वाले को मिलेगा 20 हजार का इनाम

दरवाजे पर पानी लगने के विवाद में बुजुर्ग महिला को दिया धक्का, मौत मारपीट के दौरान मृतका का पुत्र जख्मी

आरा/एनएसबी। बहोरनपुर थाना क्षेत्र के टिकापुर गांव में रविवार की रात दरवाजे पर पानी गिराने के विवाद बुजुर्ग महिला को धक्का दे दिया गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मारपीट के दौरान मृतका का पुत्र जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। परिजन द्वारा पट्टीदार पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतका बहोरनपुर थाना क्षेत्र के टिकापुर गांव निवासी स्व. सुदर्शन पासवान की 62 वर्षीया पत्नी कुंती देवी हैं। जबकि जख्मी 30 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र पासवान है। इधर, दूरभाष पर पर मृतका के बड़े बेटे गंगा सागर पासवान ने बताया कि घटनाज्ञके समय छोटा भाई सत्येंद्र पासवान एवं उनकी मां कुंती देवी थी। जबकि अन्य बाहर थे। उनके पट्टीदार टिशु पासवान के दरवाजे पर पानी लगा हुआ था। इसको लेकर टिशु पासवान शराब के नशे में उनके दरवाजे पर आया और गाली-गलौज करने लगा। तभी उनके छोटे भाई सत्येंद्र पासवान ने गाली देने से मना किया तो, उनके बीच नोकझोंक हुई। इसके बाद टिशु पासवान अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर उनके छोटे भाई को मारने-पीटने लगे। जब बीच बचाव करने उनकी मां कुंती देवी वहां आई तो, उनके द्वारा उन्हें जोर से धक्का दे दिया गया। जिससे वह जमीन पर गिर गई। उसी दौरान उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

स्कार्पियो सवार बदमाशों ने सगे भाई समेत नौ को रौंदा, सगे भाई की मौत

छोटे भाई ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने एवं बड़े भाई ने इलाज के दौरान तोड़ा दम



आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप रविवार की देर रात गाना बजाने के विवाद को लेकर स्कार्पियो सवार बदमाशों ने सगे भाई समेत नौ लोगों को रौंद दिया। हादसे में सगे भाइयों की मौत हो गई। छोटे भाई ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते मे, जबकि बड़े भाई ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वही सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वही घटना के बाद बदमाश स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर बिहिया थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी घटनास्थल पर पहुंचे और काफी समझाने-बुझाने के बाद भी आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम नहीं हटाया। इसके बाद जगदीशपुर एसडीपीओ रवि कुमार, शाहपुर वीडियो एवं राजद के पूर्व विधायक राहुल तिवारी उर्फ मंटू मौके पर पहुंचे। जगदीशपुर एसडीपीओ रवि कुमार एवं शाहपुर वीडियो के काफी समझाने बुझाने एवं आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने का मिलने पर जाम को हटाया गया। जानकारी के अनुसार मृतकों मे बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव निवासी रामनरेश यादव के 55 वर्षीय पुत्र दिनेश यादव एवं 50 वर्षीय पुत्र कमलेश यादव शामिल हैं। वही जख्मियों में उसी गांव के निवासी राजेश कुमार, उनका पुत्र रितु कुमार, कृष्णा कुमार एवं रमेश यादव सहित तीन अन्य शामिल हैं।

आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया रोड जाम

डंका बजाने को लेकर दो दोस्तो को मारा चाकू , जख्मी

जख्मियों का सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

आरा (दैनिक नवसंदेश)। गजराजगंज ओपी क्षेत्र के करीसाथ गांव में रविवार की रात डंका बजाने को लेकर दो दोस्तो को चाकू मार दी गई। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।। घटना को लेकर गांव में सनसनी मच गई है। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में गजराजगंज ओपी क्षेत्र के करीसाथ गांव निवासी लक्ष्मण राय का 30 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार एवं उसी गांव निवासी संतोष कुमार राय का 15 वर्षीय पुत्र शुभम यादव शामिल है। इनमें शुभम कुमार को सिर पर चाकू लगा है, जबकि सुनील कुमार को ललाट एवं गर्दन पर चाकू मारा गया है। इधर, शुभम यादव ने बताया कि वे लोग गांव में सामूहिक रूप से डंका बजाते है। रविवार की रात वह एवं उसका साथी सुनील कुमार के साथ जब अपने पड़ोसी सुबोध यादव के घर के दरवाजे पर डंका बजा रहा था। तभी सुबोध यादव निकाला और गाली-गलौज करने लगा। इसे लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद सुबोध यादव अपने साथी के साथ मिलकर दोनों को चाकू मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी ने गांव के ही सुबोध यादव एवं पपई यादव पर चाकू मारने का आरोप लगाया है। इस संबंध मे ओपी इंचार्ज सुंदेश्वर कुमार ने बताया कि डंका बजाने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें दोनों को चाकू मारी गई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। हालांकि अभी जख्मियों के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

पीरो में गोवर्धन पूजा पर पारम्परिक खेलों का आयोजन

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल क्षेत्र में गोवर्धन पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह बने गोवर्धन पर्वत के समक्ष विधिवत पूजा अनुष्ठान में लोगों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया। मौके पर कई जगह पारम्परिक खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जहां लोगों ने गदहा, बंगा- बंगाली, सैफ, मुगदर, कुश्ती, लाठी भांजने जैसे पारम्परिक खेलों में अपने कला का प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पीरो प्रखंड के अगिआंव बाजार में आयोजित पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिता में स्थानीय युवाओं ने लाठ, मुगदर सहित अन्य हथियारोंजके साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। पचरुखिया गांव में आयोजित प्रतियोगिता में कचनथ, सुखरौली, मोतीडीह, इनरपतपुर सहित आसपास के गांवों के युवक व दूसरे खिलाड़ी शिरकत करने पहुंचे थे। वहीं हाटपोखर गांव में गोवर्धन पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में हरिटोला, लोकन टोला, हंकार टोला, रकटू टोला, छेदी टोला, नगहरा टोला, रोझाई टोला, सुन्दर टोला, तुलसी टोला, बसावन राय के टोला आदि गांवों के खिलाडियों व पारम्परिक खेलों के शौकीन लोगों ने हिस्सा लिया। प्रखंड के लहराबाद, बरांव सहित कई अन्य गांवों में इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित की गई।



कोईलवर-छपरा फोरलेन पर डिवाइडर निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर-छपरा फोरलेन पर यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से सड़क के बीच डिवाइडर निर्माण का कार्य तेज कर दिया गया है। आरा-छपरा मोड़ से इसकी शुरूआत की गई है। सोमवार की शाम करीब चार बजे झलकू नगर के समीप निर्माण कार्य जोर-शोर से जारी रहा। इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन होता है। तेज रफ्तार और विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में सड़क के बीच डिवाइडर का निर्माण सड़क सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि डिवाइडर बन जाने से दोनों दिशाओं के वाहनों का परिचालन अलग-अलग हो सकेगा। इससे वाहन चालकों को निर्धारित लेन में चलने में सुविधा मिलेगी और आमने-सामने की टक्कर जैसी घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लग सकता है।



पीरो में उल्लास और उमंग के साथ मनी दीपावली, रोशनी से जगमगाया शहर

पीरो/एनएसबी। अनुमंडल मुख्यालय पीरो सहित पूरे क्षेत्र में दीपावली का त्योहार पारंपरिक उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। दीपों के इस पर्व पर गांव से लेकर शहर तक उत्सव का माहौल रहा। घरों, मंदिरों, बाजारों और गली-मुहल्लों को फूल-मालाओं तथा रंग-बिरंगी बिजली की लड़ियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शाम ढलते ही पूरा इलाका दीपों और विद्युत झालरों की रोशनी से जगमगा उठा। दीपावली के अवसर पर लोगों ने अपने घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में ऐश्वर्य की देवी माता लक्ष्मी तथा विघ्न विनाशक भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। घरों की छतों, आंगनों और दरवाजों पर जलते दीपों और मोमबत्तियों ने मनमोहक छटा बिखेरी। वहीं, पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत घरौंदे बनाकर उनके सामने कुल्हिया भरने की रस्म भी निभाई गई। दीपावली की खुशियों के बीच कुछ लोगों ने जुए में भी किस्मत आजमाई।



भगवान महावीर स्वामी 2552 वां निर्वाण कल्याणक महोत्सव भक्तिपूर्वक मना

आरा/एनएसबी। भगवान महावीर मार्ग (शिवगंज) स्थित भगवान महावीर स्वामी जल मंदिर में बड़े ही भक्तिपूर्वक निर्वाण कल्याणक महोत्सव मना। आचार्य श्री 108 सुलभसागर जी महाराज ससंघ के परम सानिध्य में एवं आकाश जैन मन्नू के भक्ति भाव से भगवान महावीर स्वामी जी का जलाभिषेक, भव्य पंचामृत अभिषेक, पुष्पवृष्टि, मंगल आरती, 108 कलशों से अभिषेक, वृहद् शांतिधारा, महावीर पूजन, निर्वाण कांड का पाठ के उपरांत भावपूर्वक भक्तों के द्वारा निर्वाण लडडू समर्पित किया गया। प्रथम निर्वाण लडडू समर्पण करने का सौभाग्य ब्र सुलोचना दीदी को प्राप्त हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम के समापन पर



अल्पाहार पुण्यार्जक सुचिता-श्रेयांश जैन एवं प्रसाद वितरण पुण्यार्जक डॉ स्मिता जैन सपरिवार थे। जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किये।संध्याकालीन कार्यक्रम में 108 सुसज्जित दीपको से महाआरती, रंगोली, दीपोत्सव, भजन, भक्ति आराधना का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। महोत्सव को सफल बनाने में श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, सचिव डॉ आदित्य विजय जैन, सह सचिव विभु जैन, जल मंदिर संयोजक निलेश कुमार जैन, सह संयोजक अजय कुमार जैन, सदस्य रजत कुमार जैन, अनीश कुमार जैन, नेहा जैन, पूजा जैन, आशीष जैन, वैभव जैन, मोनू जैन, संजय जैन, रौशन जैन, वार्ड पार्षद रेखा जैन सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण का विशेष सहयोग रहा।

पांच घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। विद्युत शक्ति उपकेंद्र कोईलवर से संचालित 11 केवी धनडीहां फीडर में स्विच एवं फीडर के मेंटेनेंस कार्य को लेकर मंगलवार, 10 नवंबर को पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक धनडीहां फीडर से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

स्लम एरिया के बच्चों के बीच पुलिस ने बांटी मिठाई, मोमबत्ती और फुलझड़ियां

स्लम और मुसहर टोलों में चलाया गया विशेष जन-जागरूकता अभियान

आरा/एनएसबी। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले स्लम और मुसहर टोलों में विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों को शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त रखने की अपील की गई। दीपावली के अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा वहाँ के बच्चों के बीच मिठाइयाँ, मोमबत्तियाँ और छोटी फुलझड़ियाँ वितरित की गईं। इस पहल से बच्चों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी और उत्साह देखने को मिला। एसपी के अनुसार पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ जुड़कर खुशियाँ बाँटना, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और एक सुरक्षित, स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना भी है।

दीपावली को लेकर चैकस रही भोजपुर पुलिस

आरा/एनएसबी। दीपावली को लेकर शहर सहित पूरे जिले में पुलिस चैकस रही। इस दौरान पुलिस के पदाधिकारी एवं जवान अपने घर-परिवार और अपनों से कोसों दूर, सिर्फ आपकी सुरक्षा के लिए सड़कों पर पूरी तरह मुस्तैद दिखे। इस संबंध में एसपी ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि त्योहार का उल्लास हो या अंधेरी रात, बिना किसी छुट्टी और बिना किसी थकान के हमारे कर्मी चैबीसों घंटे चैकस और तत्पर हैं, ताकि आप और आपका परिवार पूरी तरह सुरक्षित माहौल में दीपावली का आनंद ले सकें।

तेजस्वी यादव के जन्मदिन की रामतपस्या राय ने दी बधाई

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। राजद नेता तेजस्वी यादव के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को राजद के प्रदेश महासचिव रामतपस्या राय समर्थकों एवं आम लोगों के साथ पटना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। रामतपस्या राय ने कहा कि तेजस्वी यादव युवाओं की उम्मीद और बिहार के भविष्य की मजबूत आवाज हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। इस मौके पर उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। सुदृढ़ बैरिकेडिंग एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में छठ महापर्व एवं जिला स्थापना दिवस के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।छठ पूजा की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के संबंधित पदाधिकारियों को छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, पहुंच पथों की मरम्मत एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मजबूत बैरिकेडिंग कराने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने गहरे पानी वाले एवं खतरनाक घाटों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित करने तथा वहां लाल झंडे एवं बांस-बल्ले से दोहरी बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही, खतरनाक घाटों की सूची का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित घाटों पर ही अर्घ्य अर्पित करें। विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता को सभी घाटों के आसपास निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा लटकते, ढीले एवं जर्जर तारों को तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका न रहे। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पदाधिकारी ने आरा रेलवे स्टेशन किया निरीक्षण

साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने का दिया निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। आगामी छठ महापर्व के अवसर पर जिले में आने वाले श्रद्धालुओं, आगंतुकों एवं यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 09 नवंबर 2026 को जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा आरा रेलवे स्टेशन एवं प्राइवेट बस स्टैंड, आरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी महोदय ने आरा रेलवे स्टेशन पर छठ महापर्व के अवसर पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों के स्वागत तथा उनकी सुविधा के मद्देनजर साफ-सफाई, स्वच्छता, यातायात-व्यवस्था, यात्री सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने तथा भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा प्राइवेट बस स्टैंड, आरा का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान बस स्टैंड परिसर की साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता एवं यात्रियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्रियों एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अविलंब सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रभावी प्रबंध करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, भोजपुर, नगर आयुक्त, आरा नगर निगम, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, आरा सदर, स्टेशन मैनेजर (रेलवे) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

भोजपुर पुलिस ने अपनी तरफ से देगी ईनाम की राशि

आरा/एनएसबी। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव से छह दिन पूर्व लापता पांच वर्षीय बालक के संबंध में सही सूचना देने वाले या उसका पता बताने वाले को इनाम दिया जाएगा। भोजपुर पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को 20 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा प्रेस नोट जारी कर दी गई। 3 नवंबर को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी करीमन साह का 5 वर्षीय पुत्र मणि कुमार घर से खेलने के लिए निकला था। देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजन द्वारा काफी खोजने खोजबीन की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि बच्चों के संबंध में सही सूचना देने वाले या उसका पता बताने वाले व्यक्ति को 20 हजार का इनाम दिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति पुलिस अधीक्षक के मोबाइल नंबर-9031826621 मुफस्सिल थाना के नंबर-90318 26646 पर एवं उसके परिजन के मोबाइल नंबर पर सूचना दे सकते हैं।

दीपावली की रात सनकी भतीजा ने किया चचेरा चाचा की गोली मारकर हत्या

■ बुलेटप्रूफ जैकेट और पिस्टल के साथ ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

हत्या के बाद भागते समय रास्ते में मोटरसाइकिलो में मारी ठोकर



काशीकांत ठाकुर मृतक।



कुमोद ठाकुर आरोपी।



घटनास्थल पर मौजूद लोग।

बिरौल (एनएसबी)। दरभंगा जिला के बिरौल थाना क्षेत्र के पड़री गांव में दीपावली की देर शाम रविवार को करीब 7 बजे पुरानी रंजिश मे सनकी चचेरे भतीजा 45 वर्षीय कुमोद ठाकुर ने घर में घुसकर अपने चाचा 55 वर्षीय काशीकांत ठाकुर की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद बाइक से भागते समय घटनास्थल से लगभग 3 किलोमीटर दूर बहेड़ा थाना के मलौल गांव में दो बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे हत्या का आरोपित कुमोद ठाकुर सहित तीन अन्य लोग भी जख्मी हो गया। जिसमें एक जख्मी का इलाज निजी अस्पताल दरभंगा में चल रहा है। उसके बाद स्थानीय लोगों ने कुमोद ठाकुर को पकड़कर जमकर पीटा और एक स्थान पर बांध दिया।

सूचना पर बहेड़ा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर आरोपी को ग्रामीणों से छुड़ाकर कब्जे में लिया. तलाशी में एक स्वचालित पिस्टल, 40 जिंदा कारतूस, बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट और ग्लव्स बरामद हुए हैं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। बिरौल पुलिस मौके पर पहुंची तो घटनास्थल पर 6 जगह गोली के निशान मिले। मृतक के घर का चाहरदीवारी ऊंची है, लेकिन गेट खुला होने से आरोपी आंगन में घुस गया। उस वक्त काशीकांत ठाकुर घर के बरामदे में चौकी पर बैठे थे। जहा आरोपी ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दिया,जिसमे सीने तथा कनपटी अन्य शरीर के भाग में गोली,जहा गोली लगते ही मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जिस समय आरोपी ने घटना को अंजाम दिया उस समय मृतक के पत्नी मीरा देवी घर मे दीपावली पूजा की तैयारी में अंदर घर मे जुटी हुई थी। संयोग रहा कि उस समय बाहर नही थी. नही तो घटना उसके साथ भी हो सकता था। स्थानीय लोगों ने कहा कि कुमोद ठाकुर के टारगेट पर गांव के अन्य लोग भी थे। उसने एक दो घरों में धक्का भी लगाया लेकिन घर नहीं खुलने की वजह से घटना को अंजाम नहीं दे पाया। परिजनों का कहना है कि मृतक को पूर्व में एक साल से धमकी मिल रही थी। थाने में शिकायत भी की थी। दोनों में लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोपी एक साल से जान से मारने की धमकी दे रहा था। चार महीने पहले खेत में मृतक काशी कांत ठाकुर को पिस्टल दिखाकर धमकाया था। जिसके बाद काशीकांत ने बिरौल थाने में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी की दहशत से कोई गवाही को तैयार नहीं था, इसलिए प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी। करीब 5 साल पहले कुमुद ने एक विधवा महिला से मारपीट की थी, जिसका काशीकांत और उनके परिवार ने विरोध किया था, तभी से रंजिश शुरू हुई। वारदात वाली रात आरोपी अपने 5-6 रिश्तेदारों के घर गया, दरवाजे खटखटाए, पर किसी ने नहीं खोला। बाद में खुला गेट देखकर काशीकांत के घर में घुसकर वारदात कर दी। आरोपी कुमोद पहले फोटोस्टेट-साइबर कैफे चलाता था। दो साल से खेती कर रहा था. वह साइको टाइप का है। बच्चों से भी मारपीट करता था। एक साल पहले उसकी 16 साल की बेटी ने तालाब में कूदकर जान दे दी थी। मृतक काशीकांत एक किसान थे और खेतीवारी करते थे, उनके दो बेटे हैं. एक बड़े पुत्र बलराम ठाकुर रेलवे में छतीसगढ़ के रायगढ़ में कार्यरत है तथा दूसरे छोटे पुत्र अभिराम ठाकुर जो कोलकता में सीए है. पड़री सांसद गोपालजी ठाकुर का पैतृक गांव है और लोगो ने बताया कि मृतक सांसद के करीबी थे। हत्या उनके पैतृक घर से 100 मीटर दूर हुई है। सरपंच अच्युतानंद ठाकुर ने कहा - गांव में पहली बार ऐसी घटना हुई है, आरोपी को कड़ी सजा मिले. बड़े भाई प्रयाग ठाकुर और पोते आशुतोष ठाकुर ने बताया कि आरोपी पूरे परिवार को टारगेट कर रहा था। बहेड़ा थाना आर्म्स एक्ट में और बिरौल थाना हत्या के मामले में जांच कर रही है. शव को डीएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। चचेरे भतीजा कुमोद ठाकुर द्वारा चचेरा चाचा काशी कांत ठाकुर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी ने पत्रकारों को बताया कि काशिकान्त ठाकुर की गोली मारकर हत्या उनके पड़ोसी कुमोद ठाकुर ने की है। पुलिस की गिरफ्त में मुख्य आरोपी के पास से एक देशी पिस्तौल, दो मैगजीन और 40 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि घटनास्थल से दो खोखा बरामद हुए हैं. मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है. आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी. एसडीपीओ ने कहा कि आपसी विवाद के कारण हत्या की घटना हुई है.पूर्व में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था.एसडीपीओ ने बताया कि मृतक के परिजनों ने चार महीने पहले बिरौल थाना में आवेदन दिए जाने की जानकारी मिली है. इस बिंदु पर जांच की जा रही है कि वास्तव में आवेदन दिया गया था या नहीं। यदि आवेदन दिया गया था तो उस पर क्या कार्रवाई हुई और कार्रवाई नहीं होने के पीछे क्या कारण था। इसकी भी पड़ताल की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में किसी पुलिस अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी.एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस की कोशिश होगी कि आरोपी को अधिकतम सजा दिलाई जा सके।

संक्षिप्त खबरें

घाटों पर स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : ईश्वर मंडल



छठ घाट का जायजा लेते विधायक ईश्वर मंडल।

मनीगाछी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सदर प्रखंड अंतर्गत छठ घाटों का स्थानीय विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान विधायक ईश्वर मंडल ने बलहा, गौसाघाट, तेलहन, ब्रह्मस्थान महादेव पोखर, भूसकोल रामबरई, खरुआ, मुरिया तरसराया, छोटाईपट्टी, रामजानकी मंदिर घाट दुलारपुर, बलौर सहित करीब दो दर्जन छठ घाटों का जायजा लिया। उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, जल की स्थिति, पहुंच पथ, रोशनी, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। विधायक श्री मंडल ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का महान पर्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी, तालाब एवं विभिन्न जलाशयों के घाटों पर अर्घ्य अर्पित करते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों की नियमित सफाई, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित आवागमन, खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग तथा आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा एवं आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं से भी छठ घाटों की व्यवस्था में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान सदर बीडीओ रवि रंजन, घनश्याम राय, विद्यासागर यादव, बैजनाथ मंडल,चंदन जयवाल,लालबचन मंडल, अरुण मंडल, मो जमशेद, नारायण मंडल, श्रवण मंडल, उदय शंकर मंडल, राजेश मंडल आदि प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एस वी हॉस्पिटल मे स्थापना दिवस पर निःशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी जाँच शिविर आयोजित



जांच शिविर में डॉ. गौड़ी शंकर झा अन्य।

दरभंगा सन्मार्ग ब्यूरो। एस वी हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल लहेरियासराय ने 9 नवम्बर 2026 को अपना 14वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया।इस अवसर पर अस्पताल परिसर में निःशुल्क बोन मिनरल्स डेंसिटी जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 मरीजों की हड्डियों की मजबूती एवं बोन मिनरल डेंसिटी की जाँच निःशुल्क की गई। शिविर में डॉ गौरी शंकर झा ने मरीजों को हड्डियों को स्वस्थ एवं मजबूत रखने के लिए कैल्शियम एवं विटामिन डी युक्त आहार लेने की सलाह दी गई। उन्हें दूध, दही, पनीर, रागी, तिल, सोयाबीन, हरी पत्तेदार सब्जियाँ एवं बादाम जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने, नियमित व्यायाम करने तथा पर्याप्त धूप लेने के लिए प्रेरित किया गया। शाम 4 बजे अस्पताल परिसर में केक काटकर स्थापना दिवस की खुशियाँ मनाई गईं। इस अवसर पर अस्पताल से जुड़े सभी चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को उनके योगदान एवं सहयोग के लिए उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अस्पताल की निदेशक डॉ. श्वेता झा, आदर्श कुमार झा, डॉ. जानकी ठाकुर, डॉ. अर्चना गौतम, डॉ. अभिलोक झा, डॉ. कुमार आकाश, डॉ. दीपक ए. के. झा, डॉ. मनीष कर्ण, दीपेश , प्रमोद, जितेंद्र, सेतु, संजय दास, श्रवण , संजय पंडित, सरफराज, गजाली, सुमन , शोभा, रागिनी, रौशन, मनोहर, वसी, अविनाश, गोविंदा एवं सबा सहित अस्पताल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

भोलू यादव ने जरूरतमंद व श्रमजीवी लोगों के बीच किया वस्त्रों का वितरण



केक काटते भोलू यादव व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। राष्ट्रीय जनता दल की सामाजिक न्याय एवं समतामूलक समाज की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ दरभंगा जिला राष्ट्रीय जनता दल की ओर से प्रत्येक वर्ष की परंपरा के अनुरूप भोलू यादव के आवासीय कार्यालय पर एक सामाजिक एवं मानवीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजसेवी प्रेमचंद यादव उर्फ भोलू यादव ने गरीब, वंचित, जरूरतमंद एवं श्रमजीवी लोगों के बीच वस्त्रों का वितरण किया। विशेष रूप से उन सफाईकर्मियों को भी वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जो अपने अथक परिश्रम और सेवा-भाव से हमारे आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सम्मान वस्तुतः श्रम, स्वाभिमान और सामाजिक सहभागिता का सम्मान है। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की मंगलकामना करते हुए केक काटा गया। वक्ताओं ने कामना किया कि आने वाले समय में तेजस्वी प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश को नई दिशा, नई ऊर्जा और विकास का सशक्त नेतृत्व प्रदान करें। वहीँ भोलू यादव ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और वंचित समाज की भागीदारी का जो ऐतिहासिक सपना देखा था, उसे साकार करने की दिशा में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय जनता दल का संकल्प केवल राजनीतिक परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना और उसे सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना भी है। मौके पर गुलाम हुसैन चीना, सुबनस यादव, वसी अहमद, पन्ना यादव, स्वाति देव, सपना यादव, रामदेव पासवान, मनीष यादव, पीयूष यादव एवं डॉ. संतोष गोस्वामी सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने इस आयोजन की सराहना की।

दरभंगा की खबरें पेज-10 पर भी

हत्यारे भतीजा के पास से देशी पिस्टल 40 कारतूस सहित कई सामान बरामद



गिरफ्तार अपराधी बरामद बुलेट प्रूफ जैकेट के साथ बेनीपुर एसडीपीओ बासुकीनाथ झा।

बेनीपुर (एनएसबी)। बीते रविवार को एक अपराधी के द्वारा बिरौल थाना अंतर्गत ग्राम पड़री में एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद अपराधी अपने मोटरसाईकिल से बहेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम मलौल की तरफ भागने के क्रम में ग्राम मलौल के एक व्यक्ति को दुर्घटना कारित कर जख्मी कर दिया एवं भाग रहे मोटरसाईकिल सवार भी जख्मी हो गया।जख्मी हालत में भाग रहे मोटरसाईकिल सवार अपराधी को ग्राम मलौल के स्थानीय लोगों के द्वारा पकड़ लिया गया। पकड़े गये जख्मी अपराधी को ग्राम मलौल में हीरा यादव के दरवाजा पर पकड़ कर रखे जाने की सूचना प्राप्त हुई।

उक्त घटना की सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा को दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुँचकर घटना का सत्यापन करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम मलौल स्थित हिरा यादव के दरवाजा पर पहुँचकर, ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गये जख्मी अपराधी को अपने कब्जे में लिया। इस बीच बिरौल थाना की पुलिस भी ग्राम पड़री में हुआ घटना में शामिल अपराधी का पीछा करते हुए ग्राम मलौल स्थित हीरा यादव के दरवाजा पर पहुँचे।पकड़े गये अपराधी से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम कुमोद ठाकुर उम्र 45 वर्ष पिता स्व महेश ठाकुर ग्राम पड़री थाना बिरौल जिला दरभंगा बताया। पकड़े गये जख्मी अपराधी के बदन की तलाशी लिया तो अवैध अग्नेयास्त्र एवं भारी मात्रा में कारतूस व अन्य सामान बरामद हुआ। पकड़े गये जख्मी अपराधी से ग्राम पड़री में गोली मारकर हत्या के बारे में पूछा गया तो पकड़े गये अपराधी कुमोद ठाकुर ने ग्राम पड़री में हुए काशीकांत ठाकुर की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।इस कार्रवाई में एसडीपीओ बासुकीनाथ झा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष पंकज कुमार, एस आई सुरेन्द्र कुमार,सहित पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई।थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वासुकीनाथ झा ने यह पूरी जानकारी दी।

तीन दिवसीय मिथिला विभूति पर्व समारोह का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री

■ विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. नागेन्द्र झा स्टेडियम में आयोजन पर होगा विचार

आमंत्रण देने गये प्रतिनिधिमंडल को सीएम ने दी सहमति



मुख्यमंत्री से मिलते डॉक्टर बैजू साथ में संजय सरावगी।

दरभंगा (एनएसबी)। विद्यापति सेवा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 22, 23 एवं 24 तारीख को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 54वें मिथिला विभूति पर्व समारोह का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। सीएम को आमंत्रण देने सोमवार को गए संस्थान के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री ने इस बाबत अपनी सहमति दी। दरभंगा नगर विधायक सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी की अगुवाई में सीम को आमंत्रित करने गए प्रतिनिधि मंडल में संस्थान के महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू, सचिव प्रो जीवकांत मिश्र एवं मीडिया संयोजक डॉ प्रवीण कुमार झा शामिल थे।

जानकारी देते हुए संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने बताया कि मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने इस सांस्कृतिक महाकुंभ का शुभारंभ अपने कर-कमलों से करने की स्वीकृति देते हुए इस ऐतिहासिक आयोजन में स्वयं की भागीदारी को गौरवपूर्ण बताया। प्रतिनिधि मंडल से मैथिली में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मिथिला संस्कारों, लोक व्यवहारों एवं विचारों की भूमि सदियों से रहती आई है। यह ना सिर्फ अवतारों की भूमि रही है, बल्कि हमेशा से दर्शन व सृजन की भूमि के रूप में भी इसकी विश्व स्तर पर ख्याति रही है। हमें इस बात का गुमान है कि यह पावन मिथिला हमारी मातृभूमि है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में सीएम की उपस्थिति के मद्देनजर सोमवार को तत्काल दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एमएलएसएम कॉलेज परिसर को सीएम के कार्यक्रम के हिसाब से अनुपयुक्त बताया है। देर शाम संस्थान के प्रतिनिधिमंडल से लंबी वार्ता के बाद सुरक्षा एवं अन्य प्रशासनिक असुविधा को देखते हुए इस बार तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ नागेन्द्र झा स्टेडियम में किए जाने पर गहन विमर्श किया जा रहा है।



रंगोली बनाती बच्ची।

जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया दीपों का महापर्व दीपावली



पटाखा छोड़ते बच्चे।



जगमगाता शहर।

दरभंगा (एनएसबी)। जिले में दीपावली का पर उल्लासपूर्वक मनाया गया। पर्व के दौरान लोगों ने जमकर पटाखे छोड़े। शहर से लेकर गांव गांव तक लोगों में दीपावली को लेकर उत्साह रहा। बच्चों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक रंगोली बनाया। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर दीपावली का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पूरा शहर रोशनी से जगमगा रहा था। मोबाइल पर लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे थे। बच्चे जहां पटाखे छोड़ रहे थे वहीं घर के अन्य सदस्य पूजा पाठ कर रहे थे।

रोटरी क्लब ऑफ मिथिला ने बाल गृह के बच्चों के साथ मनाई दीपावली



बाल गृह के बच्चों के साथ रोटरी क्लब ऑफ मिथिला के पदाधिकारी व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। दीपावली के पावन अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ मिथिला द्वारा बाल गृह में बच्चों के साथ एक यादगार दीपावली मिलन समारोह ह्यदीपांजलिह्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खुशियों, उत्साह, स्नेह और अपनत्व का अनूठा माहौल देखने को मिला। क्लब के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताकर दीपावली की खुशियाँ साझा कीं। बच्चों के साथ पटाखा फोरे सभी बच्चों को मिठाइयाँ खिलाई एवं सभी बच्चों को आने वाले ठंढ के मौसम को देखते हुए जैकेट पहना कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन रिंकू कुमार झा, रोटेरियन डॉ. आर. बी. खेतान, क्लब की वरिष्ठ सदस्य रोटेरियन डॉ. नूतन राय, सचिव रोटेरियन अमन पाठक, पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन राघवेंद्र कुमार, रोटेरियन सोनिका झा, रोटेरियन राहुल बोहरा, रोटेरियन प्रकाश सिंह एवं रोटेरियन अमन पाठक सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्लब के पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन राघवेंद्र कुमार ने किया।इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन रिंकू कुमार झा ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह दूसरों के जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाने का संदेश भी देता है। बाल गृह के बच्चों के साथ दीपावली मनाना हम सभी के लिए एक विशेष और भावनात्मक अनुभव है। समाज के प्रत्येक बच्चे को प्यार, सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का अवसर मिलना चाहिए। रोटरी क्लब ऑफ मिथिला का प्रयास रहेगा कि ऐसे बच्चों के जीवन में खुशियाँ लाने के साथ-साथ उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहयोग भी किया जाए। क्लब के सचिव रोटेरियन अमन पाठक ने कहा कि त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी सार्थक होती है, जब हम अपनी खुशियों में उन लोगों को भी शामिल करें जिन्हें विशेष स्नेह और सहयोग की आवश्यकता है। क्लब की सदस्य रोटेरियन सोनिका झा ने बाल गृह में रहने वाले बच्चों की पृष्ठभूमि और उनके यहाँ आने की परिस्थितियों के बारे में विस्तार से जानने की इच्छा व्यक्त की। इस पर बाल गृह के अधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि किन-किन परिस्थितियों में बच्चों को बाल गृह में लाया जाता है।

दरभंगा रेलवे मेल सर्विस केंद्र का नहीं होगा स्थानांतरण: डॉ. गोपाल जी ठाकुर

■ सांसद ने डाक विभाग के उच्चाधिकारियों से की बात



सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न आयामों का केंद्र बिंदु है। यहां से विभिन्न प्रकार की व्यवसायों तथा व्यापारों का संचालन किया जाता है। दो विश्वविद्यालय,एयरपोर्ट, तारामंडल,आईटीपार्क, डीएमसीएच , सुपरस्पेशलिटी अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण संस्थान तथा विभागों का संचालन किया जा रहा है जबकि एम्स, इसरो का केंद्र, मौसम विज्ञान केंद्र जैसे दर्जनों केंद्र तथा राज्य प्रायोजित योजनाओं तथा संस्थान निमार्णाधीन है।इस परिस्थिति में दरभंगा रेल मेल सर्विस केंद्र की यहां काफी उपयोगिता है इसलिए इस केंद्र का यहां से स्थानांतरण या किसी अन्य केंद्र में विलय का कोई औचित्य नहीं है। इस विषय पर डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की गई है तथा यथास्थिति बनाए रखने का अनुरोध किया गया है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने रविवार को लहेरियासराय बलभद्रपुर स्थित संसदीय कार्यालय में आरएमएस के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में उपरोक्त बातें कही है। सांसद डॉ ठाकुर ने भारत सरकार के डाक विभाग के बिहार परिमंडल द्वारा 4 नवंबर 2026 को जारी आदेश के माध्यम से दरभंगा आरएमएस एवं आईसीएच का मुजफ्फरपुर आरएमएस एवं आईसीएच में विलय किए जाने की जानकारी मिलते ही डाक विभाग के शीर्ष अधिकारयों से बात कर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया तथा कहा कि जरूरत पड़ने पर शीघ्र ही डाक तथा संचार विभाग के केंद्रीय मंत्री से बात कर यथास्थिति बनाए रखने के निर्णय को अमल में लाया जाएगा। सांसद डॉ ठाकुर ने विभागीय कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल की बातों गंभीरता से लेते हुए कहा कि दरभंगा एक महत्वपूर्ण प्रमंडलीय मुख्यालय है। यहां की डाक सेवा व्यवस्था का अपना विशेष महत्व है। ऐसे में इस केंद्र का मुजफ्फरपुर में विलय किए जाने से उत्पन्न होने वाली संभावित व्यावहारिक कठिनाइयों, स्थानीय डाक सेवाओं तथा कर्मचारियों के हितों पर गंभीरता से विचार किए जाने के लिए उन्होंने शीर्ष अधिकारयों का ध्यान आकृष्ट कराया है तथा अधिकारियों से इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए दरभंगा आरएमएस एवं आईसीएच की वर्तमान व्यवस्था को यथावत बनाए रखने की दिशा में आवश्यक पहल के लिए अनुरोध किया है।

मिथिला के पाग का अपमान मिथिलावासियों के स्वाभिमान पर चोट : मृत्युंजय कुमार झा



मृत्युंजय झा अध्यक्ष।

■ प्रशांत किशोर के कथित बयान पर जताई कड़ी आपत्ति, कहा– पाग हमारी हजारों वर्षों की सांस्कृतिक विरासत, पहचान और सम्मान का प्रतीक है

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता मृत्युंजय कुमार झा ने जन सुराज के संस्थापक श्री प्रशांत किशोर द्वारा मिथिला की पारंपरिक पहचान एवं सम्मान के प्रतीक 'पाग' को लेकर दिए गए कथित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मिथिला का पाग केवल सिर पर धारण किया जाने वाला पारंपरिक परिधान नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति, परंपरा, सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है।

श्री झा ने कहा कि मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा अत्यंत प्राचीन और समृद्ध रही है। यहां अतिथि के सम्मान, सत्कार और अभिनंदन की विशिष्ट परंपरा रही है। पौराणिक मान्यताओं एवं मिथिला की लोकपरंपरा के अनुसार, जब प्रभु श्रीराम मिथिला पधारे थे, तब महाराज जनक ने उनका पारंपरिक सम्मान किया था। मिथिला में पाग पहनाना सम्मान, आत्मीयता और आदर प्रकट करने की विशिष्ट परंपरा का हिस्सा रहा है। ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक प्रतीक को 'टोपा-टोपी' कहकर संबोधित करना मिथिलावासियों की भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि पाग मिथिला की पहचान है। यह हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। मिथिला में किसी अतिथि, विद्वान, संत, महापुरुष अथवा विशिष्ट व्यक्ति को पाग पहनाकर सम्मानित करना हमारी आत्मीय परंपरा रही है। इस परंपरा के पीछे सदियों की सांस्कृतिक विरासत और सम्मान का भाव जुड़ा हुआ है। मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को अपनी बात रखने तथा राजनीतिक आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक लाभ अथवा वोट की राजनीति के लिए किसी क्षेत्र की संस्कृति, सभ्यता और परंपरा का उपहास करना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन सामाजिक और सांस्कृतिक अस्मिता के सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जा सकता।

विकास यादव हत्याकांड : शव रखकर सिमरी बाजार में सड़क जाम, आरोपियों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग

बिस्फी (एनएसबी)। बिस्फी थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी 25 वर्षीय विकास यादव की हत्या के बाद सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने मृतक का शव सिमरी बीच बाजार में रखकर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। राहगीरों एवं बाजार आने-जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शन कर रहे परिजनों की मांग थी कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। घटना की सूचना पर बेनीपट्टी एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में बिस्फी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार एवं औंसी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार भगत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने हत्या के आरोप में नामजद जफरा गांव निवासी मनीष कुमार चौपाल के घर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही मनीष कुमार चौपाल समेत परिवार के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार मिले। तलाशी के दौरान पुलिस को घर के आंगन में खून के निशान, छत पर चाकू, खून से सनी साड़ी, मृतक की चप्पल तथा ईंट समेत कई संदिग्ध सामान मिले। पुलिस ने इन सामग्रियों को जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है। इस संबंध में एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध जल्द कार्रवाई की जाएगी। इधर, माकपा के जिला मंत्री मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में सिमरी बाजार में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल लोगों ने हत्याकांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को न्याय और उचित मुआवजा देने की मांग की।



सड़क जाम करते लोग।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता विपक्ष तेजस्वी यादव का जन्म दिन केक काट कर मनाया गया



केक काटकर जन्मदिन मनाते ।

लदनियां (एनएसबी)। प्रखंड युवा राजद के अध्यक्ष शशिकांत यादव के नेतृत्व में लदनियां प्रखंड क्षेत्र के एक लौता विशाल होटल के हॉल में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता विपक्ष तेजस्वी यादव का जन्म दिन केक काट कर मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला राजद युवा अध्यक्ष रवि रंजन कुमार राजा, इंजिनियर धर्मेंद्र कुमार यादव, पूर्व प्रमुख भोगेंद्र यादव, राम सागर साह, प्रोफेसर शम्भू यादव, पूर्व प्रखंड राजद अध्यक्ष प्रणव कुमार प्रणव,जगदीश, कमलेश, मुकेश कुमार, बिनोद कुमार, पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार, सरपंच बिरेंद्र कुमार, सुरेन्द्र दास,केशी यादव सहित सैकड़ों राजद कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। नेताओं ने तेजस्वी यादव के लंबी उम्र का कामना करते हुए उन्हें भविष्य का मुख्यमंत्री एवं गरीबों का सच्चा हितैषी बताया। नेताओं ने कहा कि बिहार का कायाकल्प और विकास तेजस्वी के नेतृत्व में ही संभव है। तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री रहते लगभग पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध करा कर साथ ही रोजगार और विकास का मोडल प्रस्तुत कर बिहार विकास का एक नया आयाम दिया था।

चार दिवसीय काली पूजनोत्सव को लेकर चारों दिशाएं भक्तिमय माहौल



काली पूजा।

खजौली (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के ठाहर, कन्हौली , मारुकिया सहित विभिन्न गांव स्थित आयोजित चार दिवसीय काली पूजनोत्सव को लेकर चारों दिशाएं भक्तिमय माहौल बना बना हुआ है।जहां शक्तिस्वरूपा मां काली की पूजा अर्चना रविवार की रात मध्य रात्रि निशा पूजा के साथ पंडितों के द्वारा पूरे विधिविधान के साथ मंत्रोच्चारण से शुरू किया गया। इस दौरान पूजा समिति के द्वारा मंदिर को जहां विशेष रूप से सजाया गया है। वहीं भव्य पूजा पंडाल के साथ मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। वहीं सोमवार को विभिन्न पूजा पंडाल में तड़के सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं के द्वारा खोंइछ भरने के लिए उमरा हुआ है। मान्यता है कि सनातन धर्म में मां काली की शक्ति की प्रमुख स्थान हैं। वहीं इन्हें मां दुर्गा का ही एक रूप माना जाता हैं। वहीं मां काली पूजा समिति ठाहर के अध्यक्ष शंभूनाथ ठाकुर ने बताया कि बर्ष 1974 से मां काली की प्रतिमा स्थापित कर लगातार पूजा अर्चना किया जाता है। इस वर्ष भी चार दिवसीय काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं काली पूजा समिति के कन्हौली के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि चार दिवसीय काली मंदिर को लेकर मेला के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि यहां भू बर्ष 1974 से पूजा अर्चना किया जा रहा है। वहीं काली पूजा को लेकर लोगों में उत्साह खासे नजर आ रहे था।

पंचायत समिति मद से 15 वीं वित्त आयोग योजना मद की राशि गबन का आरोप

लदनियां (एनएसबी)। लदनियां प्रखंड पंचायत समिति मद से विभिन्न पंचायतों में 15 वीं वित्त आयोग योजना राशि से अधिष्ठापित आर ओ कूलर में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता एवं सरकारी राशि गबन का पदार्फाश हुआ है। जो मुख्यमंत्री सहयोग शिविर पोर्टल पर लगा शिकायती पत्र से हुआ है। शिकायत कर्ता समाजसेवी देवनाथ कामत कुमरखत पश्चिमी पंचायत के मरनैया गांव का रहने वाला है।जो मुख्यमंत्री सहयोग शिविर पोर्टल संख्या - आरइएफ 830516 में आरोप लगाया है कि 15वीं योजना मद से राजनितिक भेदभाव के मध्यनजर विभिन्न पंचायतों में पंचायत समिति मद से स्टीमेट का नजर अंदाज कर घटिया सामग्री खरीदारी कर आर ओ कुल्लर लगाया गया है। जिसका उद्देश्य मात्र सरकारी राशि लूट का रहा है। इस कार्य में प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी,कनीय अभियंता और अभिकर्ता की संलिप्तता पर सवाल उठाया जा रहा है।गिधवास पंचायत में दस स्थानों पर आर ओ कुल्लर लगाया है. जबकि कुमरखत पश्चिमी, कुमरखत पूर्वी, लछमीनियां, खोजा सहित कई पंचायतों को इस योजना से बंचित किया गया है। उद्देश्य सरकारी राशि का बंदरबांट रहा है।पंचायत समिति पंजी में छेड़ छाड़ किया गया है. एक भी योजना कार्य स्थल पर प्राक्कलन पर बोर्ड नहीं लगाया गया है। इस बाबत बीपीआरओ लदनियां सुरेश यादव ने शिकायतकर्ता देवनाथ कामत द्वारा मुख्यमंत्री सहयोग शिविर पोर्टल संख्या- आरईएफ 830516 की जांच की. उन्होंने ज्ञापंक - 235 22 सितंबर 026 को डीपीआरओ मधुबनी को भेजा है. जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि 15 वीं वित्त आयोग योजना से पंचायत समिति मद से गिधवास पंचायत में 8 स्थानों पर आर ओ कूल्लर लगाया गया है जो पंचायत समिति योजना से पारित है। शिकायत कर्ता देवनाथ कामत का कहना है कि डीएम मधुबनी अगर किसी निष्पक्ष जिला स्तर के पदाधिकारी से मेरे शिकायत की जांच हो तो असलियत का पदार्फाश होगा. साथ ही सरकारी बंदरबाँट उजागर होगा।

अपराधियों के हौंसले बुलंद ही नहीं बल्कि सम्राट सरकार हर मोर्चे पर हो चुकी हैं विफल : विष्णुदेव सिंह यादव

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के जाफरा पंचायत भवन के समीप सिमरी निवासी विकास यादव का शव बंद बोरे में मिलने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह वरिष्ठ राजद नेता विष्णुदेव सिंह यादव ने बिहार की डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला है. कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की अराजक स्थिति आपातकाल में भी ऐसी नहीं थी. डबल इंजन सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एक ओर सत्ता संरक्षित अपराधियों द्वारा जाति और धर्म के आधार पर गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा ओर बेलगाम अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर पहुंच चुका है. अपराधियों में कानून का भय समाप्त होता दिखाई दे रहा है और सरकार अपराध नियंत्रण के मोर्चे पर विफल नजर आ रही है. कहा कि सिमरी निवासी विकास यादव की इस तरह निर्मम हत्या कर शव को बोरे में बंद कर फेंक देना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, हत्या में शामिल अपराधियों की अविलंब पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा दोषियों को स्पीडी ट्रायल के माध्यम से कठोरतम सजा दिलाने सहित पीड़ित परिवार को न्याय , नौकरी और उचित सरकारी सहायता की माँग की हैं।

पांच लाख रुपये रिश्वत लेते पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियंता।

■ मधुबनी के पथ प्रमंडल में पदस्थापित थे रितेश चंद्र सिन्हा, पटना स्थित फ्लैट से हुई गिरफ्तारी; तलाशी में 6.11 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण बरामद

मधुबनी (एनएसबी)। दीपावली के दिन बिहार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पथ निर्माण विभाग के मधुबनी पथ प्रमंडल में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता रितेश चंद्र सिन्हा को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी टीम ने रविवार, 8 नवंबर को पटना के रामनगरी (आशियाना) स्थित शिव पार्वती गृह अपार्टमेंट के फ्लैट से उन्हें गिरफ्तार किया।जानकारी के अनुसार, रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन निवासी अरुण कुमार सिंह ने कार्यपालक अभियंता द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायत निगरानी ब्यूरो से की थी।

शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया। रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण मिलने पर निगरानी थाना कांड संख्या 133/26 दर्ज किया गया।इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक श्याम बाबू प्रसाद के नेतृत्व में धावा दल का गठन किया गया। टीम ने जाल बिछाकर कार्यपालक अभियंता रितेश चंद्र सिन्हा को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि आरोपी ने रिश्वत की रकम खिड़की से बाहर पास के मैदान में फेंक दी थी, जिसे निगरानी टीम ने तत्काल बरामद कर लिया।

दो सड़क परियोजनाओं के भुगतान के एवज में मांगी थी रिश्वत

शिकायतकर्ता अरुण कुमार सिंह के अनुसार, मधुबनी पथ प्रमंडल के तहत दो प्रमुख सड़क निर्माण परियोजनाएं संचालित थीं। पहली परियोजना राजनगर-बाबूबरही-खुटौना सड़क निर्माण से संबंधित थी, जिसकी लंबाई करीब 1.2 किलोमीटर और कुल लागत 5.78 करोड़ रुपये थी। वहीं दूसरी परियोजना स्टेडियम चौक, महाराजगंज चौक और सूड़ी हाई स्कूल से संबंधित थी। इसकी लंबाई लगभग 2.4 किलोमीटर और लागत 13.48 करोड़ रुपये थी। दोनों परियोजनाओं में करीब 6.50 करोड़ रुपये का भुगतान शेष था। आरोप है कि कार्यपालक अभियंता ने बकाया राशि के तीन प्रतिशत के हिसाब से कुल 19.50 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी तथा तत्काल पांच लाख रुपये देने को कहा था।

तलाशी में नकदी, आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद

गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने आरोपी के फ्लैट की तलाशी ली। इस दौरान 6 लाख 11 हजार 900 रुपये नकद बरामद किए गए। इसके अलावा सोने-चांदी के आभूषण भी मिले हैं। तलाशी के दौरान आरोपी के सात बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज, शेयर बाजार और एलआईसी में निवेश से जुड़े कागजात भी बरामद किए गए। टीम को जमीन, फ्लैट और लॉकर से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। फिलहाल गिरफ्तार कार्यपालक अभियंता से निगरानी ब्यूरो की टीम पूछताछ कर रही है। बरामद नकदी, आभूषण और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर आगे की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई से सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की सख्ती एक बार फिर सामने आई है।

21, 22 व 23 नवंबर को आहूत 3 दिवसीय 42वां मिथिला विभूति स्मृति पर्व समारोह सह मैथिल महासम्मेलन



जानकारी देते संस्था के अध्यक्ष।

बेनीपट्टी (एनएसबी)। मिथिलांचल सर्वांगीण विकास संस्थान के तत्वावधान में बेनीपट्टी नगर के कटैया रोड स्थित श्री लीलाधर प्लस टू हाईस्कूल के विशाल प्रांगण में आगामी 21, 22 व 23 नवंबर को आहूत 3 दिवसीय 42वां मिथिला विभूति स्मृति पर्व समारोह सह मैथिल महासम्मेलन की विगत वर्षों की भांति इस साल भी ऐतिहासिक सफलता के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। 21 नवंबर की देर शाम समारोह के प्रथम दिन का उद्घाटन बिहार के कला संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार करेंगे। जबकि, इस दौरान नामचीन भारतीय गायिका व संगीत की रानी सह दरभंगा जिले के अलीनगर के भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। मैथिली ठाकुर अपनी सुमधुर गायिकी से मंच का शोभा बढ़ाते हुए लोगों का दिल जीतेंगी। वहीं, इस मौके पर मैथिली ठाकुर के छोटे भाई अयाची ठाकुर अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे।

यह जानकारी संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष अमरनाथ झा भोलन एवं कार्यकारी अध्यक्ष भाग्यनारायण मिश्र ने संयुक्त रूप से बेनीपट्टी में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर दी। संस्थापक अध्यक्ष अमरनाथ भोलन ने बताया कि समारोह के प्रथम दिन मैथिली ठाकुर, अयाची ठाकुर व रीना यादव उर्फ रमौल वाली के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच रहेगा। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रमुख व मधेश प्रमुख जनकपुर (नेपाल) महामहिम डॉ. सुरेंद्र लाभ कर्ण रहेंगे। उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल, देश-विदेश एवं अखंड मिथिला का एक साथ समन्वय इस मंच पर हो रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन विराट मैथिल महासम्मेलन, सम्मान समारोह के साथ ही संस्थान के मुख पत्र देश के लोकप्रिय मैथिली स्मारिका (पत्रिका) विद्योतमा का विमोचन किया जाएगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध मैथिली गायक रौशन झा, गायिका सोनी चौधरी, सुभद्रा झा, शंख वादक विपिन मिश्रा आदि कलाकार अपनी कला, गीत-संगीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रोताओं से तालियां बटोरेंगे। तीसरे दिन भव्य सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्व के अनेकों देश के वादक, पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के कलाकार देवानंद झा, राजीव रंजन, माधव राय, विकास झा, डौली सिंह, रचना झा, जुली झा, रानी झा, राधे भाई, रामसेवक ठाकुर आदि कलाकार रातभर गीत-संगीत व नृत्य का समां बांधेंगे। संस्थापक अध्यक्ष अमरनाथ भोलन ने बताया कि समारोह के दौरान मिथिला अमृत महारत्न सम्मान 2026 से स्मृति शेष भोगेंद्र झा, महर्षि याज्ञवल्क्य मेधाश्री सम्मान से आदर्श भारद्वाज, मिथिला शिखर सम्मान से डॉ. योगेंद्र पाठक वियोगी, देवेंद्र मिश्र, वशिष्ठ नारायण झा, सियाराम झा सरस, श्यामसुंदर शशि, डॉ. विपिन कुमार मिश्र व डॉ. गगन कुमार गिरी एवं मिथिला गौरव सम्मान से उदय कुमार सिंह, रीना कुमारी यादव, दिलीप कुमार झा, देवानंद झा, रूपेश त्योंथ, अमित झा, अमन साह व जुली झा को नवाजा जाएगा। संस्थापक अध्यक्ष ने बताया कि तीन दिनी इस समारोह के दौरान विराट कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा, जिसमें प्रख्यात कवि सियाराम झा सरस, रमेश रंजन, डॉ. अशोक कुमार मेहता, डॉ. अमलेंदु शेखर पाठक, शंभू श्री, हरेराम राय राज, मनोज कामत, ललित कुमार, दीपनारायण विद्यार्थी आदि अपनी हास्य-व्यंग्य, समसामयिक व शासनिक-प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित कविताओं का पाठ कर दर्शकों को लोटपोट करेंगे। संस्थापक अध्यक्ष अमरनाथ भोलन ने बताया कि त्रि-दिवसीय समारोह के दौरान जहां बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, जनसुराज के सूत्रधार सह विधायक प्रशांत किशोर आदि राजनेताओं के शिरकत करने की संभावना है। वहीं, सूबे के पूर्व उद्योग मंत्री समीर महासेठ, कांग्रेस मधुबनी जिला पूर्वी के अध्यक्ष सह बेनीपट्टी विधानसभा के महागठबंधन समर्थित पूर्व प्रत्याशी नलिनी रंजन झा, सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव, बिहार भाजपा के एमएलसी घनश्याम ठाकुर, विधायक मो. आसिफ अहमद, विधायक सुधांशु शेखर, पूर्व विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल, विधायक विनोद नारायण झा, विधायक माधव आनंद, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा, एमएलसी अनिल कुमार झा, पूर्व एमएलसी सर्वेश कुमार, डॉ. बी झा मृणाल, मधुबनी के मेयर अरुण राय, डिप्टी मेयर मो. अमानुल्लाह खां, बेनीपट्टी के मुख्य पार्षद मंजू देवी, उपमुख्य पार्षद दीपशिखा कुमारी, जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती सहित अन्य मिथिला-मैथिली के वरद पुत्र, मूर्धन्य विद्वान, प्रख्यात कवि, प्रशासनिक पदाधिकारी, राजनेता और कलाकार भाग लेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवनाथ चौधरी, सुनील मल्लिक, धीरेंद्र प्रेमर्षि, नित्यानंद मंडल, संजीव मिश्रा, स्नेहा सिनिग्धा आदि मौजूद रहेंगे। प्रेस वार्ता में संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. एमटी रेजा, उपाध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार झा, प्रधान महासचिव रामबरण राम, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार झा, संयुक्त सचिव मोती मिश्र, शत्रुधन झा, सदस्य कौशल कुमार झा आदि उपस्थित थे।

बलिराजगढ़ खोजपुर धत्ता टोल पुलिस द्वारा की गई घटना बिहार को शर्मशार कर दिया : अजय कुमार



प्रतिरोध मार्च निकाल ।

मधुबनी (एनएसबी)। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) बाबूबरही अंचल कमिटी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बाबूबरही पंचायत भवन से सैकड़ों संख्या में जुलूस माकपा के कार्यकताओं और नेताओं ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व सीपीआई (एम) बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार एवं सीपीएम के मधुबनी जिला सचिव मनोज कुमार यादव कर रहे थे,वही प्रतिरोध मार्च सभा में तब्दील हो गया सभा की अध्यक्षता माकपा अंचल सचिव अशोक यादव ने किया।सभा को संबोधित करते हुए माकपा के विधायक अजय कुमार ने राज्य सरकार पर जमकर बरसें उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पुलिस और अपराधियों का गठजोड़ है और तो मधुबनी के घटना पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस नागरिक का सुरक्षा करता है जबकि एक पुलिस अधिकारी ही भक्षक बन बैठा , बलिराजगढ़ में तैनात पुलिस अधिकारी जबरन घर में घुस कर नाबालिग लड़की के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं और इस समाज के नागरिक जब पकड़ने का काम करता है तो मनबढ़ु प्रशासन के पुलिस अधिकारी अपने ही रिवाल्वर से दनादन गोलियां चलाकर एक आदमी को मौत और तीन लोगों को जख्मी कर देता है जो अस्पताल में जिंदगी जीने को संघर्ष कर रहा है यह घटना काफी शर्मशार कर देता है और यहां के वरिय पुलिस पदाधिकारी अभी तक गिरफ्तार करने में विफल है। उन्होंने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पुलिस अधिकारी को बचाने के लिए काम कर रहे हैं नहीं तो मधुबनी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने में सतरह घंटा का समय नहीं लगता, मुकदमा दर्ज करने में पोक्सो एक्ट को छोड़ देना मतलब प्रशासन को बचाना है, उन्होंने लोगों से कहा की हम इस पूरे घटनाक्रम को मजबूती से विधान सभा में रखेंगे और सड़क पर संघर्ष करके पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तक मजबूती से खड़ा रहेंगे ।सभा को माकपा मधुबनी जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि हम आज पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने तक संघर्ष करेंगे उन्होंने सभा मांग करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी द्वारा की गई फायरिंग की उच्चस्तरीय जांच की मांग करता हूं, उन्होंने आगे कहा कि मृतक परिजनों को पचास लाख रूपए मुआवजा देने, एक आदमी को सरकारी नौकरी देने ,गोली चलाने वाले अधिकारी को अविलंब गिरफ्तार करने, जख्मी लोगों को पांच लाख रुपए स्वास्थ्य लाभ देने, पीड़ित परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने और बलिराजगढ़ में तैनात गोली चलाने वाले पुलिस अधिकारी के चल अचल सम्पत्ति को जब्त करने की मांग करता हूं उन्होंने अपने भाषण में कहा कि दीपावली के दिन विस्फी जफरा में विकास कुमार यादव की नृशंस हत्या कर दिया जाता है और अपराधी को पुलिस महकमा बचाने में लगे रहते हैं यहां की कानून व्यवस्था पुरी तरह विफल हो गई है उन्होंने प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि आप जनता के हिफाजत लिए जाने जाते हैं और जब आपके ही पुलिस अधिकारी घटना करते हैं तो आप गिरफ्तार तक नहीं कर पाते है माकपा बर्दाश्त नहीं करेंगी,हम आंदोलन को और तेज करेंगे।सभा को रामजी यादव,नरेश यादव, सत्यनारायण यादव, शशिभूषण प्रसाद, बाबूलाल महतो, उमेश घोष, विजय पासवान, रामनारायण यादव, उपेन्द्र यादव, कुमार राना प्रताप सिंह, शशिशेखर सलहैता, रामकृष्ण यादव विनोद मंडल, अरुण कुमार यादव,संबोधित किया।

कांटी विधायक के अल्टीमेटम के बाद डीएम ने किया निरीक्षण, स्थायी समाधान का दिया भरोसा

रौतिनिया डंपिंग यार्ड की समस्या की डीएम करेंगे खुद मॉनिटरिंग

कांटी (एनएसबी)। कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार के अल्टीमेटम के बाद सोमवार को जिलाधिकारी कुमार गौरव ने रौतिनिया स्थित नगर निगम के कचरा डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डंपिंग यार्ड से उत्पन्न समस्याओं के स्थायी समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक की मांग पर डीएम ने खुद पूरे मामले की मॉनिटरिंग करने और डंपिंग यार्ड की व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस पहल करने की बात कही। उन्होंने नगर आयुक्त को एक अतिरिक्त ट्रॉमल मशीन लगाने, एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) प्लांट का काम जल्द शुरू कराने तथा कचरा निष्पादन की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय विधायक अजीत कुमार और आसपास के लोगों ने डीएम को बताया कि कचरा डंपिंग के कारण क्षेत्र में दुर्गंध और प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। लोगों ने शिकायत की कि आसपास के कई बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं, जबकि अनेक लोग विभिन्न

एक अतिरिक्त ट्रॉमल मशीन लगाने और एमआरएफ प्लांट का काम जल्द शुरू कराने का निर्देश

बीमारियों से पीड़ित हैं। इस पर डीएम ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर प्रभावित इलाके में सर्वे कराने का निर्देश दिया। टीम लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति और बीमारियों से संबंधित जानकारी जुटाएगी।

इस दौरान विधायक अजीत कुमार ने डीएम से रौतिनिया नगर निगम डंपिंग यार्ड को गोद लेने की मांग की, ताकि इस समस्या के समाधान की नियमित निगरानी हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों से जो वादा किया है, उसे पूरा कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विधायक अजीत कुमार ने वर्तमान डीएम पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनका यहां आना और समस्या को गंभीरता से लेना समाधान की दिशा में सकारात्मक कदम है। उम्मीद है कि अब लोगों को इस समस्या से निजात मिलेगी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों


कचरा डंपिंग प्लांट की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराते क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार।

के साथ वे आंदोलन करने और संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। डीएम ने नगर आयुक्त को रेवा रोड से रौतिनिया पंचायत भवन तक जाने वाली सड़क का जीर्णोद्धार कराने, डंपिंग यार्ड के सामने स्थित पोखर की छठ पर्व को देखते हुए सफाई और जीर्णोद्धार कराने तथा आसपास के क्षेत्रों में नियमित ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में डीएम ने कहा कि एजेंसी की ओर से काम सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। कार्य की गति काफी धीमी है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रधान सचिव से भी बात की जाएगी। वे स्वयं पूरे मामले की मॉनिटरिंग करेंगे। जल्द ही एक अतिरिक्त ट्रॉमल मशीन लगाने और एमआरएफ प्लांट का काम शुरू कराने की पहल होगी। वहीं नगर आयुक्त ने कहा कि कचरा प्रोसेसिंग का काम धीमी गति से चल रहा है। मंगलवार को विभागीय बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल यहां एक ट्रॉमल मशीन है और एक अतिरिक्त मशीन लगाई जाएगी। एमआरएफ प्लांट के काम की नियमित मॉनिटरिंग होगी। आसपास के लोगों को परेशानी से बचाने के लिए सीओ को नोडल पदाधिकारी बनाकर नियमित छिड़काव कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद एसडीएम पश्चमी स्नेहा कुमारी व नगर आयुक्त को सप्ताह में एक बार विजिट करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद नगर आयुक्त को तत्काल इसकी साफ सफाई करवाने एवं मॉडल छठ घाट बनवाने का सख्त निर्देश दिया। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो. शमीम, मनोज कुमार सिंह, अवधेश सिंह, मुकुंद कुमार, अंकेश ओझा, श्रीराम कुमार, इंदल साह समेत कांटी नगर के वार्ड 6 के पार्षद इनरदेव उर्फ पप्पू राम कई अन्य लोग मौजूद थे।

गायघाट में भीषण अगलगी दो परिवारों के घर राख

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। गायघाट थाना क्षेत्र की रामनगर पंचायत अंतर्गत हंसना गांव में सोमवार की शाम आग लगने से दो परिवारों के घर जलकर राख हो गए। इस अगलगी में ललिता देवी और समुद्री देवी के घरों का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। हादसे में दो गायें भी झुलस गईं। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और अग्निशमन कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया गया। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि अगलगी में करीब ढाई लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। ललिता देवी के बेटे की शादी दो महीने बाद होने वाली थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। शादी के लिए खरीदे गए कपड़े, सामान और अन्य जरूरी वस्तुएं भी आग की भेंट चढ़ गईं। घटना की सूचना अंचलाधिकारी और गायघाट थाने को दे दी गई है।

संक्षिप्त खबरें

भारतीय जनता पार्टी बिहार के प्रभारी हरीश द्विवेदी से पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने की शिष्टाचार मुलाकात

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी बिहार के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी सोमवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। उनके आगमन पर मुजफ्फरपुर पूर्वी जिला भाजपा के नेताओं ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश


भाजपा बिहार प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी का सर्किट हाउस मे स्वागत करते पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा।

कुमार शर्मा के नेतृत्व मे भाजपा बिहार प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर श्री शर्मा ने श्री द्विवेदी का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ हीं दोनों नेताओं के बीच मुजफ्फरपुर जिले के संगठनात्मक विषयों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में काफी लंबी बातचीत हुई। इस दौरान श्री शर्मा ने प्रदेश प्रभारी को जिले मे भाजपा की संगठनात्मक स्थिति से अवगत कराया। वही भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री भाजपा पूर्वी के नेताओं को संगठन से संबंधित कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी सहित अन्य नेतागण उपस्थित थे।

काँटी के मधुकर छपरा गांव मे दीपावली की रात घर में लगी आग, 10 लाख से अधिक की क्षति का अनुमान

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। काँटी थाना क्षेत्र के मधुकर छपरा गांव स्थित एक घर में रविवार की रात अचानक आग लगने से घर मे रखा सारा सामान सहित तीन बाइक और अन्य सभी सामान जलकर राख हो गए। वहीं गृहस्वामी के बथान में बंधी दो गाय झूलसकर मर गईं और दो गंभीर रूप से घायल हो गईं। गृहस्वामी के अनुसार इस आगलगी की घटना में लगभग 10 लाख की संपति का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना के लगभग आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया. लेकिन तबतक सबकुछ जलकर नष्ट हो चूका था। गृहस्वामी कुमोद ओझा एवं आदित्य कुमार ने बताया कि रविवार की रात सबलोग सो रहे थे। इसी बीच घर में आग लग गई। जबतक उन्हें आग लगने का आभाष हुआ और परिवार के लोग कुछ समझ पाते, तबतक आग भयावह रूप ले चूका था। उन्होंने बताया कि जबतक लोग जमा हुए तबतक आग बेकाबू हो गई थी। घटना कि सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। लगभग आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाडी घटनास्थल पर पहुंची, तबतक घर में रखे अनाज, आलू, तीन मोटर साइकिल, कपड़े, पेटी बक्से सहित सभी सामान जल गए थे और बचाने के लिए कुछ भी नहीं बचा था। उन्होंने बताया की घर से सटे बथान में चार गायें बंधी थी, जिसमें दो की झूलसकर मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो गंभीर रूप से घायल पड़ी है। गृहस्वामी और ग्रामीणों के अनुसार घर में आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल रहा है।


घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

हार्वेस्टर ठीक करते समय मैकेनिक से भिड़ा चालक, लोहे के रॉड से किया हमला

पंजाब से आए हार्वेस्टर मैकेनिक की हत्या

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले में धान की कटाई के लिए पंजाब से आए हार्वेस्टर मैकेनिक की हत्या करने वाले चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि घटना वाले दिन मैकेनिक अमरजीत सिंह अपनी मशीन की तकनीकी खराबी ठीक कर रहा था। इसी दौरान उसका चालक गुरप्रीत सिंह से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और चालक ने पास में रखी लोहे की रॉड से अमरजीत के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल मैकेनिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस हत्याकांड में मुजफ्फरपुर के बोचहां थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

ज्ञात हो कि बोचहां थाना क्षेत्र के


मामले की जानकारी देते ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर।

बोचहाँ थाना क्षेत्र के बलथी रसूलपुर गांव में 7 नवंबर को हुई घटना के तीसरे दिन हत्यारोपी गिरफ्तार

बलथी रसूलपुर गांव में पंजाब के भटिंडा से कुछ लोग धान की कटाई के लिए आए हुए थे। इनमें हार्वेस्टर मशीन का मैकेनिक अमरजीत सिंह अपने चालक गुरप्रीत सिंह के साथ आया था। इस दौरान धान की कटाई का काम चल रहा था। इसी क्रम में 7 नवंबर की रात हार्वेस्टर मशीन में अचानक खराबी आ गई। मशीन को ठीक करने के दौरान अमरजीत सिंह और उसके चालक गुरप्रीत सिंह के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। इसके बाद देखते ही देखते मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गुरप्रीत सिंह ने लोहे की रॉड उठाकर अमरजीत सिंह के सिर पर वार कर दिया। इस हमले में अमरजीत सिंह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के चचेरे भाई के लिखित आवेदन पर बोचहां थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और छापेमारी कर नामजद आरोपी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पंजाब के भटिंडा जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है।

इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि बोचहां थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुई घटना के आरोपी चालक गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह पंजाब के भटिंडा जिले का रहने वाला है। सात नवंबर को उसने अपने ही मैकेनिक अमरजीत सिंह पर रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के पीछे आपसी विवाद की बात सामने आई है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दिलाई जाएगी। घटना में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड भी बरामद कर ली गई है।

जिले के कई स्थानों पर आग का कहर

दीपावली के दौरान कई दुकाने एवं घर सहित लाखों की संपति का नुकसान

मोतीझील स्थित ब्रांडेड कपड़े की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। नगर थाना क्षेत्र के मोतीझील बाजार स्थित ब्रांडेड कपड़ों के शोरूम में रविवार दीपावली के दिन आग लग गई। आग लगने की खबर फैलते हीं घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं घटना की सुचना मिलते हीं नगर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम दो छोटी और एक बड़ी दमकल गाडी के साथ मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ और आग के फैलने की आशंका को लेकर आसपास के दुकानदारों के बीच मची अफरा तफरी तथा मोतीझील मुख्य सड़क पर यातायात के अस्त व्यस्त हो जाने की स्थित को देखते हुए पुलिस ने

मोतीझील मुख्य सड़क की दोनों दिशाओं की यातायात को रोक दिया। वंही घटनास्थल पर जमा लोगों को दूर हटने की हिदायत देते हुए आग बुझाने की कार्रवाई शुरू कराई। लगभग 45 मिनट की जद्दोजहद के बाद अग्निशमन विभाग के जवानों ने आग पर पूरी तरह आग पर काबू


शोरूम में लगी आग को बुझाने की जद्दोजहद करते अग्निशमन विभाग के जवान।

पाया। आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से शोरूम को भारी नुकसान हुआ है। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दीपावली के दिन हुई इस घटना से शोरूम संचालक को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने हाल ही में दुकान में नए स्टॉक मंगाए थे। घटना को लेकर ड्यूक शोरूम के प्रोपराइटर रूपेश कुंदन सिंह ने बताया कि रविवार को दिन के करीब 11:30 बजे उनका एक कर्मचारी दुकान खोलने पहुंचे थे। दीपावली के अवसर पर दुकान में पूजा-पाठ भी करना था। इसी दौरान जैसे ही कर्मचारी ने दुकान का शटर खोला, अंदर से तेजी से धुआं का गुबार निकलने लगा। दुकान के अंदर रखे कपड़े जल चुके थे। इस दौरान कंप्यूटर और काउंटर भी जल गए थे। उन्होंने बताया कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट और इसके बाद सीसीटीवी कैमरों के तारों में आई तकनीकी खराबी के कारण लगी। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आगलगी की घटना से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। दीपावली को लेकर उन्होंने दुकान में भारी मात्रा में स्टॉक रखा था। सभी जलकर राख हो गए।

मझौलिया में पटाखे की चिंगारी से कबाड़ी दुकान बनी आग का गोला



मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सदर थाना क्षेत्र के मझौलिया रेलवे गुमटी नंबर पांच के समीप रविवार की रात पटाखे की चिंगारी से न्यू हार्डवेयर नामक दुकान के पास स्थित एक कबाड़ दुकान मे भीषण आग लग गईं। अचानक लगी आग से पूरा कबाड़ दुकान आग का गोला बन गया। आग की लपटें पास के अपार्टमेंट के चौथी मंजिल के बराबर पहुंचने की स्थिति देख पुरे मोहल्ले मे अफरा तफरी और भगदड़ मच गईं। आग अगल बगल के मकानों को अपनी चपेट में न ले ले, इस आशंका से घिरे लोग आग को नियंत्रित करने को लेकर हाय तौबा मचाने लगे। वही घटना की सूचना मिलते ही देर रात पुलिस और अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची। वही आग की भयावहता को देखते हुए जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुँचे तथा लोगों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए स्थिति को काबू में किया। वही लगभग एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में कबाड़ी की दुकान पूरी तरह जलकर राख के ढेर में बदल गईं। इस घटना मे जान माल के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस ने स्थिति सामान्य होने की बात कही है। उधर अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी के अनुसार मोहल्ले के शरारती बच्चों द्वारा छोड़े गए पटाखे से निकली चिंगारी से कबाड़ी दुकान मे आग लगने की जानकारी दी गई है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुजफ्फरपुर में फिर पीएनजी पाइपलाइन से गैस रिसाव

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामबाग चौक के पास रविवार रात करीब 8:30 बजे पीएनजी पाइपलाइन से गैस रिसाव होने के कारण इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गैस लीक होने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग दहशत में आ गए और कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि 2 नवंबर को गोबरसही इलाके में हुई पीएनजी पाइपलाइन ब्लास्ट की घटना के बाद लोगों में पहले से ही डर का माहौल था।

ऐसे में दोबारा गैस रिसाव की खबर से स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई। गैस रिसाव की जानकारी सबसे पहले एक स्थानीय दुकानदार ने वार्ड पार्षद को दी। इसके बाद वार्ड पार्षद ने अग्निशमन विभाग और आईओसीएल की टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां और कंपनी की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची। तकनीकी टीम ने


घटनास्थल पर लगी फायर बिग्रेड का वाहन और मामले की जांच में जुटी टीम।

तत्काल कार्रवाई करते हुए करीब आधे घंटे में गैस रिसाव पर काबू पा लिया। इसके बाद गैस की आपूर्ति दोबारा शुरू कर दी गई। हालांकि, एहतियात के तौर पर इलाके में निगरानी जारी रखी गई।

मौके पर पहुंचे एसडीपीओ टाउन-1 सुरेश कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में पाइपलाइन गलने के कारण गैस रिसाव होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, आसपास किसी के द्वारा दीया या पटाखा

गोबरसही ब्लास्ट के बाद फिर मची अफरा तफरी, आधे घंटे में स्थिति नियंत्रित

जलाए जाने से पाइपलाइन प्रभावित होने की संभावना भी जांच के दायरे में है। फिलहाल रिसाव के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल के आसपास माइकिंग कराकर लोगों से पटाखे और दीये नहीं जलाने की अपील की। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सावधानी बरतने और किसी भी संदिग्ध गैस रिसाव की तत्काल सूचना देने को कहा। राहत की बात यह रही कि समय रहते गैस रिसाव पर काबू पा लिया गया और स्थिति सामान्य हो गई। हालांकि, गोबरसही की पिछली घटना के बाद दोबारा गैस रिसाव होने से पीएनजी पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बनी हुई है।

ब्रह्मपुरा में ज्वेलरी दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति



मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। नगर के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के प्रसाद हॉस्पिटल के समीप स्थित विष्णु अलंकार नामक ज्वेलरी दुकान में दीपावली की देर रात अचानक आग लगने से पूरी दुकान, फर्नीचर और उसमें रखे गहने जलकर खाक हो गए। इस आगलगी की घटना में दुकानदार द्वारा 15 लाख से अधिक का नुकसान बताया गया है। घटना के संबंध में दुकान के मालिक विष्णु स्वरूप ने बताया कि रविवार को पूजा पाठ करने के बाद वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात लगभग ग्यारह बजे उन्हें अचानक दुकान मे आग लगने की जानकारी मिली। वे भागते हुए दुकान पर पहुँचे और दुकान की स्थिति देखकर सन्न रह गए। अचानक लगी आग से दुकान के फर्नीचर, गहने, सहित अन्य सभी सामान जलकर नष्ट हो चुके थे। दुकान मे आग लगने का कारण बिजली के शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। उधर, घटना की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बताया की जबतक टीम पहुंची, आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया था। हलाकि आग अगल बगल के दुकान से फिर नहीं सुलगे, इस आशंका को देखते हुए टीम ने जले दुकान पर पुनः पानी की बौछार मारकर आग को ठंडा किया। इस घटना को लेकर मौके पर कुछ देर के लिए लोगों की भीड़ लगी रही, जिसे ब्रह्मपुरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हटवाया।

गोला रोड मे दो दुकानें सहित लाखों की संपति राख

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर थाना क्षेत्र के गोला रोड मे डी एन हाइस्कूल के समीप सोमवार की तड़के अचानक आग लगने से पूजन सामग्री और झाड़ू की दो



दुकाने और दुकान में रखे सामान जल गए। सुबह लगभग चार बजे अचानक हुई इस घटना को लेकर मोहल्ले मे अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सुचना फायर ब्रिगेड को दी गई। वहीं लोगों ने आग को फैलने से रोकने के लिए सामूहिक प्रयास से पानी की बौछार मारना शुरू किया। इस बीच घटना की मिली सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

वर्षों से चली आ रही मां काली की पूजा परंपरा के बीच सांस्कृतिक रंगों से सजा बैरगनिया महोत्सव का भव्य आयोजन

बिहार एवं नेपाल के कलाकारों ने बिखेरी कला-संस्कृति की सतरंगी छटा

सीतामढ़ी/बैरगनिया (एनएसबी)। आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के अनूठे संगम के रूप में प्रसिद्ध बैरगनिया में दीपावली के अवसर पर आयोजित होने वाले बैरगनिया महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। विधायक बैद्यनाथ प्रसाद, अपर समाहर्ता संजीव कुमार, सभापति श्रीमती सिंधु गुप्ता, अध्यक्ष रितेश जायसवाल तथा अन्य आगंतुक अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन, सीतामढ़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव ने क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया।

बैरगनिया का प्रसिद्ध मां काली मंदिर पिछले 49 वर्षों से चली आ रही पूजा परंपरा के कारण श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र रहा है। दीपावली के अवसर पर यहां मां काली की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, जिसमें बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह परंपरा आज बैरगनिया की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है।



संयुक्त दीप प्रज्वलित कर बैरगनिया महोत्सव का शुभारम्भ करते विधायक व अन्य अतिथि।



महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति देतीं प्रतिभागी कलाकार।

स्थानीय प्रतिभाओं को मिला अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच : धार्मिक आयोजन के अगले दिन आयोजित बैरगनिया महोत्सव में कला और संस्कृति के विविध रंग देखने को मिले। महोत्सव के तहत रंगोली, चित्रकला, मेहंदी एवं नृत्य प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं बिहार के विभिन्न क्षेत्रों तथा पड़ोसी देश नेपाल से पहुंचे कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

रंगोली, चित्रकला, मेहंदी एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में स्थानीय प्रतिभाओं को मिला मंच

महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय कला, संस्कृति एवं लोक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी की प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से भारत-नेपाल के बीच सांस्कृतिक एवं सामाजिक संबंधों को भी और प्रगाढ़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

नशामुक्त बिहार का भी दिया गया संदेश : महोत्सव के आयोजन के साथ नशामुक्त बिहार अभियान का संदेश भी प्रसारित किया गया। 'स्वस्थ युवाझसमृद्ध बिहार' की परिकल्पना को साकार करने के लिए युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। बैरगनिया महोत्सव ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि धार्मिक आस्था के साथ कला, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता को जोड़कर सामुदायिक सहभागिता को नई दिशा दी जा सकती है। मां काली की 49 वर्षों पुरानी पूजा परंपरा और बैरगनिया महोत्सव का यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और समृद्ध कर रहा है। मौके पर सभापति श्रीमती सिंधु गुप्ता, रीगा प्रखंड विकास अधिकारी, कला संस्कृति अधिकारी, अध्यक्ष रितेश जायसवाल के साथ अन्य पदाधिकारी, समाजिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष सलीम परवेज

सीतामढ़ी/पटना (एनएसबी)। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के अध्यक्ष सलीम परवेज ने सोमवार की शाम बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान सलीम परवेज ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि दीपावली और छठ जैसे पर्व बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक परंपरा के प्रतीक हैं और इन पर्वों के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव एवं एकजुटता का संदेश मजबूत होता है। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच बिहार के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। मदरसा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य तथा शैक्षणिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।



मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करते बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के अध्यक्ष।

शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई 357 लीटर से अधिक शराब बरामद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बैरगनिया एवं डुमरा थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नेपाली देसी और विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। वहीं, हत्या कांड में तीन प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। बैरगनिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ई-रिक्शा से 150 पीस नेपाली देसी शराब बरामद करते हुए दिनेश पासवान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वहीं, डुमरा थाना क्षेत्र में एक चारपहिया वाहन से 207 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। दोनों मामलों में पुलिस की ओर से अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। इधर, 9 नवंबर 2026 को चोरौत थाना परिसर में दंडाधिकारी की उपस्थिति में विभिन्न कांडों में जब्त 1273.8 लीटर देसी एवं विदेशी शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया गया। दूसरी ओर, मेहसौल थाना कांड संख्या 310/26 (हत्या से संबंधित) में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त अभिजीत झा उर्फ अभिजीत कुमार, अनिकेत सिंह उर्फ अंकित कुमार एवं राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इन कार्रवाइयों से शराब तस्करी एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अभियान को गति मिली है।

निर्धन व छठव्रतियों के बीच श्री राम जानकी सेवा ट्रस्ट ने बांटी साड़ी व पूजन सामग्री

लगातार दस वर्षों से जरूरतमंदों को किया जा रहा सम्मानित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सामाजिक समरसता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए श्री राम जानकी सेवा ट्रस्ट, कन्हौली की ओर से 155 निर्धन एवं असहाय छठव्रती महिलाओं के बीच साड़ी, नारियल एवं अगरबत्ती सहित पूजन सामग्री का वितरण किया गया। कन्हौली गांव में ट्रस्ट के संचालक एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक चंदेश्वर मंडल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय मंडल ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि छठ महापर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनुपम संदेश देता है। यह पर्व समाज में समानता, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। सभी लोग आस्था, श्रद्धा और स्वच्छता के साथ पर्व मनाएं। शिव गंगा इमरजेंसी हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. माधवी ने कहा कि छठ पर्व आस्था, संस्कृति और बिहार की पहचान है। जरूरतमंद छठव्रती महिलाओं को साड़ी देना महज दान नहीं, बल्कि उनके प्रति सम्मान और अपनत्व प्रकट करने का माध्यम है। सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश ने कहा कि छठ में शुद्धता और स्वच्छता का विशेष महत्व है। इस अवसर पर राजाराम महतो ने चंदेश्वर मंडल के सामाजिक सरोकारों की सराहना की। वहीं राम एकबाल महतो ने कहा कि छठ पर्व सभी को मिल-जुलकर खुशी से मनाना चाहिए। ट्रस्ट के संस्थापक एवं संचालक चंदेश्वर मंडल ने कहा कि छठ के प्रति श्रद्धा और सामाजिक सेवा की भावना से वे पिछले दस वर्षों से यह आयोजन कर रहे हैं। पंचायत के सभी 13 वार्डों के लोगों की सहभागिता और सहयोग से कार्यक्रम सफल होता है। उन्होंने अन्य गांवों में भी इस तरह के सामाजिक आयोजन करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. महेश महतो, फकीरा मंडल, तेज नारायण मंडल, विनोद मंडल, राकेश मंडल, राम बहादुर प्रधान, अजय महतो, सुधु साह, रजय महतो, अजय पासवान, अवधेश मंडल समेत अन्य मौजूद थे।



छठ महापर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, कहा-

स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन के लिए रहें अलर्ट

सीतामढ़ी (एनएसबी)। आगामी छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने आज सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे के वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि छठ महापर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं व्रती विभिन्न स्थानों से ट्रेन के माध्यम से सीतामढ़ी पहुंचते हैं। ऐसे में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा, सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रेलवे के अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया।

श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने तथा स्टेशन को आकर्षक ढंग से सजाने-संवारने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने नगर निगम को स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा आकर्षक तोरण द्वार बनाने का निर्देश दिया। साथ ही रेलवे प्रशासन को भी श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने को कहा गया। विदित हो कि रेलवे प्रशासन द्वारा भी इस दिशा में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।



सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं एवं व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगम वातावरण में अपनी यात्रा पूरी कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन पर स्वागत योग्य एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

डीएम एवं एसपी ने नगर क्षेत्र के छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



छठ घाटों का निरीक्षण करते डीएम, एसपी व अन्य पदाधिकारी।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने आज संयुक्त रूप से नगर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। मौके पर नगर आयुक्त जीपी सिंह ,उप नगर आयुक्त कुलदीप सिंहा एसडीओ सदर आनंद कुमार ,एसडीपीओ,डीपीआरओ कमल सिंह, बीडीओ एवं सीओ डुमरा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों की इस संयुक्त टीम ने लखनदेई पुल, खरका घाट, कैलाशपुरी स्थित लखनदेई नदी घाट सहित अन्य प्रमुख छठ घाटों का भ्रमण किया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि घाटों की सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, अस्थायी शौचालय, चेंजिंग रूम, वॉच टावर, मेडिकल टीम, नियंत्रण कक्ष, गश्ती दल एवं वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था समय पर पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने कहा कि सूर्योपासना के इस महापर्व छठ पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए भीड़-प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि एसडीआरएफ की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा उपायों के साथ सतत निगरानी रखी जाए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

छठ महापर्व से पूर्व सभी कर्मियों का वेतन एवं लंबित भुगतानों का निष्पादन तीन दिनों के भीतर सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सरकार के निर्देश के आलोक में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सोमवार को जिला एनआईसी सभागार में सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छठ महापर्व के मद्देनजर सभी सरकारी कर्मियों के वेतन भुगतान एवं विभिन्न मदों में लंबित भुगतानों की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभागों में लंबित वेतन एवं अन्य देय भुगतानों का आकलन करते हुए अगले तीन दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर कर्मियों को किसी प्रकार की आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके लिए वेतन एवं अन्य लंबित देय राशि का ससमय भुगतान प्रशासन की प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भुगतान से संबंधित लंबित प्रक्रियाओं एवं तकनीकी बाधाओं का त्वरित निराकरण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में भुगतान की कार्रवाई पूर्ण करें।

डीईओ ने बुलाई विशेष बैठक

सभी बीईओ को रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने का निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में शिक्षा व्यवस्था की प्रगति एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार पासवान ने 10 नवंबर को विशेष समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक अपराह्न दो बजे शिक्षा भवन, डुमरा स्थित सभाकक्ष के द्वितीय तल पर आयोजित होगी। डीईओ कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार बैठक में जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। सभी बीईओ को अपने-अपने प्रखंड से संबंधित एजेंडावार अध्ययन प्रतिवेदन तैयार कर बैठक में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

बैठक में सर्व शिक्षा अभियान के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप, विद्यालयों में कायाकल्प कार्यक्रम के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य एवं लंबित कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही निजी विद्यालयों के सत्यापन एवं संबंधित प्रतिवेदन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के निरीक्षण तथा निरीक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई और प्रशस्त ऐप पर विद्यालयों की स्कैनिंग एवं अद्यतन प्रविष्टि की स्थिति की भी समीक्षा होगी।

स्थापना प्रशासन से जुड़े एजेंडे में शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान एवं भुगतान संबंधी समस्याएं, शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के सत्यापन, विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत शिक्षकों के आंकड़ों का सत्यापन, शिक्षकों के अवकाश संबंधी लंबित आवेदन, सेवा पुस्तिका, एचआरएमएस तथा स्थानांतरण एवं प्रतिनियोजन से संबंधित मामलों की समीक्षा की जाएगी।

वहीं माध्यमिक शिक्षा प्रशासन के तहत मॉडल विद्यालयों की स्थापना एवं संचालन, वर्ष 2027 की वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारी, परीक्षा केंद्रों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं तथा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शैक्षणिक कार्यों की निगरानी पर चर्चा होगी। योजना एवं लेखा शाखा के तहत विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवंटन, व्यय एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र, वित्तीय अभिलेखों, छात्रवृत्ति एवं कल्याणकारी योजनाओं तथा लंबित मामलों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा मध्याह्न भोजन (पीएम पोषण) योजना के नियमित संचालन, खाद्यान्न की उपलब्धता, वितरण एवं उपयोग तथा वित्तीय व्यय और उपयोगिता प्रमाण-पत्र की भी समीक्षा होगी। डीईओ ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संबंधित सभी एजेंडों का अध्ययन कर अद्यतन प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित हों। प्रत्येक एजेंडा से संबंधित मामलों की संख्या, वर्तमान स्थिति तथा उनके निष्पादन के लिए निर्धारित समय-सीमा को भी स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पत्रांक 4252, दिनांक 9 नवंबर 2026 से जारी इस आदेश के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों में बैठक को लेकर तैयारी तेज हो गई है।

'सुशासन दिवस : नीतीश संवाद' की तैयारी को ले जदयू की वर्चुअल बैठक

सीतामढ़ी/पटना (एनएसबी)। आगामी 24 नवंबर 2026 को जनता दल (यू) द्वारा आयोजित राज्यव्यापी सुशासन दिवस : नीतीश संवाद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को पार्टी की महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं राज्य कार्यक्रम प्रभारी लेसी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में वैशाली जिला की प्रभारी डॉ. रंजु गीता ने ऑनलाइन शामिल होकर कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली तथा इसे सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की। बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर संगठनात्मक स्तर पर तैयारियों को तेज करने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। डॉ. रंजु गीता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय एवं जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 'सुशासन दिवस : नीतीश संवाद' के माध्यम से सरकार की विकासपरक नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी। बैठक में जदयू के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने 24 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम को व्यापक और प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।



नीतीश संवाद की तैयारी को लेकर जदयू की वर्चुअल बैठक करतीं डॉ. रंजु गीता।

वैशाली जिला प्रभारी डॉ. रंजु गीता ने लिया हिस्सा, कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प

मुजफ्फरपुर में 11 व 12 नवंबर को होगा भव्य चित्रगुप्त पूजा महोत्सव

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। चित्रगुप्त एसोसिएशन, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में 11 एवं 12 नवंबर को चित्रगुप्त मंदिर परिसर में आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त पूजा महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय नारायण सिन्हा एवं महामंत्री प्रो. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन 11 नवंबर, बुधवार को भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं, 12 नवंबर, गुरुवार को स्मारिका का लोकार्पण एवं पारंपरिक बिरादरी भोज का आयोजन होगा। महोत्सव के प्रभारी सत्येंद्र कुमार पिंकू एवं संयोजक राकेश चन्द्र सम्राट ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है। एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं चित्रांश समाज के गणमान्य लोग लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर समाज के लोगों को सपरिवार महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। महोत्सव की सफलता के लिए आयोजन समिति में अध्यक्ष डॉ. अजय नारायण सिन्हा, महामंत्री प्रो. अजय श्रीवास्तव, पूजा प्रभारी सत्येंद्र कुमार पिंकू, उप प्रभारी आलोक कुमार, संयोजक राकेश चन्द्र सम्राट, सह संयोजक धीरज कुमार वर्मा उर्फ माघो जी, संजीव कुमार रमण एवं संतोष रंजन, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष सर्वजीत प्रियदर्शी मन्ना तथा मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश श्रीवास्तव शामिल हैं।

सम्पादकीय

उचित मूल्य दुकानदारों की भूमिका और जिम्मेदारी

पारदर्शिता का अर्थ केवल सूची सार्वजनिक कर देना नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को इस तरह व्यवस्थित करना है कि लाभार्थी को अपने अधिकार और वितरण की स्थिति समझने में कठिनाई न हो। वितरण की तारीख, उपलब्ध खाद्यान्न, निर्धारित मात्रा, लागू नियम और शिकायत निवारण के माध्यम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाने चाहिए। इससे अनावश्यक भ्रम कम होगा और लाभार्थियों का विश्वास बढ़ेगा। जन वितरण प्रणाली में उचित मूल्य दुकानदार लाभार्थियों और सरकारी व्यवस्था के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से राशन दुकानदारों के व्यवहार, समय पर दुकान खोलने और वितरण की नियमितता का सीधा प्रभाव लाभार्थियों पर पड़ता है। इसलिए इस जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी, संवेदनशीलता और निर्धारित नियमों के अनुरूप होना चाहिए।

दुकानदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराएं, वितरण संबंधी जानकारी स्पष्ट रखें और लाभार्थियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। दुकान खुलने का समय, वितरण की स्थिति और आवश्यक सूचना ऐसी जगह प्रदर्शित होनी चाहिए, जहां आम नागरिक उसे आसानी से देख सकें। हालांकि, उचित मूल्य दुकानदारों की जिम्मेदारियों के साथ उनकी व्यावहारिक समस्याओं पर भी ध्यान देना आवश्यक है। खाद्यान्न की आपूर्ति में देरी, वितरण संबंधी तकनीकी कठिनाइयां, मशीनों में खराबी या अन्य प्रशासनिक समस्याएं होने पर उनका समय पर समाधान होना चाहिए। किसी समस्या के कारण वितरण प्रभावित होता है, तो लाभार्थियों को इसकी स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए।

संतुलित व्यवस्था वही है, जिसमें नियमों का पालन भी हो और वास्तविक कठिनाइयों का समाधान भी। यदि कहीं अनियमितता की शिकायत आती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते हैं, तो किसी को अनुचित रूप से दोषी न ठहराया जाए। व्यवस्था में सुधार का उद्देश्य किसी एक पक्ष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी खाद्यान्न का वितरण निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और लाभार्थियों को उनका अधिकार प्राप्त करने में परेशानी न हो।

जन वितरण प्रणाली को लेकर समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में कम तौल, वितरण में देरी, दुकान बंद रहने या निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं होने जैसी शिकायतें सामने आ सकती हैं। किसी विशेष शिकायत को बिना जांच सत्य मान लेना उचित नहीं है, लेकिन उसे नजरअंदाज करना भी व्यवस्था के हित में नहीं है। हर शिकायत को गंभीरता से लेकर तथ्यों के आधार पर उसकी जांच की जानी चाहिए। जहां वितरण अभिलेख, उपलब्ध स्टक और लाभार्थियों को दिए गए खाद्यान्न की मात्रा के बीच अंतर दिखाई दे, वहां आवश्यक सत्यापन होना चाहिए। निरीक्षण केवल औपचारिकता न बने, बल्कि उसका उद्देश्य वास्तविक स्थिति समझना और कमियों को दूर करना होना चाहिए। प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे समय-समय पर उचित मूल्य दुकानों की जांच करें, अभिलेखों का सत्यापन करें और लाभार्थियों से भी उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें। केवल कागजी रिपोर्ट के आधार पर संतुष्ट हो जाना पर्याप्त नहीं है। व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन जमीनी स्तर पर होना चाहिए।

शिकायत निवारण की प्रक्रिया भी ऐसी होनी चाहिए, जिसमें गरीब और कम पढ़े-लिखे नागरिक बिना अनावश्यक कठिनाई के अपनी बात रख सकें। शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि, उसकी जांच की स्थिति और अंतिम निर्णय की जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। यदि किसी शिकायत का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव नहीं है, तो उसे संबंधित उच्च अधिकारी तक पहुंचाने का स्पष्ट माध्यम होना चाहिए। कार्रवाई की जानकारी नियमानुसार उपलब्ध होने से नागरिकों को यह भरोसा मिलता है कि उनकी शिकायत सुनी जा रही है। इससे व्यवस्था में जवाबदेही बढ़ती है और वास्तविक अनियमितताओं को रोकने में मदद मिलती है। जन वितरण प्रणाली में तकनीक का उपयोग पारदर्शिता बढ़ाने, वितरण का रिकर्ड रखने और लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने में उपयोगी हो सकता है। ई-पस मशीन, डिजिटल अभिलेख और आधार आधारित प्रमाणीकरण जैसी व्यवस्थाएं वितरण प्रक्रिया को व्यवस्थित करने में सहायता करती हैं। इनसे खाद्यान्न वितरण का रिकर्ड तैयार करने और संभावित अनियमितताओं पर निगरानी रखने में सुविधा मिल सकती है।

महिला सशक्तीकरण, समानता और सम्मान का संकल्प



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, उन्हें नेतृत्व का अवसर देने और संगठनात्मक निर्णयों में समान अधिकार सुनिश्चित करने की बातें लंबे समय से होती रही हैं। राजनीतिक दल अपने मंचों से महिला सशक्तीकरण, समानता और सम्मान का संकल्प भी दोहराते हैं। लेकिन इन संकल्पों की वास्तविक परीक्षा तब होती है, जब संगठन के भीतर किसी महिला कार्यकर्ता को अपने सम्मान, योगदान, अधिकार और अवसरों को लेकर सवाल उठाने पड़ते हैं। हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से एक महिला राजनीतिक पदाधिकारी के नाम से सामने आए वीडियो और उसमें लगाए गए गंभीर आरोपों ने एक बार फिर राजनीतिक संगठनों की आंतरिक कार्यप्रणाली, पदों के वितरण और महिलाओं की स्थिति पर व्यापक बहस को जन्म दिया है।

सामने आए आरोपों में संगठन के लिए लंबे समय तक काम करने, व्यक्तिगत संसाधनों से खर्च करने और अपेक्षित संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं मिलने की शिकायत के साथ कुछ बेहद गंभीर एवं आपत्तिजनक परिस्थितियों का भी उल्लेख किया गया है। हालांकि, किसी भी आरोप को जांच और प्रमाण के बिना अंतिम सत्य मान लेना उचित नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन किसी पर लगाए गए आरोपों की सत्यता का निर्धारण निष्पक्ष जांच और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर ही होना चाहिए। यही न्याय, निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों की अपेक्षा भी है।

इस पूरे प्रकरण को केवल किसी एक महिला को पद नहीं मिलने की नाराजगी या संगठन के भीतर की व्यक्तिगत असहमति मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही, इसे किसी राजनीतिक दल विशेष के विरुद्ध सामान्यीत टिप्पणी का आधार बनाना भी उचित नहीं होगा। असल मुद्दा इससे कहीं व्यापक है। सवाल यह है कि क्या राजनीतिक संगठनों में महिला कार्यकर्ताओं के योगदान, उनकी योग्यता, अनुभव और समर्पण का मूल्यांकन पारदर्शी तरीके से किया जाता है क्या संगठनात्मक पदों पर नियुक्ति के लिए स्पष्ट मानदंड निर्धारित हैं क्या वर्षों तक संगठन के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं को उनकी क्षमता और कार्यकुशलता के अनुरूप अवसर मिलते हैं और सबसे महत्वपूर्ण, क्या महिलाओं को संगठन के भीतर सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भेदभावमुक्त वातावरण उपलब्ध है

राजनीतिक संगठन केवल चुनाव लड़ने और सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समानता और जनभागीदारी के महत्वपूर्ण मंच भी हैं। ऐसे संगठनों से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि उनकी आंतरिक व्यवस्था भी लोकतांत्रिक सिद्धांतों के अनुरूप संचालित हो। यदि किसी संगठन में पदों का वितरण पारदर्शी प्रक्रिया के बजाय व्यक्तिगत पसंद-नापसंद, प्रभाव अथवा अनुचित दबाव से प्रभावित होने की शिकायतें सामने आती हैं, तो संगठन की कार्यसंस्कृति पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इसलिए पदों के निर्धारण में योग्यता, अनुभव, कार्यक्षमता, संगठनात्मक योगदान और जवाबदेही को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

यह भी समझना आवश्यक है कि महिला सशक्तीकरण का अर्थ केवल महिलाओं को पद देना या उन्हें संगठनात्मक सूची में स्थान उपलब्ध कराना नहीं है। वास्तविक सशक्तीकरण तब होता है, जब महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिले, उनकी राय को महत्व दिया जाए, उनके कार्यो का उचित मूल्यांकन हो और वे बिना किसी भय, दबाव या असहजता के अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। किसी महिला की राजनीतिक सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा अथवा नेतृत्व क्षमता का मूल्यांकन उसके काम और योग्यता के आधार पर होना चाहिए, न कि किसी अनुचित व्यक्तिगत अपेक्षा के आधार पर।

राजनीति में महिलाओं की भूमिका लगातार विस्तृत हुई है। पंचायतों से लेकर विधानसभा, संसद और विभिन्न राजनीतिक संगठनों तक महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। वे जनसमस्याओं को उठाती हैं, चुनावी जिम्मेदारियां निभाती हैं, संगठन का विस्तार करती हैं और सामाजिक अभियानों में सक्रिय भूमिका अदा करती हैं। इसके बावजूद यदि किसी महिला कार्यकर्ता को संगठन के भीतर अपने सम्मान और अवसरों को लेकर शिकायत करनी पड़ती है, तो यह केवल संबंधित संगठन के लिए ही नहीं, बल्कि समूची राजनीतिक कार्यसंस्कृति के लिए आत्ममंथन का विषय है। विशेष रूप से महिला मोर्चा जैसे संगठनों की भूमिका पर भी विचार किया जाना चाहिए। महिला मोर्चा का उद्देश्य केवल महिलाओं को पार्टी से जोड़ना, कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करना अथवा चुनावी गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाना नहीं होना चाहिए। उसे महिलाओं की नेतृत्व क्षमता विकसित करने,

पंचायतों से लेकर विधानसभा, संसद और विभिन्न राजनीतिक संगठनों तक महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया है।

उनकी समस्याओं को संगठन के शीर्ष स्तर तक पहुंचाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी दिलाने का माध्यम भी बनना चाहिए। यदि संगठन में काम करने वाली महिलाओं को ही अपनी शिकायतों के समाधान के लिए सार्वजनिक रूप से आवाज उठानी पड़े, तो आंतरिक शिकायत निवारण व्यवस्था की प्रभावशीलता पर विचार करना आवश्यक हो जाता है।

ऐसे मामलों में राजनीतिक संगठनों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। किसी भी शिकायत को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर दबाने, शिकायतकर्ता को हतोत्साहित करने अथवा बिना जांच के आरोपों को खारिज करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो या अधूरी जानकारी के आधार पर किसी व्यक्ति की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाना भी उचित नहीं है। निष्पक्षता का तकाजा है कि शिकायतकर्ता की बात सुनी जाए, आरोपों में जिन लोगों या परिस्थितियों का उल्लेख है, उनसे भी पक्ष लिया जाए और उपलब्ध साक्ष्यों की स्वतंत्र रूप से पड़ताल की जाए।

यदि जांच में आरोप प्रमाणित होते हैं, तो संबंधित नियमों और कानूनों के अनुरूप जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते हैं, तो तथ्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। इस प्रक्रिया में शिकायतकर्ता की गरिमा, निजता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। साथ ही, जांच ऐसी होनी चाहिए जिस पर संबंधित पक्षों को निष्पक्षता का भरोसा हो। किसी भी राजनीतिक संगठन की विश्वसनीयता इसी बात से निर्धारित होती है कि वह असहज सवालों और गंभीर शिकायतों का सामना किस पारदर्शिता से करता है।

इस संदर्भ में राजनीतिक दलों को अपनी आंतरिक व्यवस्था में कुछ बुनियादी सुधारों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। संगठनात्मक पदों के लिए स्पष्ट चयन प्रक्रिया होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं के योगदान और योग्यता का नियमित मूल्यांकन किया जाना चाहिए। महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की शिकायतों के लिए स्वतंत्र एवं विश्वसनीय व्यवस्था विकसित होनी चाहिए। संगठन में किसी भी प्रकार के लैंगिक भेदभाव, अनुचित दबाव या कथित शोषण की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। शिकायत करने वाली महिलाओं को यह भरोसा मिलना चाहिए कि उनकी बात सुनने के लिए संगठन के भीतर निष्पक्ष मंच उपलब्ध है।

साथ ही, राजनीतिक दलों को यह भी समझना होगा कि महिलाओं को अवसर देना किसी पर उपकार करना नहीं, बल्कि समानता और लोकतांत्रिक भागीदारी के सिद्धांत को व्यवहार में लागू करना है। महिला कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक स्थान देने के लिए किसी विशेष पा की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। उन्हें उनकी योग्यता, परिश्रम, अनुभव और संगठन के प्रति योगदान के आधार पर आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए।

किसी भी संगठन में असहमति और शिकायतें होना असामान्य नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि संगठन उन शिकायतों को किस ष्टिकोण से देखता है। क्या वह उन्हें सुधार का अवसर मानता है या अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर टाल देता है क्या वह तथ्यों के आधार पर निर्णय लेता है या व्यक्तिगत संबंधों और प्रभाव को प्राथमिकता देता है क्या वह शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने के लिए पारदर्शी व्यवस्था अपनाता है इन प्रश्नों के उत्तर ही किसी संगठन की आंतरिक लोकतांत्रिक संस्कृति को स्पष्ट करते हैं।

आज आवश्यकता केवल राजनीतिक मंचों से महिला सम्मान के नारे लगाने की नहीं, बल्कि उन्हें संगठन के दैनिक व्यवहार में उतारने की है। महिलाओं को नेतृत्व में स्थान देने के साथ-साथ उनकी स्वतंत्रता, सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। राजनीतिक दलों को अपने कार्यकर्ताओं के प्रति जवाबदेह होना होगा, क्योंकि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके पदाधिकारियों की संख्या में नहीं, बल्कि उसके कार्यकर्ताओं के विश्वास और सम्मान में निहित होती है।

अंततः, यह पूरा प्रकरण किसी एक पद, व्यक्ति या राजनीतिक संगठन तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसे राजनीतिक कार्यसंस्कृति में पारदर्शिता, महिलाओं की समान भागीदारी और जवाबदेही पर व्यापक विमर्श का अवसर बनाया जाना चाहिए। आरोप सही हैं या गलत, इसका निर्णय जांच और प्रमाण के आधार पर होना चाहिएय लेकिन महिला सम्मान, सुरक्षित कार्यस्थल और समान अवसर की आवश्यकता किसी जांच के परिणाम पर निर्भर नहीं करती। ये हर लोकतांत्रिक संगठन की अनिवार्य जिम्मेदारियां हैं।

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी तभी वास्तविक अर्थो में सार्थक होगी, जब उन्हें केवल मंच पर स्थान नहीं, बल्कि निर्णय लेने का अधिकार भी मिलेय केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सम्मान भी मिलेय और केवल संगठन में सदस्यता नहीं, बल्कि सुरक्षित एवं समान अवसरों वाला वातावरण भी मिले। क्योंकि महिला सशक्तीकरण की असली पहचान पदों की संख्या नहीं, बल्कि संगठन के भीतर महिलाओं को मिलने वाला सम्मान, स्वतंत्रता, सुरक्षा और न्याय है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

जलेबी का इतिहास: विदेशी उत्पत्ति से भारतीय जनजीवन की मिठास तक

दैनिक नवसंदेश / तब की बात



प्रो. (डा.) सकलदेव सिंह।

भारत विविधताओं का देश है। यहाँ की मिठाइयाँ केवल स्वाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और सामाजिक सद्भाव की प्रतीक भी हैं। इन्हीं में जलेबी का विशिष्ट स्थान है।

गोल-गोल आकार, कुरकुरापन और चाशनी से भरी मिठास के कारण यह बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी की प्रिय मिठाइयों में शामिल है। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, दशहरा, दीपावली, विवाह समारोह और ग्रामीण मेलों में भी इसकी विशेष लोकप्रियता दिखाई देती है।

'जलेबी' को प्रायः भारत की राष्ट्रीय मिठाई कहा जाता है, लेकिन भारत सरकार द्वारा इसे आधिकारिक राष्ट्रीय मिठाई घोषित किए जाने का कोई विश्वसनीय प्रमाण उपलब्ध नहीं है। फिर भी, जनसामान्य में इसकी लोकप्रियता असाधारण है।

जलेबी की उत्पत्ति और ऐतिहासिक यात्रा : जलेबी की ऐतिहासिक जड़ें पश्चिम एशिया की पाक-परंपरा से जुड़ी मानी जाती हैं। अरबी में इसे जुलाबिया और फारसी परंपरा में जोलबिया जैसे नामों से जाना जाता था। दसवीं शताब्दी की अरबी पाक-कला संबंधी पुस्तक किताब अल-तबीख में जुलाबिया का उल्लेख मिलता है।

व्यापार, यात्राओं और सांस्कृतिक संपर्को के माध्यम से इस प्रकार की मिठाइयाँ भारतीय उपमहाद्वीप तक पहुँचीं। हालाँकि, जलेबी के भारत आगमन का कोई निश्चित वर्ष या एकमात्र मार्ग प्रमाणित नहीं है।

भारतीय साहित्य में भी जलेबी के पुराने उल्लेख मिलते हैं। लगभग 1450 ईस्वी में रचित जैन ग्रंथ प्रियंकरनृपकथा में इसका संदर्भ मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि पंद्रहवीं शताब्दी तक जलेबी भारतीय समाज में प्रचलित हो चुकी थी।

समय के साथ भारतीय कारीगरों ने स्थानीय सामग्री, स्वाद और पाक-कला के अनुरूप इसके स्वरूप को विकसित किया। इस प्रकार जलेबी भारतीय खान-पान की परंपरा में गहराई से समाहित हो गई।

जलेबी बनाने की कला और क्षेत्रीय विविधता : जलेबी सामान्यतः मैदे के घोल से बनाई जाती है। घोल को गर्म तेल या घी में गोलाकार आतियों में डालकर तला जाता है और फिर चीनी की चाशनी में डुबोया जाता है। इससे इसमें कुरकुरापन और मिठास आती है।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में जलेबी के आकार, स्वाद और बनाने की विधि में अंतर मिलता है। कहीं यह पतली और कुरकुरी होती है, तो कहीं मोटी और अधिक रसदार। जलेबी और इमरती में भी अंतर हैजलेबी सामान्यतः मैदे से, जबकि इमरती उड़द की दाल के घोल से बनाई जाती है।

भारतीय त्योहारों और जनजीवन में जलेबी : जलेबी केवल मिठाई नहीं, बल्कि सामूहिक उल्लास का प्रतीक भी है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर अनेक विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक आयोजनों में मिठाइयाँ बाँटी जाती हैं, जिनमें जलेबी भी शामिल होती है।

दशहरा और दीपावली पर उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों में इन त्योहारों पर जलेबी खाने की परंपरा प्रचलित है।

गाँव के मेले और बाजार में बिहार सहित उत्तर भारत के ग्रामीण हाटों, कस्बों और मेलों में जलेबी की दुकानें लोगों के आकर्षण का केंद्र रहती हैं।

दैनिक खान-पान : दही-जलेबी और दूध-जलेबी जैसे लोकप्रिय संयोजन इसे आम लोगों के नाश्ते का हिस्सा बनाते हैं।

इसकी लोकप्रियता किसी एक धर्म, जाति या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यही व्यापक स्वीकार्यता इसे भारतीय खाद्य-संस्कृति की विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

जलेबी और अंग्रेज का रोचक व्यंग्य : जलेबी के संबंध में औपनिवेशिक काल से जुड़ा एक मनोरंजक व्यंग्य भी प्रचलित है।

कहा जाता है कि एक अंग्रेज ने भारतीय कारीगर को जलेबी बनाते देखा और उत्सुकतावश पूछा - यह क्या है ?

कारीगर ने उत्तर दिया जलेबी। लेकिन अंग्रेज उसकी बात समझ नहीं पाया। तब कारीगर ने इसकी बनावट समझाने के लिए कहा- सर्किल बाई सर्किल, फुल औफ स्वीट जूसी, विदाऊट ऐनी होल।

अर्थात, गोल-गोल घुमावदार आकृति, मिठास से भरी हुई और भीतर कोई छेद नहीं।

कथा के अनुसार, अंग्रेज को समझाने के लिए कारीगर ने जलेबी तोड़कर दिखाई। तब वह इसकी बनावट और चाशनी से भरे होने का आशय समझ पाया।

यह प्रसंग भारतीय कारीगर की व्यावहारिक बुद्धि और भाषा के अंतर पर आधारित एक रोचक हास्य-कथा है। हालाँकि, इस घटना का कोई प्रमाणित ऐतिहासिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इसलिए इसे ऐतिहासिक तथ्य के बजाय प्रचलित व्यंग्यात्मक कथा के रूप में देखना चाहिए।

जलेबी का आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व : जलेबी की लोकप्रियता ने इसे छोटे दुकानदारों, हलवाइयों और स्थानीय बाजारों की अर्थव्यवस्था का भी महवपूर्ण हिस्सा बनाया है। इसके निर्माण और बिक्री से अनेक लोगों की आजीविका जुड़ी है।

इसका इतिहास यह भी बताता है कि किसी व्यंजन की उत्पत्ति और उसकी सांस्कृतिक पहचान अलग-अलग हो सकती हैं। जलेबी की ऐतिहासिक जड़ें पश्चिम एशिया से जुड़ी मानी जाती हैं, लेकिन सदियों के दौरान इसका विशिष्ट भारतीय स्वरूप विकसित हुआ और यह भारतीय जनजीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई।

उपसंहार : जलेबी की कहानी केवल एक मिठाई के इतिहास की कहानी नहीं, बल्कि सांस्तिक आदान-प्रदान, स्थानीय कारीगरी और सामाजिक परंपराओं की यात्रा है। पश्चिम एशिया की पाक-परंपराओं से जुड़ी यह मिठाई भारतीय समाज में सदियों से लोकप्रिय रही है।

आज जलेबी त्योहारों की खुशी, बाजारों की रौनक, ग्रामीण मेलों की पहचान और आम लोगों के स्वाद का हिस्सा है। अंग्रेज से जुड़ी प्रचलित हास्य-कथा भी इसकी लोकप्रियता में एक रोचक सांस्तिक रंग जोड़ती है।

निष्कर्षतः, जलेबी की ऐतिहासिक जड़ें भले ही भारत से बाहर जुड़ी हों, लेकिन उसकी मिठास, लोकप्रियता और वर्तमान सांस्तिक पहचान भारतीय जनजीवन की अमूल्य धरोहर है।

(लेखक जीजे कॉलेज रामबाग, बिहटा, पटना में वाणिज्य विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं।)

एक दिन में कीजिए पटना के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का दीदार

पटना (दैनिक नवसंदेश) । राजधानी पटना के ऐतिहासिक गौरव, सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्व से पर्यटकों को रूबरू कराने के लिए पर्यटन विभाग ने विशेष पहल की है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) की ओर से पटना और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए तीन आकर्षक एक दिवसीय टूर पैकेज जारी किए गए है। इन पैकेजों को स्कूली बच्चों, वीकेंड पर घूमने के इच्छुक पर्यटकों और धार्मिक स्थलों के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य कम समय में पटना के प्रमुख पर्यटन स्थलों का व्यवस्थित और सुविधाजनक भ्रमण उपलब्ध कराना है।

पर्यटन विभाग ने शुरू किए तीन विशेष पैकेज

स्कूली बच्चों, वीकेंड ट्रैवलर्स और धार्मिक पर्यटकों के लिए अलग-अलग भ्रमण योजनाएं तैयार

परिवहन, खानपान, प्रवेश शुल्क और गाइड की सुविधा भी पैकेज में शामिल

इन टूर पैकेजों के तहत पर्यटकों को परिवहन, नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन, चाय-कफी, पेयजल, स्मारकों का प्रवेश शुल्क और प्रशिक्षित गाइड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही पर्यटन पुलिस की सुविधा भी शामिल की गई है, ताकि पर्यटकों का सफर सुरक्षित और सुगम हो सके।

स्कूली बच्चों के लिए विशेष पटना दर्शन पैकेज : स्कूली बच्चों के लिए तैयार पैकेज में पटना के ऐतिहासिक, शैक्षणिक और मनोरंजक स्थलों को शामिल किया गया है। इस दौरान बच्चे पटना चिड़ियाघर, गवर्नर हाउस, सचिवालय, इको पार्क और बिहार म्यूजियम का भ्रमण कर सकेंगे। इसके बाद गोलघर, गांधी संग्रहालय, सभ्यता द्वार, साइंस सेंटर और बुद्ध स्मृति पार्क देखने का अवसर मिलेगा। इस पैकेज का शुल्क डीलक्स एसी बस, डेकर एसी बस और ट्रैवलर से यात्रा करने पर 2000 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित है। वहीं, इनोवा और एटियोस से यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 2500 रुपये खर्च करने होंगे। वाहन के अनुसार न्यूनतम यात्रियों की संख्या भी निर्धारित की गई है।

वीकेंड पैकेज में इतिहास के साथ धार्मिक स्थलों का भी दीदार : वीकेंड पैकेज के तहत पर्यटक पटना के प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ सिख धर्म की ऐतिहासिक विरासत से भी परिचित हो सकेंगे। इसमें पटना चिड़ियाघर, बिहार म्यूजियम, गोलघर, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, प्रकाश पुंज, बाल लीला और मंगल तालाब जैसे प्रमुख स्थल शामिल हैं। इसके अलावा पर्यटकों को लेजर लाइट शो देखने और पटना शहर के प्रमुख हिस्सों का भ्रमण करने का अवसर मिलेगा। इस पैकेज का टैरिफ स्कूली बच्चों वाले पैकेज के समान रखा गया है।

धार्मिक पर्यटन के लिए अलग पैकेज : श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धार्मिक टूर पैकेज भी तैयार किया गया है। इसके तहत महावीर मंदिर, इस्कन मंदिर, शीतला माता मंदिर, बड़ी पटन देवी, अगम कुआं, छोटी पटन देवी और जल्ला हनुमान मंदिर सहित शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस पैकेज में गुरुद्वारा पटना साहिब में लंच की व्यवस्था भी शामिल है। धार्मिक टूर के लिए एसी डीलक्स बस और डेकर बस का किराया 1500 रुपये प्रति व्यक्ति तथा ट्रैवलर का किराया 1600 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है।

यहां कर सकते है बुकिंग : इन पैकेजों की बुकिंग और विस्तृत जानकारी के लिए पर्यटक बिहार पर्यटन की वेबसाइट पर संपर्क कर सकते है। इसके अलावा 8544418314 और 8544418408 पर फोन अथवा ई-मेल के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कबाड़ से कमाल : मक्के के छिलकों से कलाकृतियां गढ़ रहे भागलपुर के सोनू, सालाना लाखों की आमदनी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत राज्य में स्वच्छता के प्रयास अब केवल कचरा प्रबंधन और उसके निस्तारण तक ही सीमित नहीं रह गए हैं। बल्कि इसे रचनात्मकता से जोड़कर एक नई दिशा दी जा रही है।

कचरा से कला (वेस्ट टू आर्ट) की अवधारणा के तहत बेकार और अनुपयोगी सामग्रियों से आकर्षक कलाकृतियां तैयार करने का सिलसिला तेजी से बढ़ रहा है। इसी सोच को धरातल पर उतारने वाले भागलपुर के सोनू कुमार आज प्रदेशभर के लिए एक मिसाल बन चुके हैं। उनकी यह पहल न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दे रही है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबन भी प्रदान कर रही है।

सोनू कुमार कबाड़ और विभिन्न अनुपयोगी सामग्रियों से खूबसूरत और आकर्षक कलाकृतियां तैयार करने में माहिर हैं। उनके इस हुनर का दायरा केवल लोहे के कबाड़ या प्लास्टिक तक सीमित नहीं है, बल्कि वह प्रकृति से जुड़ी बेकार वस्तुओं का भी बेहतरीन इस्तेमाल कर रहे हैं। वह कबाड़ के अलावा मक्के के छिलके, पेड़ों से गिरे सूखे पत्ते, फूल और अन्य बेकार समझी जाने वाली सामग्रियों से तरह-तरह की नायाब कलाकृतियां बना रहे हैं।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अधिकारियों के अनुसार, भागलपुर निवासी सोनू की कल्पनाशीलता का ही कमाल है कि जो चीजें आम लोगों की नजरों में कचरा होती हैं, उनके हाथों में पहुंचते ही उन्हें एक नया आकार और खूबसूरत पहचान मिल जाती है। उनकी इस सृजनशीलता और अभिनव प्रयोग का एक बड़ा उदाहरण तब देखने को मिला, जब उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के दौरान मक्के के छिलकों से तैयार एक बेहद खूबसूरत कलाकृति तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेंट की थी। इस कलाकृति ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा और राज्य स्तर पर उनकी प्रतिभा को सराहा गया।

कलाकृतियों के निर्माण में कर रहे बेकार वस्तुओं का इस्तेमाल, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का बड़ा संदेश

रचनात्मक कार्य से सालाना हो रही दो से तीन लाख रुपये की शुद्ध आमदनी : सोनू कुमार के लिए कला केवल आत्मसंतोष या शौक का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उनकी आजीविका का एक मजबूत साधन भी बन चुकी है। अपनी मेहनत, लगन और कला के बल पर वह आज इस रचनात्मक कार्य से प्रतिवर्ष दो से तीन लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। उनकी यह पहल साबित करती है कि यदि हुनर के साथ सही दिशा मिल जाए, तो कचरे जैसी समस्या को भी कमाई और रोजगार के अवसर में बदला जा सकता है। यह आर्थिक स्वावलंबन आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

प्रशिक्षण देने के साथ लोगों में फैला रहे जागरूकता : सोनू कुमार अपनी इस अनूठी कला को सिर्फ अपने तक ही सीमित नहीं रखे हैं, बल्कि वह समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का काम भी कर रहे हैं। इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले अन्य लोगों और युवाओं को वह विशेष प्रशिक्षण देते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस हुनर से जुड़ सकें।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत हमारा मुख्य उद्देश्य गांवों को केवल साफ-सुथरा बनाना ही नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज में कचरा प्रबंधन को लेकर एक स्थायी और सकारात्मक बदलाव लाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में हुनरमंद युवा अपशिष्ट पदार्थों से कई रचनात्मक कलातियां तैयार कर इसे रोजगार के अवसर में बदल रहे हैं। सरकार ऐसे सभी रचनात्मक प्रयासों और स्वच्छताकर्मियों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

श्रवण कुमार

(मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन संपर्क विभाग)

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के साथ जुड़कर वह कचरा से कला की इस सकारात्मक सोच को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दे रहे हैं। उनका यह अभियान लोगों को यह सोचने पर मजबूर करता है कि अपशिष्ट प्रबंधन का मतलब केवल कचरे को ठिकाना लगाना नहीं, बल्कि उपयुक्त और बेकार पड़ी सामग्र

कायाकल्प अभियान में तेजी लाएं अधिकारी लंबित प्रस्तावों का शीघ्र करें निष्पादन : डीएम

हर प्रखंड में एक विद्यालय को बनाया जाएगा आदर्श विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालयों के कायाकल्प की समय सीमा 30 नवंबर निर्धारित

मोतिहारी(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने जिले में चल रहे कायाकल्प अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यो में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। सोमवार को वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि आदापुर, अरेराज एवं बंजरिया में तकनीकी स्तर पर प्रस्ताव लंबित हैं, जबकि चकिया में कुछ प्रस्ताव प्रशासनिक स्वीति के लिए लंबित हैं। डीएम ने इन सभी प्रस्तावों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को कायाकल्प अभियान की सप्ताह में दो दिन स्वयं समीक्षा करने को कहा, ताकि कार्यो की नियमित निगरानी हो सके।डीएम ने मडल स्कूलों के अतिरिक्तप्रत्येक प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी की देखरेख में एक-एक विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के कायाकल्प की समीक्षा में बताया गया कि तुरकौलिया, संग्रामपुर एवं कल्याणपुर में कार्य शुरू हो चुका है। डीएम ने विद्यालय भवनों के रंग-रोगन के साथ किचन एवं बाथरूम को व्यवस्थित और दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्तकमरे का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके लिए 30 नवंबर तक की समय सीमा निर्धारित की गई। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को इसकी नियमित निगरानी करने को कहा गया।बैठक में भवनहीन विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि चिति करने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसमें संतोषजनक प्रगति पाई गई। डीएम ने सभी अंचल अधिकारियों को चिति भूमि से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने तथा शेष स्थानों पर जमीन चिति करने का निर्देश दिया। साथ ही चिति भूमि का पूरा विवरण उपलब्ध कराई गई गूगल शीट पर अपलोड करने को कहा, ताकि कार्यो की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके।छठ घाटों की सफाई और सुरक्षा के निर्देश छठ महापर्व की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों को चिति करने और उनकी साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। श्रद्धालुओं एवं छठ वतियों की सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यकतानुसार घाटों पर बैरिकेडिंग कराने को कहा। उन्होंने इस कार्य में जनसहयोग लेने का भी सुझाव दिया।



समीक्षा बैठक करते डीएम एवं डीडीसी।

संक्षिप्त खबरें

महादलित बस्ती में अनुमंडल प्रशासन ने बच्चों के साथ मनाई दीपावली, मिठाई और पठन सामग्री का किया वितरण

चकिया(एनएसबी)। दीपावली के अवसर पर चकिया अनुमंडल प्रशासन की ओर से रविवार को चकबारा पंचायत स्थित महादलित बस्ती में दीपावली उत्सव मनाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी चकिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने बस्ती के बच्चों के साथ खुशियां साझा कींस इस दौरान बच्चों के बीच मिठाई, फुलझड़ी एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के लोगों के बीच त्योहार की खुशियां बांटना तथा बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से अनुमंडल प्रशासन ने सामाजिक समरसता और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया।

बिजुलपुर चौक के पास छापेमारी, 25 लीटर देसी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

तुरकौलिया(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बिजुलपुर चौक के समीप पुलिस ने छापेमारी कर 25 लीटर देसी महुआ चुलाई शराब के साथ दो कथित शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घोघराहा बैरिया निवासी रूपलाल मांझी और प्यारे मांझी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

अपनों से दूर पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर में मनाई दीपावली

तूरकौलिया(एनएसबी)। दीपावली के अवसर पर जहां लोग अपने परिवार के साथ त्योहार की खुशियां मना रहे थे, वहीं आम लोगों की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी अपने घरों से दूर कर्तव्य निभा रहे थे। इसी बीच हरसिद्धि थाना परिसर में महिला पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने आपसी सहयोग और उत्साह के साथ दीपावली मनाई।इस अवसर पर पीएसआई शिखा कुमारी, दरोगा नेहा वर्षा, दरोगा सिराज आलम और महिला सिपाही ब्यूटी कुमारी ने मिलकर आकर्षक रंगोली सजाई। रंग-बिरंगे रंगों से बनी रंगोली ने थाना परिसर को उत्सवी माहौल में बदल दिया। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना कीस थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पुलिसकर्मियों को त्योहारों के दौरान भी ड्यूटी निभानी पड़ती है। जब लोग अपने घरों में परिवार के साथ त्योहार मनाते हैं, उस समय पुलिसकर्मी उनकी सुरक्षा में तैनात रहते हैं। ऐसे में थाना परिसर में साथियों के बीच दीपावली मनाना उनके लिए खुशी का अवसर बनास पुलिसकर्मियों की इस पहल ने यह संदेश दिया कि कर्तव्य के साथ आपसी सहयोग और अपनापन हो तो घर से दूर रहकर भी त्योहार की खुशियां साझा की जा सकती हैं।

जिले भर में दीपों का महापर्व दीपावली हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया

मोतिहारी।(एनएसबी)। पूर्वी चंपारण जिले भर में दीपों का महापर्व दीपावली हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। रविवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। शाम होते ही दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा जिला जगमगा उठास दीपावली को लेकर सुबह से ही लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई कर आकर्षक सजावट की। घरों के मुख्य द्वार पर सुंदर रंगोली बनाई गई। वहीं, शाम में शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ लोगों ने दीप जलाएस दीपावली के अवसर पर महिलाएं,बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक में खास उत्साह रहा। बच्चों ने परिवार के साथ त्योहार की खुशियां मनाईं। वहीं, लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर मिठाइयां बांटी और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। रिश्तेदारों, मित्रों और परिचितों के बीच बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। बाजारों में भी दीपावली की रौनक देखने को मिली। मिठाई, सजावटी सामान, दीप, मोमबत्ती और पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही।जिले के विभिन्न इलाकों में घरों और प्रतिष्ठानों पर की गई आकर्षक विद्युत सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। दीपावली ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। लोगों ने कामना की कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई खुशियां लेकर आए।



दलित बस्ती में बच्चों के बीच खुशियां बांटने पहुंचे थानाध्यक्ष

कॉपी-कलम और लड्डू देकर मनाई दीपावली

शिक्षा के प्रति किया प्रोत्साहित, बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

थानाध्यक्ष बोले- आमजनों और बच्चों की सेवा ही सर्वोपरि

संग्रामपुर(एनएसबी)। दीपावली का त्योहार केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का ही नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच खुशियां बांटने और उनके जीवन में रोशनी लाने का भी पर्व है। इसी मानवीय भावना की मिसाल संग्रामपुर थाना क्षेत्र में देखने को मिलीस दक्षिणी बरियरिया पंचायत के सिसवनिया टोला स्थित दलित बस्ती में संग्रामपुर थाना के थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बच्चों के बीच पहुंचकर दीपावली का त्योहार मनाया। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों बच्चों को कपी और कलम भेंट कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। वहीं बच्चों को लड्डू खिलाकर दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस आयोजन में बच्चों के साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कपी-कलम और मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। दीपावली के इस आयोजन ने पुलिस और पब्लिक के रिश्तों को मजबूत किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस का काम केवल सुरक्षा करना ही नहीं बल्कि आम जनता के हर सुख दुख में शामिल होकर उनके समस्याओं का समाधान करना ही सर्वोपरि है।



छौड़ादानों में अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ई-रिक्शा से हो रही थी तस्करी, नेपाल का एक तस्कर भी गिरफ्तार

मोतिहारी (एनएसबी)। छौड़ादानों थाना क्षेत्र में मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने अफीम जैसा मादक पदार्थ बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। तस्करी में प्रयुक्त ई-रिक्शा और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 8 नवंबर को 71वीं वाहिनी एसएसबी के महुआवा समवाय को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नेपाल से मादक पदार्थ लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना के आधार पर एसडीपीओ रक्सौल के नेतृत्व में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने छौड़ादानों थाना क्षेत्र के धरहरी गांव के समीप सघन वाहन जांच के दौरान एक ई-रिक्शा को रोका। तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखा गया 2050 किलोग्राम अफीम जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआस मौके से छौड़ादानों थाना क्षेत्र के मसही निवासी फिरोज अहमद और जीतपुर निवासी विपिन कुमार के अलावा नेपाल के बारा जिले के सिमरौनगढ़ थाना क्षेत्र के पकड़िया (चिकनी) निवासी दिलीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।छापेमारी दल में एसडीपीओ सदर-रक्सौल मनीष आनंद, थानाध्यक्ष राजीव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रंजू कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश कुमार निराला सहित एसएसबी के जवान शामिल थे।



जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

आग से 11 घर जलकर राख दीपावली की खुशियां मातम में बदलीं

कल्याणपुर की तीन पंचायतों में अगलगी की घटनाएं, लाखों की संपत्ति का नुकसान

कल्याणपुर(एनएसबी)। दीपावली की खुशियां उस वक्त गम में बदल गईं, जब कल्याणपुर प्रखंड की तीन अलग-अलग पंचायतों में अगलगी की भीषण घटनाओं में 11 घर जलकर राख हो गए। इस घटना में घरों में रखे अनाज, नकदी, आभूषण, कपड़े, फर्नीचर समेत लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। आग से प्रभावित परिवारों के सामने अब रहने और खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार, दरमाहा पंचायत के वार्ड संख्या दो स्थित वृत्ति टोला में आग लगने से आठ घर जल गए। वहीं पीपरा खेम पंचायत के वार्ड संख्या दस में एक तथा पकड़ी दीक्षित पंचायत के वार्ड संख्या आठ में दो घर अगिकांड की चपेट में आ गए। आग इतनी तेजी से फैली कि घरों में रखा सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला।सबसे दुखद स्थिति दरमाहा पंचायत के वृत्ति टोला निवासी परमा पासवान के परिवार की है। उनकी बेटी की शादी इसी महीने होने वाली थी। शादी के लिए खरीदकर रखे गए कपड़े, नकदी और अन्य सामान आग में जलकर राख हो गए। वहीं पीपरा खेम निवासी अमरेंद्र अनुज की कीमती लकड़ियां, अनाज समेत अन्य सामान भी नष्ट हो गया। ग्रामीणों और अगिशमन विभाग की गाड़ी के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। अगिकांड से प्रभावित लोगों में राकेश पासवान, चुलाई पासवान, श्री पासवान, केदार पासवान और हरेन्द्र राउत समेत अन्य शामिल हैं।घटना की सूचना पर कल्याणपुर एवं केसरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सीओ आदर्श गौतम ने बताया कि अगलगी से हुई क्षति का आकलन कराया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। फिलहाल प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत के रूप में प्लास्टिक शीट उपलब्ध कराई गई है।



शादी के लिए रखे कपड़े और नकदी भी जले।

संक्षिप्त खबरें

परसा में दीपावली की रात दो दुकानों मे लगी आग, लाखों का सामान राख

परसा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत परसा शंकरडीह मे दीपावली की रात दो अलग अलग दुकानों मे बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखो का समान जलकर राख हो गया बताया जाता है की थाना क्षेत्र के परसा शंकरडीह के थाना रोड मे मोटरसाईकिल के गैरेज मे आग लग गई जिसमे रखे सारे समान जलकर राख हो गया इस संबंध मे मोटरसाईकिल गैरेज मालिक चाँदपुरा गाँव निवासी भरत शर्मा के श्रवण कुमार ने बताया की बिजली की प्रत्येक दिन की तरह अपने दुकान बंदकर कर घर चला गया की रात्रि मे बिजली की शार्ट सर्किट से गैरेज मे आग लग गई जिसमे रखे तीन बाइक सेमत दुकान मे रखे लाखो का समान जलकर राख हो गया वही परसा शंकरडीह के पोझी चौक के समीप रविवार रात्रि करीब 12 बजे गुप्ता कलेक्शन मे बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई जिसमे रखे साड़ी लहंगा जींस पैंट टी-शर्ट सिलवानी सूट इत्यादि रखें लगभग 20 लाख से अधिक के जलकर राख हो गया इस संबंध में दुकान के संचालक दरियापुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी कमलेश शाह के पुत्र पिंटू कुमार गुप्ता ने बताया कि दिन की तरह रविवार के शाम दुकान बंद कर अपना चला गया इसी क्रम में रात में ही बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक दुकान में आग लग जाए जिस दुकान में रखें लगभग 20 लाख से अधिक है का सामान जल करें खराब हो गया आग लगी हुई घटना की सूचना आसपास के दुकानदारों द्वारा फोन पर दिया गया जब मैं पहुंचा तो देखा कि अगिशमन की अगि समुद्र खेती में मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था. काबू पाया जाता तब तक सारे सामान जलकर रखोगे इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि अगिशमन दल की टीम है के तत्परता से बड़ी घटना होने से बच गई और समय रहते हुए आग पर काबू पाया गया नहीं तो आसपास की दुकान भी आग की लपेट में आ सकती थी।

सांसद रूडी के प्रयास से भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस को मिली स्वीकृति, छपरा जंक्शन पर होगा ठहराव

छपरा (एनएसबी)। सारण क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार और यात्री संपर्क को सुदृ करने के लिए स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी निरंतर प्रयासरत रहते है। इसी कड़ी में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद को भुज-बरौनी के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस (19427/19428) के परिचालन को स्वीति प्रदान किए जाने की जानकारी दी है। यह रेल सेवा छपरा होकर संचालित होगी और छपरा जंक्शन पर इसका ठहराव होगा। इस संबंध में सांसद रूडी ने जानकारी देते हुए कहा कि नए भारत में उन्नत रेल सेवाओं की श्रृंखला में अमृत भारत एक्सप्रेस का महत्वपूर्ण स्थान है। आधुनिक यात्री सुविधाओं, उन्नत आंतरिक संरचना और सुविधाजनक यात्रा अनुभव के साथ अमृत भारत ट्रेन देश के करोड़ों यात्रियों के लिए रेल यात्रा को बेहतर बना रही है। अब सारण क्षेत्र के लाखों यात्रियों को भी इस आधुनिक रेल सेवा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भुज से बरौनी के बीच यह पहली रेल सेवा होगी, जो गुजरात और बिहार के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित करेगी। 2,532 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह ट्रेन गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के अनेक महत्वपूर्ण शहरों एवं जंक्शनों को जोड़ेगी। सप्ताह में तीन दिन संचालित होने वाली इस रेल सेवा से पश्चिमी और पूर्वी भारत के बीच यात्रा का एक नया विकल्प उपलब्ध होगा। सांसद ने कहा कि छपरा जंक्शन सारण प्रमंडल के सारण, सीवान एवं गोपालगंज जिलों के यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रेल केंद्र है, जहां से देश के प्रमुख नगरों के लिए रेल संपर्क उपलब्ध है। भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस का छपरा होकर परिचालन इन क्षेत्रों की रेल कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगा।

पचलख में किसान शिविर आयोजित सैकड़ों किसानों ने लिया भाग

भेल्दी। पचलख डीह में पायनियर कंपनी की ओर से 27 पी 39 धान की कटाई दिवस मनाया गया जिसम सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।किसानों के बीच फसल काटकर वजन दिखाया गया जिसमें पायनियर 27 पी 39 प्रति एकड़ 32 टिल बंपर उत्पाद दर्ज किया गया जबकि अन्य किस्म की उपज 27 टिल प्रति एकड़ दर्ज किया गया। इस अवसर पर जिला सेल्स टेरिटरी मैनेजर राजीव कुमार व परसा मकेर प्रखण्ड के एमडीआर कुश कुमार ने किसानों को 27 पी 39 की विशेषता और बेहतर उत्पाद क्षमता की जानकारी दी गई साथ ही पायनियर मक्का की अच्छी किस्म तथा बेहतर उत्पादन की भी जानकारी दी गई।

मवेशी के चारा में बैठे सांप ने महिला को दंशा, महिला हुई अचेत

बनियापुर। थाना क्षेत्र के आमव गांव में महिला चारा का बोझा खोल रही थी तभी उसमें बैठे सांप ने दंश लिया ,जिसके बाद कुछ देर बाद अचेत हो गई,महिला को परिजनों ने रेफरल अस्पताल इलाज के लिए लाए,चिकित्सकों ने महिला की स्थिति देख छपरा रेफर कर दिया,कहा सदर अस्पताल में उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना के संबंध में पीड़िता के देवर तारकेश्वर यादव ने बताया गया है कि बावंती देवी मवेशी के लिए लाया गया चारा का बोझा जैसे खोली तभी बोझे में पहले से बैठे गेहुंअन् सांप ने दंश लिया जिससे महिला अचेत हो गई,अब इलाज के बाद स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।

मांझी के बलिया मोड़ पर पूर्व पीएम चंद्रशेखर की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग तेज

मांझी। गाजीपुर से हाजीपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के मध्य मांझी के बलिया मोड़ पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर सोमवार को मांझी के रूद्रा रेस्टुरेंट के सभागार में राम बहादुर विचार मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के संयोजक प्रो ओम प्रकाश सिंह ने की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मांझी, बलिया मोड़ क्षेत्र पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की कर्मभूमि रही है। यहां से उनका गहरा जुड़ाव था। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनने के बाद बलिया मोड़ एक प्रमुख चौराहा बन जाएगा। ऐसे में यहां उनकी आदमकद प्रतिमा लगना युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 नवंबर को इस आशय का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंपा जाएगा। ज्ञापन में प्रतिमा स्थल के लिए जमीन चिन्हित करने और प्रतिमा स्थापना के लिए सरकारी पहल की मांग की जाएगी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि उमा शंकर ओझा, मुखिया प्रतिनिधि उदय शंकर सिंह, पूर्व मुखिया विजय सिंह, पैक्स अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, पृथ्वीनाथ सिंह, केदारनाथ सिंह, प्रो जनार्दन सिंह, प्रो सुरेश्वर सिंह, पशुपति नाथ सिंह, प्रमोद सिंह, अक्षय सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय तथा मयंक ओझा समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

छपरा सदर। पब्लिक स्कूल मौना पकड़ी बरका दुआरा छपरा में बच्चों के द्वारा दीपावली एवं छठ पूजा के शुभ अवसर पर विद्यालय में प्रतियोगिता रखी गई । जिसमें दीपावली एवं छठी मैया का चित्र बनाकर रंगोली द्वारा बच्चियों ने प्रस्तुत किया। इस कार्य क्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष ड राजू कुमार ,सचिव प्रोफेसर सियाशरण प्रसाद ,प्राचार्या मोनिका देवी एवं विद्यालय प्रबंधक ष्ण मोहन ने किया। जिसमें कक्षा तीसरी से लेकर दसवीं तक के बच्चे और बच्चियों ने रंगोली , दिया मेकिंग , दिया डेकोरेशन जैसे प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम में छठी मैया का चित्र बनाकर कक्षा दसवीं की विद्यार्थी दामिनी कुमारी और खुशी कुमारी ने प्रथम स्थान, दूसरी स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थी तृषा कुमारी , अनीशा कुमारी और श्वेता कुमारी और तीसरी स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थी तनु कुमारी और प्राची कुमारी ने प्राप्त किया। जिसमें कक्षा तीसरी के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विहान कुमार और तेजस कुमार , कक्षा चौथी की दूसरे स्थान प्राप्त करने वाली नंदनी कुमारी और परीधि कुमारी और तीसरे स्थान प्राप्त करने वाली अनुष्का कुमारी और अनन्या गोस्वामी है। साथ में छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों मिलकर पुष्प से स्वास्तिक एवं दिया मिलकर बनाया। और कक्षा दूसरे विद्यार्थी दिया मेकिंग में भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पंखुड़ी कुमारी और प्रतीक्षा कुमारी, दूसरे स्थान प्राप्त करने वाली सिम्मी कुमारी।रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाए तकनीक और नवाचार का संदेश।

मनिया गांव में भीषण अगलगी तीन परिवारों के घर जलकर राख

■ टेंट का सामान और फर्नीचर समेत तीन लाख रुपये से अधिक की संपत्ति नष्ट, पीड़ितों ने प्रशासन से मांगा मुआवजा



जले घर दिखाते पीड़ित।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सहुरिया पंचायत अंतर्गत मनिया गांव में रविवार की देर रात अचानक आग लगने से तीन परिवारों के घर जलकर राख हो गए। अगलगी की इस घटना में टेंट का सामान, फर्नीचर समेत तीन लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

जानकारी के अनुसार, मनिया गांव निवासी मनोहर यादव, शीतल यादव और शमफूल यादव के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीनों घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से शमफूल यादव और मनोहर यादव के टेंट व्यवसाय से जुड़े सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। वहीं, शीतल यादव के घर में रखा फर्नीचर और अन्य घरेलू सामान भी राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि मो. हैदर राजा ने अंचलाधिकारी आशीष कुमार को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पंचायत सचिव श्यामानंद राम और सर्वे अमीन मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड सदस्य संजीव कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। अगलगी की घटना के बाद तीनों प्रभावित परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से नुकसान का उचित आकलन कर सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में अंचलाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि अगलगी से हुई क्षति का आकलन कराया जा रहा है। जांच के लिए पंचायत सचिव को घटनास्थल पर भेजा गया है। क्षति का आकलन होने के बाद ही मुआवजे के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

29 वर्षीय रणबीर का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम आठ दिन के नवजात समेत चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के देहद पंचायत अंतर्गत मोहनपुर गांव के वार्ड संख्या 15 निवासी स्वर्गीय रामप्रसाद सादा के 29 वर्षीय पुत्र रणवीर सादा की राजस्थान में अचानक मौत हो गई। सोमवार दोपहर एंबुलेंस से शव गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक की पत्नी नेहा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पति का शव देखते ही वह बार-बार बेहोश हो जा रही थीं।

परिजनों और ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें संभाला। रणवीर अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों सहित चार छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। सबसे हृदयविदारक बात यह है कि उनके सबसे छोटे पुत्र का जन्म महज आठ दिन पहले ही हुआ था। नवजात के सिर से पिता का साया उठने से हर किसी की आंखें नम हैं। बताया जाता है कि रणवीर सादा गांव के ही विजय सादा, छोटू सादा और कैलाश सादा के साथ राजस्थान में रहकर मधेपुरा जिले के बेलोचामगढ़ गांव निवासी ठेकेदार संजीत कुमार सिंह के अधीन मजदूरी करते थे। शनिवार को काम से छुट्टी के दौरान वह घूमने निकले थे। देर शाम जब वह डेरा लौटे तो गंभीर रूप से जख्मी हालत में थे। साथ काम करने वाले मजदूर उन्हें स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही उनकी अचानक मौत हो गई। इसके बाद साथी मजदूर एंबुलेंस से शव लेकर मोहनपुर गांव पहुंचे। महज 29 वर्ष की उम्र में रणवीर की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। चार मासूम बच्चों और पत्नी के सामने अब जीवनयापन की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। घटना से गांव में शोक की लहर है।



रोते-बिलखते पत्नी व बच्चें।



मृतक युवक।

संक्षिप्त खबरें

संस्कार भारती सहरसा इकाई द्वारा प्रभु श्री राम एवं माता सीता की भव्य रंगोली का निर्माण



प्रभु श्री राम एवं माता सीता की रंगोली।

सहरसा शहर (एनएसबी)। संस्कार भारती, सहरसा इकाई के दृश्य कला संयोजक अमन गौरव के संयोजन में स्थानीय कलाकार स्वाती तिवारी एवं रूपा झा द्वारा प्रभु श्री राम एवं माता जानकी सीता दाय की एक अत्यंत नयनाभिराम एवं भव्य रंगोली का निर्माण किया गया। रंगोली निर्माण का मुख्य उद्देश्य मिथिला की लोक-संस्कृति का संरक्षण करना है।मिथिला की पावन धरा पर श्सीता दायश और प्रभु श्री राम के प्रति अगाध श्रद्धा है। इस कलाकृति के माध्यम से पारंपरिक कला, आध्यात्मिक मूल्यों और सांस्कृतिक धरोहर को जन-जन तक पहुँचाना है। आज की युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक जड़ों और मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम व माता सीता के आदर्शों से जोड़ना। स्थानीय कला और प्रतिभा को मंचरू कलाकारों की रचनात्मक ऊर्जा को धार्मिक एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करना। रंगोली में रंगों के संयोजन द्वारा श्री राम और माता सीता के सौम्य रूप को बेहद जीवंत ढंग से उकेरा गया, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु व कलाप्रेमी मंत्रमुग्ध हो गए।इस अवसर पर संस्कार भारती सहरसा इकाई के महामंत्री रवि कुमार, मंचीय कला संयोजक राहुल गौरव, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी एवं कलाकारों ने भाग लिया और संकल्प व्यक्त किया कि संस्था आगे भी भारतीय कला, संस्कृति और परंपरा के संवर्धन हेतु ऐसे रचनात्मक आयोजन करती रहेगी।

घर का ताला तोड़कर डेढ़ लाख के जेवरात व नकदी की चोरी

बेनीपुर (एनएसबी)। बहेड़ा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में घर का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात और नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता नूसरत प्रवीण ने बहेड़ा थानाध्यक्ष को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदक के मुताबिक, बीती रात वे अपनी बहन के यहां गए थे। सुबह करीब छह बजे लौटने पर घर में चोरी का पता चला। जांच करने पर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात, दस हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान गायब मिले। आवेदक ने पुलिस से घटना की जांच कर चोरों की पहचान एवं बरामदगी की मांग की है। इस पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

चार दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव आज से

दरभंगा(एनएसबी)। दरभंगा जिले की ऐतिहासिक- सांस्कृतिक संस्था ,दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा द्वारा इस वर्ष चित्रगुप्त भवन (कोतवाली थाना के निकट), पुराना सोसाइटी सिनेमा में 113 वीं चार- दिवसीय पूजनोत्सव समारोह की तैयारी हेतु सभा के अध्यक्ष आर के दत्ता की अध्यक्षता में चित्रगुप्त भवन में बैठक आयोजित की गयी। इस मौके पर सभा के प्रधान सचिव-अरविंद कुमार तथा प्रभारी प्रधान सचिव- मुकेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह वर्ष सभा की 112 वीं वर्षगांठ के रूप में मनायी जाएगी। वहीं सभा के पूर्व अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 112 वर्षों से दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के द्वारा चार- दिवसीय चित्रगुप्त पूजन उत्सव मनाया जाता है।दरभंगा में कोतवाली थाना के निकट अवस्थित पुराना सोसाइटी सिनेमा हॉल यानी चित्रगुप्त भवन उत्तर बिहार का पहला चित्रगुप्त संस्थान है, जिसका अपना चित्रगुप्त भवन है।इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र प्रभाकर व पवन कुमार श्रीवास्तव, सह सचिव संतोष कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष पांडेय रितेश सहाय, कार्यालय सचिव अजीत कुमार वर्मा, पूजा प्रभारी- डॉ मनीष कुमार,संगठन सचिव मिथिलेश कुमार विवेक,पूर्व प्रधान सचिव व वार्ड 21 के वार्ड पार्षद नवीन सिन्हा, निर्मल कुमार सिन्हा, मनीष कुमार, पूर्व अध्यक्ष मधुबाला सिन्हा,बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव, कमल कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार सिन्हा, अजय कुमार कर्ण, रौशन कुमार,कार्तिकेय कुमार, महिला संभाग की अध्यक्ष किरण कुमारी, सचिव-सरोज कुमारी, युवा संभाग के अध्यक्ष बसु श्रीवास्तव, सचिव शुभम कुमार, दिव्यांग संभाग के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा कि इस वर्ष चार- दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव समारोह 10 नवंबर,2026 मंगलवार को अपराह्न एक बजे से उद्घाटन के बाद कायस्थ बच्चों के खेल कूद प्रतियोगिता से प्रारंभ होगा, शाम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा,जबकि पूजन उत्सव के दूसरे दिन 11 नवंबर,बुधवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा -अर्चना प्रसाद वितरण संध्या आरती तथा संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गुरुवार 12 नवंबर,2026 को अपराह्न 2 बजे से महिला सम्मेलन, कवि सम्मेलन, चित्रांश मिलन सह सम्मान समारोह, भगवान संध्या की आरती सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पूजनोत्सव के चौथे और अंतिम दिन 13 नवंबर, 2026 शुक्रवार को पारितोषिक वितरण, प्रतिमा शोभा यात्रा निकली जाएगी।उसी दिन 13 नवंबर,2026 को ही शाम में भाई सहभोज का आयोजन किया जाएगा। चार-दिवसीय चित्रगुप्त पूजनोत्सव को सफल करने में सभा के कई पूर्व अध्यक्ष, पूर्व प्रधान सचिव सहित वर्तमान सत्र के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य अपने-अपने दायित्व को निभा रहें हैं। विदित हो कि दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के द्वारा चित्रगुप्त भवन में 1914 ई से ही चार-दिवसीय चित्रगुप्त पूजा होती आ रही हैं।

धूमधाम से मनाई जाएगी 113 वीं पूजनोत्सव

जदयू द्वारा 24 नवंबर को सुशासन दिवस नीतीश संवाद कार्यक्रम का आयोजन

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिला के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड में 24 नवंबर को सुशासन दिवस नीतीश संवाद के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जनता दलयू जिलाध्यक्ष गुंजेश्वर शाह के अध्यक्षता में सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड में सोमवार को बैठक आहूत की गई।

ज्ञात हो कि 10 नवंबर को सहरसा अतिथि गृह में दिन के 01 बजे बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। आप सभी जनता दल यू जिला कार्यकारिणी के सदस्यों सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षगण सभी प्रखंड अध्यक्षगण एवं जनता दलयू के सभी सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित होकर इस बैठक को सफल व ऐतिहासिक बनावे। इस बैठक में प्रदेश महासचिव युवा गणेश कुमार गौरव पान, जिला प्रवक्ता डॉ लुतफुल्लाह, जिला अध्यक्ष परशुराम सिंह,प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र सिंह कुशवाहा, उदय चंद्र शाह, जदयू नेता मुरारी सिंह, जिला उपाध्यक्ष रघुनंदन सिंह, सुधीर सिंह, अरुण सिंह, विजय सिंह, विपिन कुमार गुप्ता, गजेंद्र सिंह, रमेश शाह, ललित कुमार, पंचानंद शाह, सलीम, लाचेंदर सिंह, किशोर कुमार सिंह, शशि सिंह एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक में जदयू कार्याकर्ता।

नगर निगम की 421 पूर्ण योजनाओं की हो उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई : साजन शर्मा



डीएम को ज्ञापन सौपते बीजेपी जिलाध्यक्ष व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर निगम में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सरकारी राशि के उपयोग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को भाजपा के एक शिष्टमंडल ने जिला पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और नगर निगम की 421 पूर्ण योजनाओं सहित विभिन्न विकास कार्यों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

ज्ञापन में नगर निगम के सभी वार्डों में संचालित सड़क, गली एवं नाला निर्माण योजनाओं के प्राक्कलन, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, खरीदारी, आपूर्ति और भुगतान प्रक्रिया की गहन जांच कराने पर जोर दिया गया है। भाजपा ने विशेष रूप से पिछले एक वर्ष में कराए गए निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन कराने तथा बाजार मूल्य और नगर निगम द्वारा किए गए भुगतान का मिलान कराने की मांग की है। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि नगर निगम की विकास योजनाओं में अनियमितता को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पूर्व मंत्री डॉ. आलोक रंजन द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग को लिखे गए पत्र के आलोक में गठित पांच सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट एवं विभागीय जांच के बाद नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा का निलंबन गंभीर सवाल खड़े करता है। ऐसे में केवल एक अधिकारी के निलंबन से पूरे मामले की जवाबदेही समाप्त नहीं हो जाती, बल्कि सभी संबंधित योजनाओं और वित्तीय लेन-देन की निष्पक्ष जांच जरूरी है।उन्होंने नगर आयुक्त के निलंबन के बाद नगर निगम कार्यालय में कुछ पार्षदों द्वारा हंगामा करने और सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने की घटना की भी निंदा की। उन्होंने प्रशासन से इस मामले की जांच कर सरकारी कार्य बाधित करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की।ज्ञापन में जीएसटी बिल, निर्माण सामग्री की वास्तविक खरीद दर, आपूर्ति से संबंधित दस्तावेज, भुगतान की प्रक्रिया तथा सरकारी योजनाओं की राशि के संभावित दुरुपयोग की जांच कराने की मांग भी शामिल है। भाजपा ने कहा कि यदि जांच में वित्तीय अनियमितता, जीएसटी चोरी अथवा सरकारी राशि के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं एजेंसियों की जवाबदेही तय कर कठोर कार्रवाई की जाए।साजन शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता के पैसे से चलने वाली विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर योजना का हिसाब होना चाहिए और सरकारी राशि का सदुपयोग सुनिश्चित होना चाहिए। जनता को बेहतर सड़क, नाला और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। शिष्टमंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शशि सोनी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अबु बकर शामिल थे।

अरसी गांव में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच मैत्री क्रिकेट मुकाबला, पुलिस टीम ने 47 रन से मारी बाजी

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के पड़रिया पंचायत अंतर्गत अरसी गांव में सोमवार को विकास समिति अरसी के तत्वावधान में काशनगर थाना पुलिस एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों के बीच मैत्री क्रिकेट मुकाबले का आयोजन किया गया। मुकाबले का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। 15 ओवर के निर्धारित मुकाबले में टॉस जीतकर जनप्रतिनिधि टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए काशनगर थाना पुलिस की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 216 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी जनप्रतिनिधियों की टीम 169 रन पर सिमट गई। इस तरह पुलिस टीम ने 47 रन से शानदार जीत दर्ज की। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 64 रन बनाने और तीन विकेट लेने वाले रनवीर कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस मौके पर काशनगर थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार, डॉ. नवीन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पूर्व मुखिया धीरेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य आजाद कुमार, डीलर संघ के सचिव सोनू सिंह, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर, अध्यक्ष ध्रुव कुमार, ब्रह्मदेव शर्मा एवं संरक्षक विकास सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि इस मैत्री क्रिकेट मुकाबले का मुख्य उद्देश्य पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय, भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं खेल भावना को मजबूत करना है। इस दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।



बिजेता टीम को शिल्ड देते अतिथि।

कलश शोभा यात्रा व विधि-विधान के साथ मां काली सहित तीन देवी-देवताओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा

सहरसा शहर (एनएसबी)। शहर के बनगांव रोड स्थित नेताजी सुभाष चैक रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित नवनिर्मित मां काली मंदिर में आयोजित चार दिवसीय मां काली स्थापना यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन माता काली, सिद्धिविनायक गणेश एवं भैरव बाबा का विधि-विधान के साथ गृह प्रवेश कराया गया। आचार्य बमबम झा, पंडित नीलांबर झा, पंडित गोविंद झा सहित पांच विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच गृह प्रवेश की रस्म संपन्न हुई। दीपावली की मध्य रात्रि में माता काली सहित तीनों देवी-देवताओं की मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा, निशा पूजा एवं बलि प्रदान का अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

इसके उपरांत मंदिर का पट आम श्रद्धालुओं के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए खोल दिया गया। सोमवार की सुबह से ही माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर भक्तों का मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मां काली पूजा समिति के संयोजक मनीष कुमार ने बताया कि दीपावली की मध्य रात्रि निशा पूजा एवं बलि प्रदान के बाद सोमवार की सुबह पूजा समिति की ओर से माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद दिनभर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, संध्या में भजन-कीर्तन एवं भव्य आरती का आयोजन किया गया।उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से निमार्णाधीन मां काली मंदिर का निर्माण कार्य अब पूर्ण हो चुका है। यह हम सभी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है कि अब मां काली का यह भव्य मंदिर स्थायी रूप से श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना एवं दर्शन के लिए तैयार हो गया है। पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस प्रशासन एवं पूजा समिति के सदस्य दिनभर मुस्तैद रहे। उन्होने बताया कि मंगलवार को माता को प्रसिद्ध खिचड़ी एवं सब्जी का छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही संध्या में भव्य आरती का आयोजन होगा। वहीं, बुधवार को कलश विसर्जन के साथ चार दिवसीय स्थापना यज्ञ महोत्सव का समापन किया जाएगा।पूजा महोत्सव को सफल बनाने में मां काली पूजा समिति के अध्यक्ष राजू सिंह, सचिव मनोज यादव, संयोजक मनीष कुमार, यजमान संजय सिंह माया एवं टुनटुन यादव, श्यामसुंदर सिंह, साधु यादव, मुकेश यदुवंशी, रवि कुमार, रंजय कुमार, रोशन कुमार सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।



कलश यात्रा।



मां काली की प्राण प्रतिष्ठां।

संक्षिप्त खबरें

फरारियों के धर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बेला नौबाद पंचायत के नागेश्वर सिंह बासा एवं बोबिल पंचायत के वार्ड नंबर नौ एवं दस के फरार चल रहे पांच वारंटियों के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपका कर समयावधि के अंदर उसे संबंधित थाना अथवा कोर्ट में आत्मसमर्पण करने अथवा इसका उल्लंघन करने पर घर के कुर्की जब्ती करने की चेतावनी दी है। फरार सभी वारंटियों पर मधेपूरा जिला के अदालत से इश्तेहार चिपका कर इसकी चेतावनी देने का निर्देश पुलिस को मिली थी। इसी निर्देश के आलोक में पुलिस ने नागेश्वर सिंह बासा के फरार वारंटी मोहम्मद कुर्बान, मोहम्मद अजीम एवं बीबी रूणा खातून एवं मधेपूरा जिला के उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 284ध्21 के फरार अभियुक्त बोबिल पंचायत के वार्ड नंबर नौ निवासी लतामी मुनि के पुत्र पवन मुनि एवं वार्ड नंबर दस निवासी मणिलाल शर्मा के पुत्र मंटू शर्मा के घर पर पहुंच कर इश्तेहार चिपकाया।

अलग-अलग मामलों में चार गिरफ्तार

चौथम (एनएसबी)। चौथम पुलिस ने अपराध और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में छिनतई के मामले में दो, मारपीट के मामले में एक तथा शराब के नशे में पकड़ा गया एक आरोपी शामिल है। पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि सभी चारों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

आग लगने से दो झोपड़ी जलकर राख,गाय भी झुलसी

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के बोबिल पंचायत अंतर्गत सिकंदरपुर गांव में रविवार देर रात आगजनी की घटना में दो व्यक्तियों के झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए। इस घटना में एक दुधारू गाय भी बुरी तरह झुलस गई। आग लगने की घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। उस समय गांव के अधिकांश लोग गहरी नींद में सो रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले सिकंदरपुर गांव निवासी उमेश सिंह उर्फ बाबाजी, पिता स्वर्गीय जागेश्वर सिंह के सुनसान झोपड़ीनुमा घर में आग लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पड़ोस में रहने वाले दहचन सिंह, पिता स्वर्गीय गणेश सिंह के फूस के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया।इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे राहगीरों की नजर घर से उठ रहे धुएं पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर ग्रामीणों को जगाया। ग्रामीणों की नींद खुलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दोनों घरों को नुकसान पहुंच चुका था और दहचन सिंह की दुधारू गाय आग की चपेट में आकर झुलस गई। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई, जिसके बाद दमकल की गाड़ी एवं प्रशासनिक कर्मी मौके पर पहुंचे। इस संबंध में राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने बताया कि आगजनी की घटना की सूचना मिली है। जल्द ही घटनास्थल पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार पीड़ित परिवारों को मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जाएगी।

अपराधियों ने युवक पर गोली चलाई,कार्रवाई की मांग

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र की बेला नवाद पंचायत स्थित नागेश्वर सिंह वासा में अपराधियों ने श्यामसुंदर सिंह के पुत्र बुधो सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। अपराधियों ने बुधो सिंह को निशाना बनाकर दो गोलियां चलाईं, गनीमत रही कि इस घटना में वह बाल-बाल बच गए।पीड़ित बुधो सिंह ने घटना की लिखित शिकायत बेलदौर थाना अध्यक्ष को दी है। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने टोल फ्री नंबर 112 पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल बरामद की। इस दौरान मौके पर अपराधियों का एक जिंदा कारतूस भी जमीन पर गिरा मिला, जिसे बुधो सिंह ने उठाकर 112 के पदाधिकारियों को सौंप दिया। पीड़ित के अनुसार, इससे करीब एक माह पहले भी इसी तरह प्राथमिक विद्यालय नागेश्वर सिंह वासा के समीप अपराधियों ने गोली चलाई थी। हालांकि, पुरानी गोलीबारी की इस घटना में अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और उनका मनोबल लगातार बढ़ रहा है।इस मामले को लेकर बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यदि आरोपी जल्द गिरफ्त में नहीं आए, तो न्यायालय के निर्देश पर उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

महादलित टोले में जिलाधिकारी ने बच्चों के बीच बांटी मिठाइयां एवं किताबें

खगड़िया (एनएसबी)। दीपावली के अवसर पर जिला प्रशासन और आम जनता के बीच अपनत्व, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता की भावना को सुढ़ करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी विक्रम विरकर द्वारा खगड़िया प्रखंड के संसारपुर के महादलित टोले में स्थानीय महादलित परिवारों के साथ दीपावली का उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। जिला पदाधिकारी ने टोले के बच्चों एवं स्थानीय परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने उपस्थित बच्चों के बीच मिठाइयां एवं किताबें, कपी एव कलम वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिला पदाधिकारी ने सभी ग्रामीणों को प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा ड़ भीमराव अंबेडकर की तैलचित्र के सामने दीप जलाकर श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन भी किया। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि हर घर रोशन, हर दिल खुशहाल की भावना के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और खुशहाली पहुंचाना ही जिला प्रशासन का मुख्य ध्येय है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि समाज के सभी वर्गो के लोग आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव के साथ त्योहारों की खुशियां साझा करें। जिला पदाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया तथा टोले की



डीएम एवं बच्चें।

मूलभूत सुविधाओं एवं जनसमस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा अपने छेत्र को लेकर संबंधित आवश्यकताओं को उनके समक्ष रखा गया। जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए आश्वस्त किया कि उनकी वाजिब समस्याओं का शीघ्र एवं उचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान बच्चों की सुरक्षा एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान अभिभावक बच्चों के प्रति विशेष सतर्कता बरतें तथा पटाखों के प्रयोग के समय उन्हें अकेला न छोड़ें। बच्चों को पटाखों एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थो से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक करें। जिला पदाधिकारी ने सभी जिलेवासियों से आग्रह किया कि वे दीपावली एवं छठ पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों का पालन करें, ताकि त्योहारों की खुशियों के बीच किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इस अवसर पर जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति ने ग्रामीणों के साथ आत्मीयता एवं विश्वास के संबंध को और मजबूत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के सभी वर्गो के बीच समानता, सामाजिक समरसता एवं प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना रहा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी खगड़िया सदर , जिला शिक्षा पदाधिकारी खगड़िया, नजारत उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी खगड़िया सदर अब अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने गरीब बच्चों के बीच बांटे पटाखे और मिठाइयां

खगड़िया (एनएसबी)। पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने दीपावली के शुभ अवसर पर जिला राजद कार्यालय में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लगभग 200 बच्चों के बीच पटाखों का वितरण किया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर दीपावली की खुशियां मनाईं। पटाखे और मिठाइयां पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए। मनोहर कुमार यादव ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके बीच दीपावली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का त्योहार है। त्योहार की असली खुशी तभी है, जब समाज के गरीब, जरूरतमंद और वंचित परिवारों के बच्चे भी खुशियों के साथ पर्व मना सकें। समाज के हर व्यक्ति को अपनी खुशियों में जरूरतमंद लोगों को भी शामिल करना चाहिए।उन्होंने सभी बच्चों एवं उनके परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सुख-समृद्धि की कामना की। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के बीच त्योहार की खुशियां बांटने और समाज में आपसी प्रेम, सहयोग एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद जिला मीडिया प्रभारी रणवीर कुमार, राजद नेता सुबोध यादव,मो नसीम उर्फ लंबू,आमिर खान,सर्वजीत पांडे,अजीत तिवारी,टीपू सुल्तान मंसूरी,जितेन्द्र कुमार,मोशमीम,अंकित कुमार,अजय भारती सहित दर्जनों नेता मौजूद थे।



बच्चों को पटाखा और मिठाईयां बांटते मनोहर यादव।

खगड़िया में अलग-अलग दुर्घटना में चार घायल

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप घायल हो गए, जिसमें एक को बेहतर इलाज के रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मुफ्फसिल थाना अंतर्गत संसारपुर निवासी नेपल महतों का करीब 28 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार और किशन राय का 30 वर्षीय पुत्र अपनी मोटरसाइकिल से गौड़ा शक्ति गांव से लौटते समय संसारपुर चौक के निकट अचानक सामने एक कुत्ते के आ जाने से संतुलन बिगड़ जाने से मोटरसाइकिल काफी दूर तक सड़क पर काफी दूर घसीटे जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दो स्थानीय महिलाओं वीणा देवी और रीना देवी द्वारा एक रिक्शे वाले की मदद से उन्हें सदर अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल संतोष कुमार ड्यूटी पर मौजूद डा0 मानस श्री ने प्राथमिक उपचार के बाद जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कलेज एंड हस्पिटल रेफर कर दिया। एक अन्य घटना में मोरकाही थाना क्षेत्र अंतर्गत भिड़याही पोखर के पास एक मोटरसाइकिल और टेंपो के आपसी भिड़ंत में अलौली थाना क्षेत्र अंतर्गत कामाथान निवासी गया पासवान का करीब 22 वर्षीय पुत्र करन कुमार और अरविन्द पासवान का करीब 18 वर्षीय पुत्र अभिमन्यु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि दोनों छठ पूजा के लिए अपने गांव से खगड़िया बाजार आते समय उक्त घटना घटी। सभी घायलों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।



सदर अस्पताल में भर्ती घायल।

चौथम में दीवार गिरने से सात वर्षीय बच्चे की मौत

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड के वार्ड संख्या-9 में एक दर्दनाक हादसे में सात वर्षीय बच्चे नयन राज की मौत हो गई। बताया जाता है कि घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहे नयन पर अचानक एक पुरानी दीवार गिर गई। मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सुपौल जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र के कमलदाह गांव निवासी मिथलेश मंडल के पुत्र नयन राज के रूप में हुई है। वह दुर्गापूजा के अवसर पर अपने ननिहाल चौथम आया हुआ था। हादसे के बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथम ले गए। वहां चिकित्सक ड़ ब्रजेश कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया, लेकिन मानसी के समीप रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजन शव लेकर चौथम सीएचसी पहुंचे, जहां उन्होंने हंगामा किया। सूचना पर एसआई अभिमन्यु कुमार सिंह, संतोष सिंह और भानु प्रताप पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने सबका पंचनामा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी हो कि नयन दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी असामयिक मौत से ननिहाल और पैतृक गांव में शोक की लहर है। त्योहार की खुशियां परिवार के लिए गहरे दुख में बदल गईं।

तीन दिवसीय मेले में भक्ति और संस्कृति का संगम, भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के विभिन्न काली मंदिरों में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिरों का पट खोल दिया गया। पट खुलते ही मां के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चारों ओर जय मां काली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। वही परबत्ता प्रखंड के बन्देहरा, सतीशनगर, ड्योढ़ी भरतखंड, खजरैठा, सलारपुर, कन्हैयाचक, सिरिया टोला, नयागांव, नयागांव पंचखुट्टी, रहीमपुर, तेमथा और अगुवानी सहित विभिन्न गांवों के काली मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। अमावस्या की रात मां काली की आराधना और निशा पूजन का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। कन्हैयाचक काली मंदिर में पट खुलने के समय श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुटी। मां के दर्शन के लिए भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। वहीं खजरैठा काली मंदिर के पंडित शंभुनाथ ठाकुर ने बताया कि रविवार की देर रात अमावस्या के अवसर पर मां काली की प्रतिमा को विधि-विधान से पिंडी पर विराजमान कराया गया। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा, निशा पूजन एवं पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार अमावस्या की कालरात्रि मां काली की पूजा-अर्चना के लिए विशेष महत्व रखती है। इधर, काली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया है। संध्या होते ही भजन-कीर्तन और सांस्तिक कार्यक्रमों से पूरा माहौल भक्तिमय हो जा रहा है। दूर-दराज से पहुंच रहे श्रद्धालु मां काली के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। मेले में लगे विभिन्न प्रकार के झूले और खिलौनों की दुकानें बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और मेले की रौनक से गांवों में उत्सवी माहौल बना हुआ है।



मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

संक्षिप्त खबरें

विद्यालय में बच्चों ने कृत्रिम घाट पर भगवान भास्कर को अर्पित किया अर्घ्य

खगड़िया (एनएसबी)। लोक आस्था, पवित्रता और प्रति उपासना के महापर्व छठ की परंपराओं से नई पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से नवसृजित प्राथमिक विद्यालय ताँतीटोला बभनगामा में छठ महापर्व पर विशेष शैक्षणिक-सांस्तिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने दीपावली और छठ पूजा की आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर भारतीय लोक संस्ति एवं परंपराओं का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर को पारंपरिक छठ घाट का स्वरूप दिया गया। केले के थंभ, दीप, फूल, पारंपरिक सूप-दउरा और पूजन सामग्री से परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। पहली से पांचवीं कक्षा तक की छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने सूप में ठेकुआ, भुसवा, कच्ची हल्दी, मौसमी फल, नारियल, गन्ना एवं अन्य पूजन सामग्री सजाकर छठ पूजा की परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया।छठ गीतों के मधुर वातावरण के बीच छात्राओं ने त्रिम तालाब में खड़े होकर भगवान भास्कर को दूध एवं जल का अर्घ्य अर्पित किया। वहीं विद्यालय के श्यामपट्ट पर दीपावली एवं छठ से संबंधित आकर्षक चित्रों और संदेशों के माध्यम से पर्व के धार्मिक, सांस्तिक एवं सामाजिक महत्व को भी प्रदर्शित किया गया।प्रधान शिक्षक पवन कुमार, शिक्षक शशिकान्त कुमार एवं अरुण तिवारी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास लोक संस्ति, संस्कार, सामाजिक मूल्यों और व्यावहारिक अनुभवों से भी होता है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी सांस्तिक जड़ों से जोड़ने के साथ उनमें रचनात्मकता, अनुशासन, सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।शिक्षक शशिकान्त कुमार ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि स्वच्छता, प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और अनुशासन का भी संदेश देता है। आधुनिकता के इस दौर में बच्चों को अपनी लोक परंपराओं और सांस्तिक विरासत से परिचित कराना बेहद जरूरी है। जब बच्चे स्वयं सूप सजाते हैं, पूजन सामग्री तैयार करते हैं और अर्घ्य अर्पित करने की परंपरा को समझते हैं, तो उनके लिए यह सीख जीवनभर यार बन जाती है।इस अवसर पर छात्राओं का उत्साह और अनुशासन देखते ही बन रहा था। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों और पूजन सामग्री से सुसज्जित विद्यालय परिसर ने पूरे वातावरण को छठ घाट जैसा बना दिया। ग्रामीणों ने विद्यालय की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में अपनी संस्ति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों के प्रति सम्मान बढ़ता है।

आस्था लोक हॉस्पिटल का निबंधन रद्द, चिकित्सीय कार्यो पर रोक

खगड़िया (एनएसबी)। सदर अस्पताल रोड में संचालित आस्था लोक हस्पिटल का निबंधन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। साथ ही अस्पताल में सभी प्रकार के चिकित्सीय कार्यो पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इस संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा अस्पताल संचालक से दो दिनों के अंदर उनके अस्पताल में भर्ती दो मरीज के संबंध में सभी चिकित्सीय कागजात एवं संबंधित चिकित्सक के साथ संचालक से स्पष्टीकरण की मांग की गई थी । अस्पताल संचालक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाया गया तथा दोनों भर्ती मरीजों के संबंध में समर्पित चिकित्सीय पुर्जा अधूरा पाया गया। साथ ही जांच के दौरान यह भी पाया गया कि उन मरीजों के चिकित्सीय पुर्जा पर दर्ज किसी अन्य चिकित्सक का हस्ताक्षर अंकित है , जबकि अस्पताल के निबंधन में किसी अन्य चिकित्सकों का नाम अंकित है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि अस्पताल द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में असैनिक षल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा ज्ञापांक-4752, दिनांक 09ा12026 के माध्यम से आस्था लोक हस्पिटल का निबंधन तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए किसी भी प्रकार के चिकित्सीय कार्य करने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया गया है। सिविल सर्जन द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आदेशित किया गया है कि आस्था लोक हस्पिटल, अस्पताल रोड, खगड़िया में किसी भी प्रकार का चिकित्सीय कार्य करते हुए पाए जाने पर नियमानुकूल कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

बाइक सवार युवक को कट्टा दिखाकर लूटा, दो गिरफ्तार

चौथम (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के भतरिंधा मध्य विद्यालय के समीप हथियारबंद पांच बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक को घेरकर उसके साथ मारपीट की और देशी कट्टा दिखाकर लूटपाट की। हालांकि, युवक की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बदमाशों की योजना पर पानी फेर दिया। ग्रामीणों की सक्रियता और पुलिस की तत्परता से दो आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि तीन अन्य भागने में सफल रहे। पीड़ित युवक की पहचान महेशखूंट थाना क्षेत्र के चंद्रवंशी टोला भर्रा गांव निवासी मकून ठाकुर के पुत्र उत्तम कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उत्तम कुमार अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान भतरिंधा मध्य विद्यालय के पास पहले से घात लगाए पांच बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल जबरन रुकवा ली। इसके बाद सभी ने युवक को चारों तरफ से घेर लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। विरोध करने पर देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। अपराधियों ने युवक के गले से सोने की चकती (लकेट), मोबाइल फोन और जेब में रखे करीब 1,500 रुपये नकद लूट लिए। लूटपाट और मारपीट के दौरान उत्तम कुमार ने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आसपास के खेतों और गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों की भीड़ को अपनी तरफ आता देख बदमाशों के होश उड़ गए। पकड़े जाने के डर से बदमाशों ने अपने पास रखा देशी कट्टा पास के पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया और वहां से भागने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दो आरोपियों को पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सौरव कुमार और रामू कुमार को पकड़ लिया। दोनों मरांच गांव के निवासी बताए गए हैं। वहीं, उनके तीन अन्य साथी मौके से फरार हो गए। इस मामले में चौथम थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि लूटपाट के आरोप में दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया है। पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस पानी में फेंके गए हथियार की बरामी और फरार तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

छठ मेला में आयोजित होंगे दंगल प्रतियोगिता

गोगरी (एनएसबी)। आगामी सात दिवसीय छठ मेला को लेकर मेला समिति अपना कार्य को अंतिम रूप देने में लगें हुए हैं। बताते चलें कि सोमवार को रामपुर जबरदस्त अखाड़ा बनकर तैयार है जिसमें भव्य महिला कुस्ती दंगल प्रतियोगिता में 17 एवं 18 नवंबर को दोपहर से शुरू होना है। इस संदर्भ में मेला प्रभारी सरपंच नूर आलम ने बताया कि इस बार भव्य कुस्ती प्रतियोगिता को लेकर विभिन्न राज्यों से पहलवान को बुकिंग किया गया है। जिसमें उत्तर प्रदेश के हाथरस से बाली पहलवान, इमरान पहलवान, जावेद पहलवान,एटा से राहुल पहलवान,वानारस से महिला पहलवान रिया यादव, गोरखपुर से मधु उपाध्याय आ रही है। वही मेला मंत्री करण कमांडो ने बताया कि इस बार मेला को भव्य रूप में लेकर विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम तय है। जिसमें तीन राज्यों से पहलवान आ रहे हैं। इसके लिए अखाड़ा को तैयार कर लिया गया है। इस मौके पर कार्यकारिणी मंत्री राजेश कुमार, मुकेश साह बाजार प्रभारी सह कोषाध्यक्ष सुभाष साह, सदानंद रजक कुस्ती प्रभारी मुखिया प्रतिनिधि शंकर यादव,शंभु यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



अखाड़ा बनाते लोग।

देश की सबसे बड़ी दीपावली मनाने का भी माद्दा रखती है डॉ. नीतीश चंद्र दुबे की टीम : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

11 लाख 11 हजार 111 दीपों से जगमगाया कल्याणपुर, मुख्यमंत्री ने आयोजकों की जमकर की सराहना

मुंगेर (एनएसबी)। जिले के कल्याणपुर स्थित दुर्गा महारानी मंदिर परिसर में आयोजित बिहार की सबसे बड़ी दीपावली ने ऐतिहासिक छाप छोड़ी। इस भव्य दीपोत्सव में शामिल होने पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि कल्याणपुर में बिहार की सबसे बड़ी दीपावली तो मनाई ही जा रही है, लेकिन ड् नीतीश चंद्र दुबे की टीम में देश की सबसे बड़ी दीपावली मनाने का भी माद्दा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर दीपोत्सव का आयोजन करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए कल्याणपुर यूथ क्लब की पूरी टीम बधाई की पात्र है। टीम ने एक दीया मां-बेटी के नाम जलाकर समाज को एक बेहद सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश देने का काम किया है। यह पहल केवल दीप जलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के प्रति सामाजिक जागरूकता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक दीपोत्सव के सफल आयोजन के लिए मुख्य आयोजक ड् नीतीश चंद्र दुबे सहित उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बिहार की सांस्तिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाई प्रदान करते हैं।गौरतलब है कि कल्याणपुर में आयोजित इस भव्य दीपोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 11 लाख 11 हजार 111 दीप प्रज्वलित कर किया। हजारों दीपों की रोशनी से पूरा दुर्गा महारानी परिसर जगमगा उठा और उत्सव का नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े।मौके पर मुंगेर विधायक प्रणय कुमार, एमएलसी लालमोहन गुप्ता, कल्याणपुर यूथ क्लब के मनीष दुबे, प्रशांत दुबे, मिथिलेश मंडल, अमरजीत सिंह, अशोक मंडल, ष्ण सिंह सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।


दीपों का जलता भव्य प्रकाश।


मुख्यमंत्री का स्वागत संबोधित एवं अभिवादन करते डक्टर नीतिश चंद्र दुबे।

संक्षिप्त खबरें

24 घंटे में 29 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार, अवैध शराब भी किये गये जप्त

छपरा सदर। वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों और अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण तथा परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को ष्टिगत रखते हुए 8 नवंबर को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-29 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के ष्टिकोण से कुल-06 वाहनों से 6,000 रूपए जुर्माना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत कुल शराब-35160 ली (देशी शराब-15 ली0 एवं विदेशी शराब-20 160 ली0), तास की गड्डी-01 एवं नगद राशि-31,050ध्- रूपये बरामद किए गए ।

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई जन शिकायतों पर सुनवाई'

छपरा सदर। सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय छपरा में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में आए आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्या बताई, सबके निराकरण हेतु आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। विदित हो कि पुलिस कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस पर भौतिक रूप से 10 बजे सुबह से 2बजे शाम तक जनसुनवाई की जाती है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर बारवे पंचायत में दीपावली की खुशियां बांटी गई

छपरा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह द्वारा बारवे पंचायत के वार्ड संख्या 14 में दीपावली के पावन अवसर पर विशेष पहल की गई। इस दौरान वार्ड के सभी घरों में मिठाई, बम-पटाखे एवं मोमबत्तियों का वितरण कर लोगों के बीच दीपावली की खुशियां बांटी गईं।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रकाश, आपसी प्रेम और भाईचारे का पर्व है। इस पर्व की असली खुशी तभी है, जब समाज के हर वर्ग के लोगों के चेहरे पर मुस्कान हो। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं सांसद राजीव प्रताप रूडी की भावना और निर्देश के अनुरूप क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर दीपावली की खुशियां साझा करने का प्रयास किया गया है।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के प्रत्येक परिवार के साथ त्योहार की खुशियां बांटना और आपसी सौहार्द एवं सामाजिक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कायस्थ सेना के कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

छपरा। कायस्थ सेना के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक छोटा तेलपा लाला टोली में स्थित भाजपा के प्रधान प्रवक्ता अधिवक्ता प्रकाश रंजन नीकू के आवास पर संपन्न हुई जिसमें कायस्थ समाज के युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कायस्थ सेना की संपन्न बैठक में मुख्य रूप समाज के आराध्य देव श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा 10 तारीख के बजाय 11 नवंबर को करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया संरक्षक श्री नीकू ने बताया कि उदया तिथि होने के कारण 11 नवंबर को चित्रगुप्त पूजा हर्ष एवं उत्साह के साथ साथ ही अब 11 नवंबर को मनाया जाएगा जिसमें कायस्थ समाज के अलावे अन्य समाज के लोग भी भाग लेंगे बैठक में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पवन कुमार श्रीवास्तव प्रकाश चंद्र वर्मा मुरारी शरण वर्मा बृजभूषण चुन्नू मदन जी शरण पप्पू संजय वर्मा मनोज कुमार प्रताप अनूप कुमार कुमार उत्कर्ष संजय श्रीवास्तव गोविंद श्रीवास्तव विशाल वर्मा प्रमोद वर्मा आदि प्रमुख थे बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पवन कुमार श्रीवास्तव संचालन सुशील कुमार श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश रंजन नीकू ने किया ।

छठ घाट पर 24 घंटे गूंजेगा रामधुन आठ संकीर्तन मंडलियां लेंगी हिस्सा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। स्थानीय नयागांव ठाकुरबाड़ी में छठ पूजा रामधुन संकीर्तन यज्ञ समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं अध्यात्म चिंतक सत्संगी राजन कुमार चौरसिया ने की, जबकि संचालन महासचिव प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर काली पहाड़ी के नीचे स्थित नहर छठ घाट पर 24 घंटे का अखंड रामधुन संकीर्तन महायज्ञ आयोजित किया जाएगा।महायज्ञ में आठ संकीर्तन मंडलियां हिस्सा लेंगी। इस दौरान भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, बजरंगबली एवं शिव-पार्वती सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। वहीं, यज्ञ स्थल पर भगवान भास्कर की भव्य प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।बैठक को संबोधित करते हुए राजन कुमार चौरसिया ने कहा कि काली पहाड़ी के नीचे स्थित नहर प्रातिक झरनों के जल से संचित जमालपुर का प्रमुख छठ घाट है। यहां छठ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। रामधुन संकीर्तन महायज्ञ से छठ वतियों और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होगी।महासचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि इस घाट पर छठ पूजा के अवसर पर अर्घ्य अर्पित करने की परंपरा काफी पुरानी है। वर्ष 1984 से लगातार 42 वर्षों से यहां रामधुन संकीर्तन यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों से भगवान भास्कर की प्रतिमा भी स्थापित की जा रही है। इस वर्ष आयोजन को और भव्य बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।मौके पर सुजीत कुमार, गोपाल चंद्र, नीतीश राज, राज मल्होत्रा, मनोज कुमार मंडल, आशीष कुमार, अभिमन्यु साह, रवि राजकुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।


बैठक करते छठ पूजा समिति।

मुखिया डेजी कुमारी की पहल पर अहरा पोखर छठ घाट पर चला स्वच्छता अभियान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जमालपुर प्रखंड की बाक पंचायत स्थित अहरा पोखर छठ घाट पर रविवार को व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। मुखिया डेजी कुमारी की पहल पर आयोजित इस अभियान में प्रमुख प्रतिनिधि जयराज गौतम, उपमुखिया प्रीतम कुमार, पंचायत क्लब के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर छठ घाट और उसके आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि जयराज गौतम ने कहा कि छठ महापर्व केवल आस्था और उपासना का पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, स्वच्छता और सामूहिक सहभागिता का भी प्रतीक है। छठ घाटों की साफ-सफाई करना और करवाना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। यह पर्व हर व्यक्ति को सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना से जोड़ता है। इसलिए घाटों की स्वच्छता सुनिश्चित करने में प्रत्येक ग्रामीण की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि छठ पूजा के दौरान घाटों की स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी प्रकार की गी न फैलाएं। अभियान में कुंदन कुमार, राकेश, गुड्डू, मिथिलेश ठाकुर, अश्वनी, रोशन, राजमणि, कन्हैया, बबलू सिंह, कन्हैया पासवान, सूरज, सुमित, छोटू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


छठ घाट की सफाई करवाते मुखिया।

बम काली माता के दरबार में पहुंचीं मुख्य पार्षद पार्वती देवी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। ईस्ट कलोनी क्षेत्र के नया गांव मंगरौरा स्थित प्रसिद्ध बम काली माता के दरबार में नगर परिषद की मुख्य पार्षद पार्वती देवी पार्षदों की टीम के साथ पहुंचीं। उन्होंने माता के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।पूजा-अर्चना के उपरांत बम काली पूजा समिति की ओर से मुख्य पार्षद पार्वती देवी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान मुख्य पार्षद ने पूजा समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए काली पूजा की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि काली पूजा आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का पर्व है। सभी लोग आपसी प्रेम, भाईचारे, शांति एवं सद्भावना के साथ इस महापर्व को मनाएं। पर्व के दौरान सामाजिक सौहार्द बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।इस मौके पर मधु देवी, अंकित कुमार,वार्ड पार्षद सोनू मंडल, आलोक कुमार, मुकेश पासवान, नवीन चौरसिया, चिक्कू, बबलू सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे।


मां काली के दरबार में पूजा अर्चना करते मुख्य पार्षद।

काली पहाड़ी स्थित राधा-कृष्ण बलराम मंदिर में धूमधाम से मनी गोवर्धन पूजा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर जमालपुर ईस्ट कलोनी के तराई क्षेत्र में काली पहाड़ी के शिखर पर स्थित राधा-कृष्ण बलराम मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां पारंपरिक रीति-रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। पूजा-अर्चना में शामिल होने और भगवान श्रीष्ण के दर्शन करने के लिए जमालपुर सहित मुंगेर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा खगड़िया, बेगूसराय, जमुई एवं लखीसराय से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।पूजा में यजमान के रूप में मंदिर परिषद के सचिव राजेश यादव तथा पुरोहित के रूप में गौरव झा ने विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव, ब्रह्मदेव चौरसिया, विनोद उपाध्याय, नागेश्वर यादव, विनोद कुमार एवं संयुक्त सचिव गरीब यादव सहित अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।मंदिर परिषद के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी गोवर्धन पूजा को भव्य एवं याार बनाने के लिए पिछले एक महीने से तैयारियां की जा रही थीं।इस अवसर पर मंदिर परिषद के संयुक्त सचिव राजेश रमन उर्फ राजू ने कहा कि गोवर्धन पूजा भगवान श्रीष्ण की उस दिव्य लीला का स्मरण कराती है, जब उन्होंने ब्रजवासियों को भगवान इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए अपनी सबसे छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। यह पर्व प्रति, गौवंश और पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा एवं सामूहिक एकता का संदेश देता है।


गोवर्धन पूजा करते राधा कृष्ण बलराम मंदिर के समिति।

पुलिस की कार्रवाई से नशेड़ियों एवं अवैध कारोबारी के बीच मचा हड़कंप, दो नशेरी एवं एक अन्य मामले में किया गया गिरफ्तार

जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)। शहर में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जमालपुर पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दो नशे के मामले से जुड़े हैं, जबकि एक युवक को मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया गया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस ने बड़ी दरियापुर इलाके में छापेमारी कर सुमित कुमार एवं चांद कुमार को नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में रेलवे नंबर-दो स्कूल के समीप से ऋषभ कुमार को गिरफ्तार किया गया। ऋषभ की गिरफ्तारी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 117 के तहत दर्ज मामले में की गई है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि शहर में नशाखोरी, अवैध कारोबार एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले लोगों पर बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शहर की शांति भंग करने अथवा कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


गिरफ्तारी की जानकारी देते जमालपुर पुलिस।

संक्षिप्त खबरें

घर में घुसकर लाखों के जेवरात और सात हजार रुपये की चोरी

दरियापुर। डेरनी थाना क्षेत्र के लोहछा गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण समेत सात हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। घटना 9 नवंबर 2026 की बताई जा रही है। इस संबंध में गांव निवासी विजय कुमार साहनी, पिता स्व् सुरेश प्रसाद साहनी ने डेरनी थाने में लिखित आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार, सुबह सोकर उठने के बाद वे घर में रखे बक्से से रुपये निकालने गए तो देखा कि छोटी बक्सा गायब है। खोजबीन करने पर बक्सा छत पर मिला। बक्से का पल्ला एक तरफ से उठा हुआ था और उसमें रखे पांच थान सोने के आभूषण, जिनमें कान की बाली, मांगटीका और नथुनी शामिल हैं, गायब थे। इसके अलावा चांदी की दो जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया तथा सात हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए थे। पीड़ित के अनुसार, अज्ञात चोर खिड़की के छज्जे के सहारे छत पर पहुंचे और सीढ़ी के रास्ते घर में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बीडीओ ने नट बस्ती के बच्चों के बीच मिठाई बांटकर दी दीपावली की शुभकामनाएं

इसुआपुर। दीपावली के शुभ अवसर पर रविवार की शाम इसुआपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी ई सत्यम सिंह ने प्रखंड मुख्यालय स्थित नट बस्ती पहुंचकर बच्चों के बीच मिठाई बांटी और उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की तथा आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।बीडीओ ने कहा कि दीपावली प्रकाश, खुशियों और उत्साह का पर्व है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने तथा समाज में प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने विशेष रूप से अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को पटाखों से दूर रखें और उनकी सुरक्षा का ध्यान दें, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि त्योहार की असली खुशी दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में है।बीडीओ की इस पहल से नट बस्ती के बच्चों में काफी उत्साह और खुशी देखी गई। मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

मुख्यमंत्री के संभावित सारण दौरे को लेकर जिलाधिकारी ने तैयारियों का लिया जायजा

छपरा सदर । बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित सारण जिला भ्रमण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मांझी स्थित रामघाट परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, आकर्षक लाइटिंग, मंच, हैंगर, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात दलन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सह इंटर कलेज का निरीक्षण कर मिशन कायाकल्प के तहत हुए कार्यो, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, एस्ट्रोनमी लैब, रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों की सक्रिय सहभागिता के साथ इन सुविधाओं का प्रभावी एवं व्यावहारिक प्रदर्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लर्निंग आउटकम एवं खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करने की गतिविधियों का भी बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के संभावित भ्रमण को लेकर सभी तैयारियां आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूरी की जाएं। स्वच्छता, सुरक्षा, सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के संभावित सारण दौरे को लेकर तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा रही है तथा अधिकांश व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं।

जिलाधिकारी के आदेशानुसार 19 लोगों की समस्या को सुना गया तथा कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिया गया निदेश

छपरा सदर। सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिलाधिकारी आमलोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या को सुन रहे हैं। ष्जनता के दरबार में जिलाधिकारीष् कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को जनता दरबार में उपस्थित सभी 19 लोगों की समस्या को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के आदेशानुसार अपर समाहर्ता द्वारा सुना गया तथा कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।जनता दरबार में अधिकांश मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं शिक्षा के थे। इसके अतिरिक्त भू अर्जन से संबंधित मामले थे , जिनका एक एक करके निष्पादन किया जा रहा है। सभी आवेदनों के संदर्भ में भी समस्या के निराकरण के लिये कार्रवाई का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

दिव्य दीपोत्सव में दिखा भक्ति और संस्कृति का दिखा अनूठा संगम

छपरा। भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शो की अनुपम छटा शनिवार को छपरा के शाह बनवारी लाल सरोवर परिसर में देखने को मिली। संस्कार भारती एवं श्रीरामलला सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिव्य दीपोत्सव ने पूरे परिसर को भक्ति, आस्था और सांसतिक उल्लास से सराबोर कर दिया। दीपों की जगमगाहट, रामायण के प्रसंगों पर आधारित जीवंत सांसतिक प्रस्तुतियां और प्रभु श्रीराम के भव्य राज्याभिषेक ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक एवं सांसतिक स्वरूप प्रदान किया।

अन्नपूर्णा धाम मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

दीपोत्सव के अवसर पर अन्नपूर्णा धाम मंदिर, दौलतगंज से प्रभु श्रीराम, माता सीता, भ्राता भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ एवं भक्त हनुमान की मनोहारी झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वाद्य यंत्र, ढोल, शहनाई और मंगल ध्वनियों के बीच निकली शोभायात्रा टक्कर मोड़ एवं गुदरी बाजार होते हुए शाह बनवारी लाल सरोवर परिसर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर झांकी का स्वागत किया। प्रभु श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कुमारी अनिशा द्वारा संस्कार भारती के ध्येय गीत पर प्रस्तुत आकर्षक नृत्य से हुआ।

रामायण के पांच प्रसंगों ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

दिव्य दीपोत्सव में आर्ट-वे धमाका कला केंद्र के कलाकारों ने रामायण के पांच प्रमुख प्रसंगों की प्रभावशाली सांसतिक प्रस्तुति दी। इनमें राम दरबार, केवट प्रसंग, शबरी प्रसंग, हनुमान-विभीषण संवाद और रावण उपदेश शामिल रहे। कलाकारों ने अपने अभिनय और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। केवट और शबरी प्रसंग ने भक्ति, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश दिया, वहीं हनुमान-विभीषण संवाद ने धर्म और नीति की महत्ता को रेखांकित किया। रावण उपदेश के माध्यम से अहंकार के त्याग और सदाचार का संदेश प्रस्तुत किया गया।

राम राज्याभिषेक से साकार हुई आदर्श रामराज्य की परिकल्पना

आयोजन का प्रमुख आकर्षण प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक रहा। परिसर में पहुंचे प्रभु श्रीराम ने दीप जलायी जिसके बाद पारंपरिक धार्मिक विधि-विधान और भक्तिमय वातावरण में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामायण के उस गौरवशाली क्षण की अनुभूति कराई, जो भारतीय जनमानस में आदर्श शासन और लोककल्याण का प्रतीक है। इसके पश्चात दीपोत्सव के दौरान सरोवर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। चारों ओर फैली दीपशिखाओं ने परिसर को अलौकिक छटा प्रदान की।

संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का संदेश

संस्कार भारती, उत्तर बिहार के लोक कला विधा संयोजक राजेश चंद्र मिश्र एवं श्रीरामलला सेवा समिति के संयोजक अमित गुप्ता ने कहा कि दीपोत्सव का उद्देश्य केवल दीप प्रज्वलित करना नहीं, बल्कि भारतीय संस्ति, लोककला और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण के साथ सामाजिक समरसता को मजबूत करना भी है। प्रभु श्रीराम का जीवन आदर्श, त्याग, सेवा, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। आयोजन के माध्यम से इन्हीं जीवन मूल्यों को समाज के बीच पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

छठ पर्व अवसर पर नाव परिचालन पर रोक

दलसिंहसराय/एनएसबी। जिलाधिकारी के निर्देश पर अनुमंडलाधिकारी ने आदेश जारी कर छठ पर्व के अवसर पर सभी नदियों एवं तालाबों में नावों के परिचालन पर सख्ती से रोक लगाने हेतु सभी अंचलाधिकारी एवं नगर परिषद/नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी को दिया है छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने,छठ करने बालों सहित उनके परिवार की सुविधा हेतु यह आदेश जारी किया गया है दुर्घटना की संभावना के मद्देनजर इस आदेश का प्रचार प्रसार सभी अंचलाधिकारी को ध्वनि विस्तारक यंत्र से कराने एवं सभी थानाध्यक्ष को इसका पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 215 के तहत कार्रवाई करने की जानकारी दी है।

धनतेरस व दीपावली पर विद्यापतिधाम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सैकड़ों वाहनों की हुई पूजा

विद्यापतिनगर/एनएसबी। धनतेरस एवं दीपावली के पावन अवसर पर विद्यापतिधाम स्थित प्रसिद्ध बाबा बालेश्वर स्थान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहन लेकर पहुंचे लोगों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराई। मंदिर परिसर में सुबह से ही वाहनों की आवाजाही लगी रही। श्रद्धालुओं ने अपने नए वाहनों के साथ पुराने वाहनों की भी पूजा कराकर सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस और दीपावली के अवसर पर नए वाहन, आभूषण एवं अन्य शुभ वस्तुओं की खरीदारी के साथ उनकी पूजा-अर्चना करना शुभ माना जाता है। इसी आस्था और परंपरा के तहत विद्यापतिनगर सहित आसपास के विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों से लोग अपने वाहन लेकर विद्यापतिधाम मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में वाहनों की कतार और श्रद्धालुओं की चहल-पहल से उत्सवी माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जीवन में मंगल की कामना की। धनतेरस और दीपावली के अवसर पर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर विद्यापतिधाम की धार्मिक महत्ता और लोगों की अटूट आस्था को प्रदर्शित किया।

दलसिंहसराय अनुमंडल क्षेत्र में मनाया गया विधिक सेवा दिवस

दलसिंहसराय/एनएसबी। अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के सौजन्य से सोमवार को विधिक सेवा दिवस अनुमंडल क्षेत्र दलसिंहसराय में मनाया गया। इस अवसर पर डोर टू डोर कैम्पेन कार्यक्रम के तहत पैनल अधिवक्ता सुखराम मोची, आकाश कुमार, राहुल कुमार झा आदि पारा विधिक स्वयं सेवक संजीत कुमार , रामा कुमार, अमन कुमार इत्यादि ने दलसिंहसराय अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गाँवों के आमलोगों के घर घर जाकर विधिक सेवा की जानकारी, लोक अदालत की जानकारी, मध्यस्थता की जानकारी, लीगल एड की जानकारी तथा नालसा, बालसा एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न लोककल्याणकारी स्कीम के बारे में जानकारी आमलोगों को दिया । वहीं दूसरी ओर पंचायत भवन, अजनौल के परिसर में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, पैनल अधिवक्ता सुनिल कुमार चौधरी एवं पारा विधिक स्वयं सेवक धर्मेंद्र कुमार ने आमलोगों को विधिक सेवा की संक्षिप्त जानकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी, लीगल एड की जानकारी दिया ।

बुलाकीपुर चौड़ में उपलाता मिला आठ दिन से लापता था वृद्ध का शव भोज खाने घर से निकला था मृतक

दलसिंहसराय नगर/एनएसबी। बुलाकीपुर वार्ड संख्या-13 स्थित चौर में रविवार को एक करीब 65 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नंदलाल यादव के रूप में हुई है। वे बीते एक नवंबर से लापता थे। जानकारी के अनुसार, रविवार को कुछ स्थानीय लोग चौर में कपड़ा धोने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में पड़े शव पर पड़ी। शव देखते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि नंदलाल यादव अपने घर से गाँव में ही भोज खाने निकला था। लेकिन जब घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। साथ ही लापता होने के बाद परिजन उनकी तलाश में लगातार जुटे थे। इसके लिए जगह-जगह प्रचार करवाया गया। वहीं, पोस्टर चिपकाकर भी उन्हें खोजने की कोशिश की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। रविवार को चौर में शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष इरशाद आलम ने बताया कि व्यक्ति के लापता होने को लेकर पुलिस को पूर्व में कोई सूचना नहीं मिली थी। रविवार को शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। फिलहाल मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

जनता दरबार में भूमि विवाद के आठ मामले आए, तीन का मौके पर निष्पादन

पांच मामलों के निष्पादन के लिए अगली तिथि निर्धारित, फरियादियों की समस्याओं के समाधान को लेकर हुई सुनवाई

विद्यापतिनगर एनएसबी। अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। आरओ अरुण कुमार शर्मा की उपस्थिति में आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित कुल आठ मामले सामने आए। इनमें सुनवाई के बाद तीन मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं, शेष पांच मामलों में आवश्यक कागजात एवं संबंधित पक्षों की दलीलों के आधार पर सुनवाई पूरी करने के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन को लेकर आवश्यक पहल की। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों के समाधान के लिए दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों का निपटारा आपसी सहमति एवं नियमानुसार कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। जनता दरबार के आयोजन से फरियादियों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने और उनके समाधान की उम्मीद जगी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता से दुर्व्यवहार के विरोध में समस्तीपुर में वकीलों ने जम कर की नारेबाजी

जिला अधिवक्ता संघ के नेतृत्व में निकाला प्रतिरोध मार्च, दोषियों पर कार्रवाई और जिम्मेदार लोगों से माफी की मांग

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक अधिवक्ता के साथ कथित अभद्र व्यवहार और अपमानजनक कार्रवाई के विरोध में शनिवार को समस्तीपुर के अधिवक्ताओं ने प्रतिरोध मार्च निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिला व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय से निकला मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट गेट पहुंचा और घटना के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डॉ. एसए इमाम के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान अधिवक्ताओं ने 'वकीलों का अपमान नहीं सहेंगे' और 'अधिवक्ता एकता जिंदाबाद' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता के साथ हुए व्यवहार को न्यायिक व्यवस्था और पूरे अधिवक्ता समाज की गरिमा से जुड़ा मामला बताया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के सचिव कुंज बिहारी वर्मा ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक अधिवक्ता के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद निंदनीय है। यह केवल एक अधिवक्ता का अपमान नहीं, बल्कि पूरे अधिवक्ता समाज की प्रतिष्ठा से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके खिलाफ सड़क से लेकर न्यायालय तक आंदोलन जारी रहेगा। मार्च में शामिल अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि न्यायिक कार्य से जुड़े लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित होना चाहिए।

छठ पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



समस्तीपुर/एनएसबी। आगामी छठ महापर्व को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, रोशन कुशवाहा ने नगर निगम समस्तीपुर अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्व के दौरान छठ घाटों पर व्रतियों व श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ एवं उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों से व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने छठ घाटों की साफ-सफाई, घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों की स्थिति, जल की उपलब्धता एवं स्वच्छता, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, श्रद्धालुओं के आवागमन तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। इस क्रम में श्री कुशवाहा ने निर्देश दिया कि सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए पहुंच पथों को दुरुस्त करने तथा घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण कर लिए जाएं। घाटों पर खतरनाक एवं अधिक गहरे जल वाले स्थानों को चिह्नित कर आवश्यक बैरिकेडिंग की जाए तथा पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित गोताखोरों एवं आपदा मित्रों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, घाटों पर आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम को भी आवश्यक तैयारी के साथ सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम, प्राथमिक चिकित्सा सहित सभी अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त घाटों पर नियंत्रण कक्ष, आवश्यक सूचना एवं चेतावनी संकेतक लगाने तथा भीड़ प्रबंधन के लिए प्रभावी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि छठ महापर्व लोक आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं तथा वरीय पदाधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करें, ताकि छठ पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

निरीक्षण के दौरान मेयर अनीता राम, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, नगर आयुक्त गौतम कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण तथा एसडीआरएफ के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

पटाखों से नहीं, 1651 दीपों से जगमगाया मानारायटोल, सात वर्षों से कायम है दीपोत्सव की परंपरा

अनूठे दीपोत्सव के कारण मिली 'छोटी अयोध्या' की पहचान



विभूतिपुर/एनएसबी। दीपावली के अवसर पर जहां लोग आतिशबाजी और पटाखों के बीच त्योहार मनाते हैं, वहीं मानारायटोल गांव के युवाओं ने एक अनूठी पहल के जरिए दीपावली मनाने की अलग मिसाल पेश की है। यहां युवाओं ने पटाखे छोड़ने के बजाय पूरे गांव को 1651 दीपों से रोशन किया। गांव के मुख्य छोर से लेकर अंतिम छोर तक जलते दीपों की कतार ने पूरे गांव को रोशनी से जगमगा दिया। मानारायटोल में लगातार सातवें वर्ष इस भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गांव के छोटे-बड़े सभी युवाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। खास बात यह है कि जहां आमतौर पर लोग दीपावली पर अपने घरों को रोशन करते हैं, वहीं मानारायटोल के युवा अपने पूरे गांव को रोशन करने के संकल्प के साथ इस उत्सव को सामूहिक आयोजन का रूप देते हैं। इस अनूठे दीपोत्सव की शुरूआत वर्ष 2020 में कौशल किशोर के नेतृत्व में हुई थी। उस समय अक्षत, नीतीश, हिमांशु, शिवम, अभिजीत, प्रिंस, प्रीति, आकांक्षा, प्रिया, सावन, सुंदरम, छोटू, अमन, आदर्श, कृष्णा, विकास, ऋतिक, मुकेश, ढोलू, आर्यन, राम कुमार, अंकेश, अवनीश, मलिक, सत्या, गोपाल, गोलू, आयुष, अंकुश, शिवेश, निहाल, पिंटू और निक्की समेत अन्य युवाओं ने मिलकर इस आयोजन की नींव रखी थी। एक छोटी-सी सामूहिक पहल के रूप में शुरू हुआ यह आयोजन आज गांव की पहचान बन चुका है। सात वर्षों से युवाओं का उत्साह, समर्पण और सामूहिक भागीदारी इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रही है। मानारायटोल के इस अनूठे दीपोत्सव के कारण लोग इस गांव को 'छोटी अयोध्या' के नाम से भी पुकारते हैं। दीपों से सजी गलियां, एक साथ जुटते ग्रामीण और युवाओं का सामूहिक प्रयास इस आयोजन को खास बनाता है। गांव के युवाओं की ऐसी सकारात्मक गतिविधियों और रचनात्मक पहलों को हमारे इंस्टग्राम पेज @wowmanaraytol पर भी देखा जा सकता है। इस पेज के माध्यम से मानारायटोल की पहचान और सामूहिक प्रयासों को लोगों तक पहुंचाया जाता है। मानारायटोल के युवाओं की यह पहल समाज को एक खूबसूरत संदेश देती है कि दीपावली की असली खुशी केवल अपने घर को रोशन करने में नहीं, बल्कि पूरे समाज को खुशियों और रोशनी से भरने में है। जहां लोग अपने घरों को रोशन करते हैं, वहीं मानारायटोल के युवा अपने पूरे गांव को रोशन करने की परंपरा निभा रहे हैं।

पुलिया से टकराई बाइक, युवक की मौत; दो साथी घायल



रामलीला चौक के पास हुआ हादसा, दो बेटियों के पिता की मौत से परिवार में मचा कोहराम

दो बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

कल्याणपुर एनएसबी। चकमेहसी थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम सड़क दुर्घटना में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसके दो साथी घायल हो गए। हादसा रामलीला चौक के पास हुआ, जहां अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बनी पुलिया से टकरा गई। मृतक की पहचान मालीनगर पंचायत के वार्ड संख्या 10 निवासी सकल सहनी के पुत्र देवकरण कुमार सहनी के रूप में की गई है। पुलिस ने सोमवार को शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

रामलीला चौक के पास हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार, देवकरण कुमार सहनी रविवार देर शाम अपने दो साथियों के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान रामलीला चौक के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बनी पुलिया से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल देवकरण को ग्रामीणों की मदद से एक निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके दोनों साथी भी दुर्घटना में घायल हो गए।

देवकरण कुमार सहनी की असमय मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। वह दो बेटियों के पिता थे। उनकी मौत से दोनों मासूम बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि मन्नी सिंह और शशि शंकर ठाकुर ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

इस संबंध में चकमेहसी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली, लक्ष्मी और काली पूजा शांतिपूर्ण संपन्न, देर रात तक पटाखों से गूंजता रहा विद्यापतिनगर



विद्यापतिनगर/एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र में दीपावली, माता लक्ष्मी एवं माता काली की पूजा रविवार को हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। दीपावली को लेकर लोगों ने अपने-अपने घरों की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई कर दीपों एवं रंग-बिरंगी आकर्षक लाइटों से सजाया। शाम होते ही घरों और प्रतिष्ठानों में दीप जलाकर माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान लोगों ने परंपरागत रूप से लुक्का-पाती खेलकर आतिशबाजी भी की। पर्व को लेकर विद्यापतिधाम, मऊ बाजार, बाजिदपुर बाजार, सिमरी, गढ़सिसई, कांचा सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर रौनक बनी रही। बाजारों में लोगों की चहल-पहल देखने को मिली। वहीं, बच्चे फुलझड़ी, घिरनी और अन्य पटाखे जलाकर दीपावली का आनंद लेते नजर आए। राजा चौक स्थित श्री लक्ष्मी सहयोग समिति, मऊ बाजार के लक्ष्मी-नारायण मंदिर तथा पतेली सहित विभिन्न स्थानों पर माता लक्ष्मी की भव्य पूजा-अर्चना की गई। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। राजा चौक पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पूजा के उपरांत सोमवार को राजा चौक पर भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें चर्चित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

छठ महापर्व को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया विभिन्न घाटों का निरीक्षण

दिए आवश्यक निर्देश, घाटों पर बैरिकेडिंग, रोशनी, पेयजल और नाव की होगी व्यवस्था



विद्यापतिनगर/एनएसबी। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी, राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वाया नदी स्थित बाजिदपुर घाट, कष्टहरणी घाट, मऊ अखाड़ा घाट, शेरपुर घाट सहित शिवगंगा पोखर एवं धमनी पोखर समेत अन्य छठ घाटों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, जलस्तर, पहुंच पथ एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए छठ पूजा समितियों और संबंधित पंचायतों के मुखिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नदी और पोखरों में खतरनाक एवं गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा घाटों पर पर्याप्त रोशनी, पेयजल, नाव एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा पूजा समितियों को प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। इस मौके पर मुखिया दिनेश प्रसाद सिंह, रामप्रवेश राय, श्रीजेय कुमार, राहुल कुमार, नवीन कुमार सिंह, नीतीश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

जिले भर में श्रद्धा और उल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ दीपावली का त्योहार

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। समस्तीपुर जिले में दीपावली का त्योहार श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के माहौल में सम्पन्न हो गया। दीपों के पर्व को लेकर जिले भर में लोगों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला। घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। शाम होते ही दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा क्षेत्र जगमगा उठा।



दीपावली के अवसर पर लोगों ने परंपरागत तरीके से भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। घरों के आंगन और दरवाजों पर आकर्षक रंगोली बनाई गई। मिट्टी के दीये, मोमबत्तियां और रंग-बिरंगी लाइटों से घरों को सजाया गया। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

दीपावली को लेकर बाजारों में भी रौनक बनी रही। लोगों ने मिठाइयों, पूजा सामग्री, दीप, मोमबत्ती, सजावटी सामान और पटाखों की खरीदारी की। देर शाम तक बाजारों में लोगों की आवाजाही जारी रही। दुकानदारों के चेहरे पर भी त्योहार को लेकर खुशी देखने को मिली।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर परिवार और मित्रों के साथ मिलकर त्योहार मनाया गया। दीपावली के दौरान घरों और आसपास के क्षेत्रों में दीप जलाकर अंधकार पर प्रकाश तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। कुल मिलाकर जिले भर में दीपावली का त्योहार शांतिपूर्ण, श्रद्धापूर्ण और हर्षोल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। त्योहार ने लोगों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की भावना को और मजबूत किया।

विकास योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये : डीएम

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति, निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि, कार्यों की प्रगति एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागों के बीच आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, उनमें तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की नियमित निगरानी करने, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही, योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं एवं बाधाओं को चिह्नित कर उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने पर भी बल दिया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं तत्परता से करें, ताकि जिले के समग्र विकास को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता जिले के प्रत्येक क्षेत्र में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराना है। बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त के साथ संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक करते डीएम।

संक्षिप्त खबरें

दीपों की रोशनी से जगमगाया बाजार धूमधाम से मनी दीपावली

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रकाश पर्व दीपावली प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को हर्षोल्लास, उमंग और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा इलाका दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। सुबह से ही पर्व को लेकर लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। घरों की साफ-सफाई और सजावट के बाद शाम होते ही लोगों ने अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों को आकर्षक लाइटों, फूल-मालाओं और दीपों से सजाया। इसके बाद विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दीपावली को लेकर मेहंदिया, कलेर सहित प्रखंड के विभिन्न बाजारों में भी काफी चहल-पहल रही। पर्व से पहले बाजारों में मिठाई, फल-फूल, पूजन सामग्री, मिट्टी के दीये, मोमबत्ती, सजावटी सामान और रंग-बिरंगी लाइटों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रही। लोगों ने अपनी जरूरत और बजट के अनुसार खरीदारी की। खासकर बच्चों में दीपावली को लेकर काफी उत्साह देखा गया। वे अपनी पसंद के पटाखे, फुलझड़ी और रंगीन आतिशबाजी खरीदने में जुटे रहे। इस बार दीपावली पर बिजली की रंग-बिरंगी लाइटों का आकर्षण अधिक देखने को मिला। घरों और दुकानों में झालर, एलईडी बल्ब एवं अन्य आकर्षक विद्युत सजावट का खूब इस्तेमाल किया गया। इसके चलते मोमबत्तियों की बिक्री पर असर पड़ा और दुकानदारों के अनुसार इस बार मोमबत्तियों की बिक्री अपेक्षाकृत कम रही। पहले जहां दीपावली के अवसर पर घरों और दुकानों को सजाने के लिए मोमबत्तियों की खूब मांग रहती थी, वहीं अब आधुनिक बिजली की लाइटों ने उनकी जगह काफी हद तक ले ली है। हालांकि, पारंपरिक मिट्टी के दीयों के प्रति लोगों का लगाव भी देखने को मिला। कई घरों में दीये जलाकर दीपावली की परंपरा को जीवंत रखा गया। इधर, घरों में महिलाओं और युवतियों ने रंगोली बनाकर तथा मुख्य दरवाजों पर आकर्षक सजावट कर पर्व की खुशियां बढ़ाई। शाम ढलते ही बच्चों और युवाओं ने आतिशबाजी की। वहीं, परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर मां लक्ष्मी की आरती की और प्रसाद ग्रहण किया। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर मिठाइयां बांटी और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। दीपावली के अवसर पर गांवों में भी उत्सवी माहौल रहा। छोटे-बड़े सभी घरों में दीप जलाए गए और लोगों ने आपसी प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाया। प्रकाश का यह पर्व लोगों को अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता रहा।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई गोवर्धन पूजा, कई जगहों पर दंगल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं एवं पुरुषों ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गोवर्धन पूजा का संबंध भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने की कथा से जुड़ा है। इस दिन प्रकृति, गौवंश और कृषि के महत्व को भी याद किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए इस पर्व का विशेष महत्व है।गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर दंगल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बेलांव, मैडला सहित अन्य जगहों पर आयोजित दंगल में विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। वहीं, कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन आयोजनों को देखने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दर्शक पहुंचे। दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर युवाओं एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूजा के दौरान भगवान गोवर्धन को अन्नकूट एवं विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया गया। कई घरों में गायों की पूजा कर उन्हें सजाया गया तथा गुड़, चावल और अन्य खाद्य सामग्री खिलाई गई। पर्व को लेकर सुबह से ही ग्रामीण इलाकों में उत्साह का माहौल रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं।

धूमधाम से हुआ मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन, मधुश्रवा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कलेर (एनएसबी)। दीपावली के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में स्थापित मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का सोमवार को धूमधाम एवं भक्तिमय माहौल में विसर्जन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालु गाजे-बाजे और जयकारों के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए लेकर निकले। पूरे क्षेत्र में विसर्जन को लेकर उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। प्रखंड क्षेत्र में स्थापित अधिकांश मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन मधुश्रवा के तालाब में किया गया। वहीं, कुछ पूजा समितियों एवं ग्रामीणों ने अपने आसपास के तालाबों में भी प्रतिमाओं का विसर्जन किया। हालांकि, अधिकतर प्रतिमाएं मधुश्रवा के तालाब ही ले जाई गई। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। मां लक्ष्मी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। विसर्जन स्थल से लेकर प्रमुख मार्गों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस पदाधिकारी एवं जवान लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए थे, ताकि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हो। प्रशासन की सतर्कता के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

मिथिला के पाग का अपमान मिथिलावासियों के स्वाभिमान पर चोट : मृत्युंजय कुमार झा

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता मृत्युंजय कुमार झा ने जन सुराज के संस्थापक श्री प्रशांत किशोर द्वारा मिथिला की पारंपरिक पहचान एवं सम्मान के प्रतीक 'पाग' को लेकर दिए गए कथित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मिथिला का पाग केवल सिर पर धारण किया जाने वाला पारंपरिक परिधान नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति, परंपरा, सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। श्री झा ने कहा कि मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा अत्यंत प्राचीन और समृद्ध रही है। यहां अतिथि के सम्मान, सत्कार और अभिनंदन की विशिष्ट परंपरा रही है। पौराणिक मान्यताओं एवं मिथिला की लोकपरंपरा के अनुसार, जब प्रभु श्रीराम मिथिला पधारे थे, तब महाराज जनक ने उनका पारंपरिक सम्मान किया था। मिथिला में पाग पहनाना सम्मान, आत्मीयता और आदर प्रकट करने की विशिष्ट परंपरा का हिस्सा रहा है। ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक प्रतीक को 'टोपा-टोपी' कहकर संबोधित करना मिथिलावासियों की भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि पाग मिथिला की पहचान है। यह हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। मिथिला में किसी अतिथि, विद्वान, संत, महापुरुष अथवा विशिष्ट व्यक्ति को पाग पहनाकर सम्मानित करना हमारी आत्मीय परंपरा रही है। इस परंपरा के पीछे सदियों की सांस्कृतिक विरासत और सम्मान का भाव जुड़ा हुआ है। मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को अपनी बात रखने तथा राजनीतिक आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक लाभ अथवा वोट की राजनीति के लिए किसी क्षेत्र की संस्कृति, सभ्यता और परंपरा का उपहास करना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन सामाजिक और सांस्कृतिक अस्मिता के सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि मिथिला की जनता अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा और विरासत के प्रति अत्यंत संवेदनशील एवं जागरूक है। यहां के लोग अपनी सांस्कृतिक पहचान को केवल परंपरा नहीं, बल्कि अपनी पीढ़ियों से मिली अमूल्य धरोहर मानते हैं। पाग, पान, मखाना, मैथिली भाषा, मिथिला पेंटिंग और अरिपन हमारी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के अभिन्न अंग हैं। इन प्रतीकों का सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

गोवर्धन पूजा के मौके पर सजा कुश्ती का अखाड़ा


कुश्ती लड़ते पहलवान।

कुर्था (एनएसबी)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कैथा लोदीपुर गांव में गोवर्धन पूजा के अवसर पर पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पंजाब और हरियाणा से पहुंचे पहलवानों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। अखाड़े में पहलवानों ने अपनी शारीरिक ताकत, दांव-पेच और कुश्ती कौशल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कुश्ती प्रतियोगिता को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण पहुंचे थे। पहलवानों के बीच हुए एक से बढ़कर एक मुकाबलों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ

पंजाब-हरियाणा के पहलवानों ने दिखाए दमखम

रोमांचक कुश्ती देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में हरियाणा से आए पहलवान हरप्रीत सिंह ने जीत का इनाम हासिल किया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित इस पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता ने ग्रामीण खेल संस्कृति, आपसी भाईचारे और पारंपरिक विरासत को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया।

सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का जिलाधिकारी ने किया समीक्षा

अरवल (एनएसबी)। ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें जनता से प्राप्त शिकायतों एवं सहयोग पोर्टल पर दर्ज आवेदनों का जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सहयोग पोर्टल एवं जनता से साक्षात्कार के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों, उनके निष्पादन की वर्तमान स्थिति तथा लंबित मामलों की विभागवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका निष्पादन सुनिश्चित करें। किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग पोर्टल आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता सुनिश्चित करना है। अतः सभी संबंधित पदाधिकारी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित निगरानी करें तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई से अवगत कराना भी सुनिश्चित करें। जनता से साक्षात्कार के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने एवं उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जनता से साक्षात्कार के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव है, उनका शीघ्र निष्पादन किया जाए तथा जिन मामलों में जांच अथवा अन्य विभागीय प्रक्रिया की आवश्यकता है, उनमें समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि आम नागरिकों के प्रति सभी पदाधिकारी एवं कर्मी संवेदनशील एवं जवाबदेह बने रहें। शिकायतों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन अरवल आम नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।


समीक्षा करते डीएम।

शिक्षिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

शहरतेलपा (एनएसबी)। जिले के बेलखारा स्थित सरकारी कन्या विद्यालय में कार्यरत उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर निवासी 30 वर्षीय शिक्षिका मानसी रानी की आत्महत्या की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मानसी रानी, कोमल सिंह चौहान की पुत्री थीं और टीआर-1 शिक्षक के रूप में बीएससी के तहत अपनी सेवाएं दे रही थीं।परिजनों के अनुसार, मानसी रानी की शादी 19 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंवर का बसेरा निवासी मित्रपाल सिंह के साथ हुई थी। मित्रपाल सिंह भारतीय वायुसेना में कार्यरत बताए जा रहे हैं।मृतका शिक्षिका के परिजनों ने पति मित्रपाल सिंह और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही दहेज की मांग को लेकर मानसी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का यह भी आरोप है कि पति का किसी दूसरी युवती के साथ प्रेम प्रसंग था, जिसके कारण वैवाहिक जीवन में लगातार विवाद हो रहा था।परिजनों का कहना है कि लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर मानसी ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। मृतका के परिजनों ने अरवल जिला प्रशासन और बिहार सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।अब बड़ा सवाल यह है कि शिक्षिका मानसी रानी को न्याय दिलाने के लिए अरवल प्रशासन और बिहार सरकार क्या ठोस कदम उठाती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय थाना के द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर मामले को गंभीरता से जांच की जा रही है।

एक्सिस बैंक 30 मिनट में उपलब्ध कराएगी लोन राशि

पटना (एनएसबी)। एक्सिस बैंक ने कार और टू-व्हीलर ग्राहकों के लिए एक डिजिटल ऑटो लोन सुविधा शुरू की है। इसे वाहन फाइनेंस कराने की प्रक्रिया को आसान और तेज बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिसके तहत मात्र 30 मिनट में लोन की राशि सीधे खाते में भेज दी जाती है। यह सुविधा ग्राहकों को किसी भी ब्रांड या मॉडल का वाहन चुनने की आजादी देती है। साथ ही, यह लोन मंजूरी, डीलर का चुनाव, ग्राहक सत्यापन और लोन वितरण को एक ही डिजिटल प्रक्रिया में जोड़ती है, जिससे ग्राहक वाहन चुनने से लेकर उसके मालिक बनने तक का सफर बिना किसी देरी के पूरा कर सकते हैं। बैंक के ग्रुप हैड- व्हील्स, हेमंत नागपाल ने कहा कि आज ग्राहक चाहते हैं कि उन्हें उनकी जरूरत और फैसले के मुताबिक उतनी ही तेजी से लोन मिले। यह सुविधा बैंकिंग सेवाओं को आसान, तेज और ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप बनाने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है।

कार और दोपहिया वाहन खरीदने वालों के लिए सुविधा शुरू

मधुश्रवा में छठ पर उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

मेहंदिया (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मधुश्रवा में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार यहां करीब 25 हजार श्रद्धालुओं के छठ महापर्व करने का अनुमान है। जिले के प्रमुख छठ स्थलों में शुमार मधुश्रवा में कार्तिक और चैती दोनों छठ के अवसर पर श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ता है। इस वर्ष 13 नवंबर शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व की शुरूआत होगी। 14 नवंबर शनिवार को खरना, 15 नवंबर रविवार को संध्या अर्घ्य और 16 नवंबर सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। नहाय-खाय के दिन से ही मधुश्रवा में दूसरे जिलों से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो जाएगा।मधुश्रवा की खासियत यह है कि यहां केवल अरवल जिले के ही नहीं, बल्कि पटना, भोजपुर, औरंगाबाद सहित कई अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में छठव्रती और श्रद्धालु पहुंचते हैं। कई परिवार दो से तीन दिन पहले ही यहां आकर ठहरने लगते हैं। कुछ श्रद्धालु तीन से चार दिनों तक यहां रहकर पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ छठ महापर्व करते हैं। नहाय-खाय से शुरू होने वाला श्रद्धालुओं का जमावड़ा उगते सूर्य को अर्घ्य देने और व्रत का पारण करने के बाद ही समाप्त होता है। इस दौरान मधुश्रवा में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल बनी रहती है। मधुश्रवा की धार्मिक पहचान यहां स्थित विशाल तालाब और प्राचीन मंदिरों के कारण विशेष है। पूर्णिमा के अवसर पर भी यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। स्थानीय मान्यता है कि मधुश्रवा के पवित्र तालाब में स्नान करने से कई तरह के रोग और कष्ट दूर हो जाते हैं। इसी धार्मिक धारणा और गहरी आस्था के कारण लोग वर्षों से यहां स्नान करने तथा भगवान सूर्य की आराधना करने पहुंचते हैं। इसी आस्था के चलते मधुश्रवा में स्नान और पूजा-अर्चना की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है।

यहां छठ महापर्व के अवसर पर भगवान भास्कर की अस्थायी प्रतिमाएं भी स्थापित की जाती हैं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहती हैं। इसके साथ ही यहां सूर्य मंदिर के सामने भगवान शिव का मंदिर भी स्थित है। तालाब, सूर्य मंदिर और शिव मंदिर के धार्मिक महत्व के कारण मधुश्रवा की पहचान जिले के प्रमुख आस्था केंद्रों में होती है। कार्तिक और चैती छठ के अवसर पर यहां का नजारा देखते ही बनता है। घाटों पर छठी मइया के पारंपरिक गीत गूंजते हैं और सूप-दउरा में सजे प्रसाद के साथ श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हैं।छठ के अवसर पर मधुश्रवा में केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि एक बड़े मेले का भी आयोजन होता है। अर्घ्य के दिनों में यहां मेले की रौनक देखते ही बनती है। विभिन्न प्रकार की दुकानें सजती हैं। खिलौने, मिठाई, पूजा सामग्री और अन्य घरेलू सामानों की दुकानें श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहती हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में मेले को लेकर खास उत्साह रहता है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के कारण तीन-चार दिनों तक यहां काफी चहल-पहल बनी रहती है। इस दौरान मधुश्रवा धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक मेल-मिलाप का भी प्रमुख केंद्र बन जाता है।

25 हजार श्रद्धालु करेंगे भगवान भास्कर की उपासना

अरवल ही नहीं, पटना, भोजपुर और औरंगाबाद से भी पहुंचते हैं छठव्रती

इधर, श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से भी व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। घाट और मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के साथ सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि छठ महापर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे।

वहीं, बीडीओ सुशील कुमार सिंह ने बताया कि छठ पर्व को देखते हुए मधुश्रवा में पिछले कई दिनों से तैयारियों को लेकर संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। छठ के दौरान मधुश्रवा आने वाले व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।कुल मिलाकर, मधुश्रवा में छठ महापर्व को लेकर धार्मिक उत्साह के साथ प्रशासनिक तैयारियां भी तेज हो गई हैं। करीब 25 हजार श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना के बीच इस बार भी मधुश्रवा में आस्था, परंपरा, भक्ति और मेले की रौनक का भव्य संगम देखने को मिलेगा।

संक्षिप्त खबरें

तेजस्वी यादव का जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप में पूर्व विधायक डॉ. मुकेश रौशन ने राजद कार्यकर्ताओं एवं बच्चों के साथ मनाया

हाजीपुर (वैशाली)/एनएसबी। हाजीपुर स्थित साई निवास पर महुआ के पूर्व विधायक डॉ. मुकेश रौशन ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का 37वां जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों के साथ केक काटकर तेजस्वी यादव के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। राजद कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों की मौजूदगी में उत्सवी माहौल के बीच जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया। सद्भावना दिवस समारोह में राजद नेता संतोष चौधरी,राजेश शर्मा, जवाहर प्रसाद सिंह, युवा नेता रामाशंकर यादव, विशाल गौरव, रणविजय यादव, मनोज राय ,राज मंगल राय, सुभाष यादव, राकेश चौरसिया,मन्टू यादव,कमल राय, चंद्रिका यादव,बिरेन्द्र कुमार, संजीत कुमार,संजय पासवान,मनोज ठाकुर,तौसीफ राजा,संतोष कुमार,गणेश राय, सत्यम कुमार,गोलू राजा,विक्की कुमार,रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



दीपमाला पर सजा सजा विशेष दीवान शबद कीर्तन

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में दीपावली के मौके पर आयोजित दीपमाला में विशेष दीवान सजा, जिसमें शबद कीर्तन से संगत निहाल हो गयी. इस दौरान रोशनी से जगमग तख्त साहिब में मोमबत्ती व दीपों को जलाने के लिए संगत जुटी थी. इस दौरान 11 हजार से अधिक दीप जलाये गये. विशेष दीवान में कथा वाचक ज्ञानी गगनदीप सिह और ज्ञानी चरणजीत सिंह ने कथा की, तब रागी जत्थों में भाई जगत सिह,हरजीत सिंह, भाई अरविंद सिंह निगरुण,ज्ञान सिंह, जोगिंदर सिंह,बिक्रम सिंह व नविंदर सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया. जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने दरबार साहिब में विश्व शांति के लिए अरदास और शस्त्र दर्शन कराया.इसके बाद संगत के बीच विशेष लंगर का आयोजन किया गया. आयोजन में काफी संख्या में सिख संगत उपस्थित थी.

नवजात की मौत पर सड़क जाम हंगामा

पटना सिटी/एनएसबी। आलमगंज थाना के त्रिपोलिया अस्पताल में भर्ती दीदारगंज थाना के पूनाडीह पंचायत के निजामपुर गांव निवासी अमित कुमार यादव के ड़ेढ़ माह के पुत्र शिव कुमार की मौत के बाद परिवार के सदस्यों ने सड़क जाम कर हंगामा किया. हंगामा पर उतर लोगों का आरोप है कि उपचार में लापरवाही व कोताही बरती गयी है. इस कारण से नवजात की मौत हो गयी. अस्पताल के प्रबंधक सिस्टर रीता ने बताया कि निमोनिया पीड़ित नवजात को बीते शनिवार सात नवंबर को उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था.इलाज में कोताही नहीं बरती गयी है. सोमवार को उपचार के क्रम में उसकी मौत हो गयी. सड़क जाम व हंगामा की सूचना पाकर मौके पर आलमगंज थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर पहुंचे और समझा बुझा कर सड़क जाम हटाया. थानाध्यक्ष ने बताया कि परिवार की ओर से लिखित नही दिया गया है, लिखित मिलने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी.

पूर्व उप मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिन

पटना सिटी/एनएसबी। वार्ड नंबर 64 स्लम बस्ती में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का जन्मदिन राजद पटना महानगर प्रवक्ता मो साबिर अली की अध्यक्षता में मनायी गयी. आयोजन में बच्चों के बीच मिठाई बांटी गयी. पार्टी की सदस्यता भी दर्जनों लोगों को दिलाया गया. प्रमुख नेताओं में पूर्व पार्षद बलराम चौधरी व महमूद कुरैशी, मो जावेद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमाल अशरफ,कृष्णा कुमार पप्पू, परवेज शाहिन,इम्तियाज आलम, रविंदर पासवान, मो रफी, ओम मिश्र, राहुल यादव सचिन कुमार, सिकंदर पासवान, शहबाज कुरैशी, मो ताज अबूबकर समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे.

आगलगी की छह घटनाओं में संपत्ति को नुकसान

पटना सिटी/एनएसबी। आगलगी की छह घटनाओं में लाखों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है. फायर अफसर अजय कुमार शर्मा ने बताया कि बाइपास थाना के रानीपुर पैजाबा के निकट आयरन गोदाम मे रविवार की रात आग लग गयी थी. आगलगी का कारण स्पष्ट नहीं है. आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आगलगी होगी. फायर अफसर ने बताया कि दस यूनिट मौके पर पहुंची और आग को बुझाया. पीड़ित अर्पित अग्रवाल ने बताया कि आग लगने से लोहे का सामान,पंखा व कार्टून में पैक सामान जल गया. सुल्तानगंज थाना के महेंद्रू स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप घर में आग लग गयी. आगलगी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. फायर अफसर ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर दस फायर यूनिट भेजी गयी. फायर अफसर ने बताया कि आग में सिलिंडर भी ब्लास्ट हुआ था. इसके बाद भी आग को बुझा दिया गया. पीड़ित मनोज कुमार सरोज ने फायरकर्मियों को बताया कि आगलगी की घटना में पांच फ्रीज,स्टेशनरी,घरेलू सामान व किराना सामान जल गया है. जिसने आग को बुझाया. पीड़ित मनोज कुमार सरोज ने फायरकर्मियों को बताया कि आगलगी की घटना में पांच फ्रीज,स्टेशनरी,घरेलू सामान व किराना सामान जल गया है. अगमकुआं पहाड़ी के समीप में स्थित यात्री ढावा व फैमिली गार्डेन में आग पटाखा की चिंगारी ने आग लगी है. पीड़ित जयशंकर के अनुसार कुर्सी,टेबल,फ्रीज जल गये. चौक थाना के हरिमंदिर गली स्थित कॉस्मेटिक दुकान में आग लग गयी. पीड़ित राजू जायसवाल ने बताया कि दो कार्टन चूड़ी जल गया. मालसलामी थाना के मारूफगंज स्थित मसाला गोदाम में आग लग गयी. पीड़ित राहुल ने ने बताया कि 50 बोरा तेजपता व 25 बोरा हल्दी जल गया. इसके अलावा सोमवार अगमकुआं थाना के कुम्हरार स्थित चाणक्य नगर में इलेक्ट्रिक स्कूटी रिचार्ज करने के दौरान आग लग गयी.इसमें दो यूनिट भी पहुंच कर आग को बुझाया.

छठ को लेकर सफाई अभियान

पटना सिटी/एनएसबी। छठ को लेकर बौली मोड़ से नागरिक अधिकार मंच के संयोजक सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी की अध्यक्षता में सफाई अभियान आरंभ हुई. इसमें पार्षद शोभा देवी, मो. जावेद, देवरत्न प्रसाद, गुलाम सरवर आजाद, पूर्व पार्षद महमूद कुरैशी, शहीद अंसारी, शारीफ अहमद रंगरेज, अजीत सिंह कुशवाहा, मो साबिर अली, पूनम देवी, राजमंती देवी, एजाजुद्दीन उर्फ सानू समेत अन्य लोग शामिल थे. इन लोगें ने कहा कि छठ को लेकर नियमित अभियान चलायी जायेगी. सफाई अभियान अशोक राजपथ पर चलाया गया.

पिता पुत्र को गोली मारने में आठ गिरफ्तार

बंदूक व गोली बरामद

पटना सिटी/एनएसबी। दीदारगंज थाना के हीरानंदपुर गांव में जमीन विवाद में शनिवार को पिता द्वारिका सिंह तीन पुत्र सुधीर कुमार,कौशल कुमार और भोला कुमार को गोली मार जख्मी करने में पुलिस ने आठ को गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सुरेंद्र,रौशन,सन्नी,अरूण,रणजीत के अलावा गार्ड अभिषेक और हाकिम गिरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है. थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बाउंसर का दो नाली बंदूक और 18 कारतूस भी बरामद किया गया है.थानाध्यक्ष के अनुसार इस मामले में दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज हुई है. इसमें दूसरे पक्ष दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जख्मी का उपचार पुलिस अभिरक्षा में कराया जा रहा है. बताते चले कि जमीन को लेकर चले विवाद में फायरिंग की घटना में चारों जख्मी हुए थे.

परंपरागत तरीके से मना दीपावली, मंदिरों में पूजा अर्चना

अन्नकूट का भी आयोजन भाई दूज व चित्रगुप्त पूजा कल

पटना सिटी/एनएसबी। रोशनी पर्व दीपावली का त्योहार परंपरागत तरीके से रविवार को मनाया गया. समृद्धि व यश वृद्धि के लिए गणोश लक्ष्मी की पूजा की. इस दौरान मकानों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था. दूसरी ओर स्थापित हुई लक्ष्मी व काली की प्रतिमाको वैदिक मंत्रोच्चर के बीच प्राण प्रतिष्ठा की गयी.मनोकामना काली पूजा समिति की ओर से भद्र घाट में मिथिलेश कुमार व शशि शर्मा की की अध्यक्षता में काली प्रतिमा स्थापित हुई. प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए गंगा घाट पर कृत्रिम तालाब का निर्माण प्रशासन की ओर से किया गया है.भक्तों की भीड़ मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए जुटी थी.
शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी,सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी, अगमकुआं स्थित शीतला माता

दीपावली की रात हाजीपुर में खूनी वारदात, पति ने पत्नी के सिर में मारी गोली

हत्या के बाद आरोपी फरार



हाजीपुर/एनएसबी। दीपावली की खुशियों के बीच हाजीपुर से एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। जहां एक ओर पूरा शहर रोशनी और पटाखों की गूंज में डूबा था, वहीं औद्योगिक थाना क्षेत्र की राजपूत कॉलोनी में गोली की आवाज से दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार, राजपूत कॉलोनी निवासी राकेश चौहान ने अपनी पत्नी नीलू सिंह के सिर में पिस्टल से गोली मार दी। सिर में गोली लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जिस घर में दीपावली का जश्न मनना था, वहां चीख-पुकार और मातम पसर गया। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। मृतिका की बेटी रितिक राज ने पूरी घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रात में उसके माता-पिता के बीच रोज की तरह झगड़ा हुआ। पिता ने उसे कमरे में सोने के लिए भेजा और कंबल ओढ़ाकर लाइट बंद कर दिया। कुछ ही देर बाद गोली चलने की आवाज से बाहर निकली तब देखी मां खून से लथपथ गिरी हुई है। उसके पिता ने उसे भी घसीट कर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया लेकिन वह हाथ छुड़ाकर ऊपर चली गई। घटना के बाद उसके पिता घर से भाग निकले ।बेटी ने बताया कि मम्मी पापा के बीच लड़ाई झगड़ा लगभग हर दिन हुआ करता था। उसके पिता के पास दो लाइसेंसी गन है और पहले भी दो बार गोलियां चला चुके है। वारदात की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए हाजीपुर रउढड सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद का लग रहा है, लेकिन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस सनसनीखेज हत्याकांड से पूरे राजपूत कॉलोनी इलाके में सनसनी फैली हुई है।

जिलाधिकारी ने हेला बाजार महादलित टोले में बच्चों एवं परिवारों के साथ मनाई दीपावली

मिठाइयां बांटीं और दीप प्रज्वलित कर साझा कीं खुशियां



हाजीपुर/एनएसबी। दीपावली के पावन अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने हाजीपुर स्थित हेला बाजार महादलित टोले में पहुंचकर महादलित परिवारों एवं बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। जिलाधिकारी ने स्वयं बच्चों एवं परिवारों के बीच पहुंचकर उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच मिठाइयां वितरित कीं, उनके साथ दीप प्रज्वलित किए तथा पटाखे जला कर दीपावली का उत्सव मनाया। जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चों एवं महादलित परिवारों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया, उनकी खुशियों में सहभागी बनीं तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उनकी इस पहल ने प्रशासन और आमजन के बीच आत्मीयता, विश्वास एवं संवेदनशीलता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि "दीपावली केवल दीप जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाने का अवसर है। त्योहार की वास्तविक खुशी तभी है, जब समाज के प्रत्येक वर्ग और विशेषकर वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों को भी इसमें समान रूप से भागीदारी का अवसर मिले। हमें अपनी खुशियों में उन लोगों को भी शामिल करना चाहिए, जिन्हें हमारी थोड़ी-सी आत्मीयता और सहयोग से बड़ी प्रसन्नता मिल सकती है। जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह की इस पहल ने दीपावली के पर्व को सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदना से जोड़ते हुए यह संदेश दिया कि प्रशासन केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनना भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

पटाखे की चिंगारी से कंचन बेकरी में भीषण अगलगी, लाखों का सामान जलकर राख

हाजीपुर/एनएसबी। दीपावली की रात पटाखे की एक चिंगारी ने बेकरी कारोबारी को लाखों का नुकसान पहुंचा दिया। नगर थाना क्षेत्र के अंजानपीर चौक स्थित कंचन बेकरी में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी बेकरी धू-धू कर जलने लगी। आग की लपटें देखकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।जहां दीपावली की रात खुशियों के बीच अचानक आग का तांडव देखने को मिला। नगर थाना क्षेत्र स्थित कंचन बेकरी में लगी आग ने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि आसपास के लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हर तरफ धुआं और आग की ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई देने लगीं।प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बेकरी का कारखाना बंद था। इसी दौरान गली में छोड़े गए पटाखे की चिंगारी बेकरी तक पहुंची और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। बेकरी में रखा सामान, मशीनें और कच्चा माल आग की भेंट चढ़ गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की भयावहता के सामने उनकी कोशिश नाकाफी साबित हुई।बेकरी मालिक रामनाथ के मुताबिक, इस अगलगी में करीब चार लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि कारखाना बंद था और पटाखे की चिंगारी से आग लगी। अब उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि आग में जली मशीनें और कारोबार दोबारा कैसे शुरू होगा।घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस भीषण अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, दीपावली की रात हुई इस घटना ने बेकरी मालिक के परिवार को बड़ा आर्थिक झटका दिया है।

एसएसपी शुभांक मिश्रा ने रविदास टोला में दीपावली की खुशियां साझा की



हाजीपुर/एनएसबी। वैशाली के वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा द्वारा हाजीपुर के क्रांति चौक के समीप स्थित रविदास टोला में स्थानीय लोगों, बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ दीपावली की खुशियाँ साझा की गईं। इस अवसर पर एसएसपी द्वारा बच्चों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया तथा उनके साथ पटाखे छोड़कर दीपावली की खुशियों को साझा किया गया। साथ ही, सभी को सुरक्षित एवं सतर्क रहते हुए हर्षोल्लास के साथ दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। एसएसपी ने समस्त जिलेवासियों एवं उपस्थित सभी लोगों व बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगर थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। वही, एसएसपी के निदेर्शानुसार,जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय लोगों, बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ दीपावली की खुशियाँ साझा की गईं। इस अवसर पर बच्चों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया तथा उनके साथ पटाखे छोड़कर दीपावली की खुशियों को साझा किया गया।

चित्रगुप्त पूजन की तैयारियां पूरी

हाजीपुर/एनएसबी। केंद्रीय चित्रगुप्त पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ. रंजन के नेतृत्व में चित्रगुप्त घाट स्थित श्री श्री 108 बाबा बद्री विशाल चित्रगुप्त मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 11 नवंबर को होने वाले चित्रगुप्त पूजन की समस्त तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष डॉ. रंजन ने बताया कि पूजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक में मंदिर की साज-सज्जा, पूजन मंडप, भव्य कलश यात्रा, प्रसाद वितरण, भजन-कीर्तन, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। डॉ. रंजन ने कहा कि इस बार चित्रगुप्त पूजन को भव्य और ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा।

प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपों का त्योहार दीपावली



महुआ/एनएसबी। महुआ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में दीपों का त्योहार दीपावली बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर दीपों के प्रकाश से पूरा इलाका जगमगा उठा। वही छोटे-छोटे बच्चों ने फुलझड़ी एवं पटाखों का भी जमकर लुत्फ उठाया। इस मौके पर जगह- जगह पर गणेश पूजन का आयोजन करते हुए माता लक्ष्मी एवं गणेश जी की पूजा बड़े ही श्रद्धा भाव से की गई। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के कृषक कल्याण समिति परसोनिया के द्वारा भी लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मां लक्ष्मी पूजनोत्सव में कृषक कल्याण समिति के सचिव संजीव सिंह के द्वारा मां लक्ष्मी का पूजन विधि विधान से किया गया। इस पूजन में समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामीण जन भाग लिए।इस मौके पर डॉ अजय कुमार, डॉ विश्वनाथ कुमार,अखिलेश कुमार सुमन, उमेश सिंह,दिनेश राय,डॉ कैलाश प्रसाद यादव,बालेंद्र सिंह, रामनरेश सिंह,अशोक बाबा, शिवनाथ सिंह,महेश सिंह,हरि सिंह, संतोष कुमार,प्रशांत कुमार, जवाहर सिंह,मुकेश कुमार, जिमदार सिंह,राजेश कुमार, सुशांत कुमार, सुरेश कुमार निराला, चंचल, सुनील, रजनीश, रितिक, राजन,मनीष, रौनक,मुन्ना सर, अनिल सिंह, रणजीत सिंह,विकास,अनूठ, राजा बाबू आदि के साथ-साथ अनेकों लोग उपस्थित थे। वही दस नवंबर को कृषक कल्याण समिति परसोनिया के तत्वाधान में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। जिसमें कई विद्यालयों के बच्चों के क्विज प्रतियोगिता के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की जाएगी। वही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भी बड़े ही श्रद्धा भाव से लक्ष्मी पूजन किया गया। इस दौरान बाजारों में भी अच्छी खासी चहल पहल बनीं रही।

दीया जलाने के दौरान घर में लगी भीषण आगजनी

गोरौल/एनएसबी। गोरौल थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव में रविवार 8 नवंबर की शाम दीया जलाने के दौरान अचानक लगी आग से एक परिवार का घर और उसमें रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।इस अगलगी की घटना में अनाज, कपड़े, बिस्तर,सिंचाई मशीन,पाइप सहित कई जरूरी दस्तावेज नष्ट हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 6:45 बजे घर में दीया जलाने के दौरान अचानक चिंगारी भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया।आग की लपटें देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए।सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम भी पहुंची।अग्निशमन कर्मियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इससे आग को आसपास के घरों तक फैलने से रोक लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया।पीड़ित परिवार की मीना देवी ने महुआ के अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी को आवेदन देकर घटना की जानकारी दी है। घटना के बाद पीड़ित परिवार के समक्ष भोजन, कपड़े और जरूरी दस्तावेजों की समस्या उत्पन्न हो गई है।स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा, खाद्यान्न और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि इस मुश्किल घड़ी में परिवार को कुछ राहत मिल सके।

दलित टोला में अनुमंडल पदाधिकारी महुआ ने मनाई दिवाली, बांटी मिठाइयां



महुआ/एनएसबी। महुआ प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के पहाड़पुर गांव के वार्ड नंबर आठ के दलित टोला में दीपावली के पावन पर्व पर अनुमंडल पदाधिकारी विवेक चंद्र पटेल दलित टोला पहुंचकर आम लोगों के बीच अपनी दिवाली मनाई और इस मौके पर उन्होंने मिठाइयां भी बांटी। इस दौरान उन्होंने बच्चों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके साथ खुशियां साझा कीं। अनुमंडल पदाधिकारी को दलित टोला में देख कर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने देखने लायक थी। इस मौके पर

उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने इस मौके पर बच्चों को अपनी तरफ से मोमबती और फुलझड़ी भी बच्चों को उपहार स्वरूप प्रदान किए। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी महुआ के स्वागत में स्थानीय युवती अनुप्रिया कुमारी एवं अन्य लोगों के द्वारा आकर्षक रंगोली का भी निर्माण किया गया था,जो देखने लायक थी।उस रंगोली को देखकर अनुमंडल पदाधिकारी महुआ विवेक चंद्र पटेल ने बच्चों की सराहना करते हुए उसकी हौसला आफजाई भी की। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए उन्हें अपने अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता बताई। इस मौके पर खेल प्रशिक्षक सुरेश कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार आदि के साथ-साथ अनेकों लोग उपस्थित थे।

अधिकारियों ने अलग-अलग बस्तियों में बच्चों के साथ जलाए दीप, बनाई रंगोली और बांटी मिठाइयां व फुलझड़ियां

महनार/एनएसबी। दीपावली का त्योहार खुशियां बांटने और समाज के हर वर्ग तक प्रेम व अपनत्व का संदेश पहुंचाने का पर्व है। इसी भावना के साथ महनार के एसडीओ, बीडीओ और थानाध्यक्ष ने अलग-अलग बस्तियों में पहुंचकर बच्चों के बीच दीपावली की खुशियां साझा कीं। अधिकारियों की इस पहल से बच्चों के चेहरे खिल उठे। महनार एसडीओ अंकित कुमार ने सरमस्तपुर में बच्चों के साथ दीपावली मनाई। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ दीप जलाए और मिठाइयां बांटकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। एसडीओ को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने वासुदेवपुर चंदेल स्थित महादलित टोले में बच्चों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने बच्चों के साथ रंग-बिरंगी रंगोली बनाई, दीप जलाए और मिठाइयां बांटीं।



संक्षिप्त खबरें

खाकी ने पेश की इंसानियत की मिसाल

दलित बस्ती में पुलिसकर्मियों ने बच्चों के साथ मनाई दिवाली

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश)। वर्दी का फर्ज सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालना ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ अपनापन और विश्वास कायम करना भी है। इसी मानवीय सोच को धरातल पर उतारते हुए उचकागांव पुलिस ने



दीपावली के अवसर पर दलित बस्ती में पहुंचकर खुशियों की रोशनी बिखेरी। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार, जमादार अनुज भगत एवं दरोगा नीतू कुमारी ने दलित बस्ती के लोगों और बच्चों के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। इस दौरान बच्चों के बीच पटाखे और मिठाइयों का वितरण किया गया। पुलिस अधिकारियों की इस पहल से बस्ती में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। आमतौर पर पुलिस की पहचान कानून-व्यवस्था और कार्रवाई तक सीमित रहती है, लेकिन इस पहल ने खाकी का एक संवेदनशील और मानवीय चेहरा भी सामने रखा। पुलिस कर्मियों ने समाज के उन लोगों के बीच पहुंचकर त्योहार की खुशियां साझा कीं, जहां अपनापन और सहभागिता का संदेश सबसे अधिक मायने रखता है। उचकागांव पुलिस की इस पहल ने सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और पुलिस-पब्लिक के बीच मजबूत रिश्ते का सकारात्मक संदेश दिया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस कर्मियों के इस प्रयास की सराहना की। मौके पर समाजसेवी छोटे सिंह भी उपस्थित थे।

जदयू कार्यकताओं की बैठक सम्पन्न

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने बैठक कर बताया की पार्टी द्वारा आगामी 24 नवम्बर को बिहार के हर जिला मुख्यालय मे नीतीश सरकार के बीस साल पुरा होने पर सुशासन दिवस नीतीश संवाद का कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित किया



गया है। जिसकी तैयारी हेतु गोपालगंज सर्किट हाउस में 11 नवंबर को से तैयारी बैठक बुलाई गई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं कार्यक्रम के संयोजक सह बिहार सरकार के मंत्री लेसी सिंह के निदेर्शानुसार तैयारी बैठक में जिले के माननीय सांसद ,माननीय विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला कमेटी के पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गण सहित जिले के सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख साथी भाग लेंगे! बैठक में जिला कार्यक्रम प्रभारी अजीत कुमार निराला उपस्थित रहेंगे।

त्योहारों की खुशियों के बीच यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली एवं महापर्व छठ के अवसर पर यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन गोपालगंज पूरी तरह सतर्क है। बिहार सरकार के निदेर्शानुसार नशामुक्त बिहार अभियान के तहत जिले के सभी रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, बलथरी चेकपोस्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की जांच के साथ नशे के अवैध कारोबार एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वहीं, दूसरे राज्यों से अपने घर लौट रहे प्रवासी यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



विनोद मटिहनिया में दंगल प्रतियोगिता, पहलवानों ने दिखाया दमखम

बिहार, यूपी और झारखंड के पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय प्रखंड के विनोद मटिहनिया स्थित शनिचरी बाजार में सोमवार को भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला, दमखम और शानदार दांव-पेच का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।पहलवानों के जोरदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।प्रतियोगिता का प्रमुख मुकाबला पडरौना के पहलवान लालू और बनारस के शिवम पहलवान के बीच हुआ, जिसमें शिवम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।वहीं, बनारस के अंकित पहलवान और गाजीपुर के सावन पहलवान के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली।इस मुकाबले में सावन पहलवान ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर बाजी मारी।इसके अलावा गया के सावन पहलवान, सतन पहलवान सहित अन्य पहलवानों ने भी अपने-अपने मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।इससे पूर्व गोविंदगंज के पूर्व विधायक राजन तिवारी, कार्यक्रम के आयोजक बड़कू तिवारी एवं अन्य अतिथियों ने फीता काटकर दंगल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर अशोक पांडेय, श्याम बिहारी पांडेय, धर्मेंद्र मिश्रा, विनय दुबे सहित बड़ी संख्या में दंगल प्रेमी और दर्शक उपस्थित रहे। देर शाम तक कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी रहा।

दीपों की रोशनी से जगमगाया कुचायकोट, धूमधाम से मनी दीपावली

लक्ष्मी-गणेश की पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने बांटी खुशियां, देर रात तक हुई आतिशबाजी

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)। दीपों की जगमगाहट, रंग-बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी के बीच रविवार को प्रखंड क्षेत्र में दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया।पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।बाजारों से लेकर गांवों तक हर तरफ उत्सवी माहौल बना रहा।लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाकर दीपोत्सव की खुशियां मनाईं।शाम ढलते ही घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में दीप जल उठे।रंग-बिरंगी बिजली की झालरों और मोमबत्तियों की रोशनी से पूरा इलाका जगमगा उठा।इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों में विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।कुचायकोट, सासामुसा, जलालपुर, राजापुर, बलथरी समेत प्रखंड के विभिन्न बाजारों और गांवों में देर रात तक पूजा-पाठ का सिलसिला चलता रहा।पूजा संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर दीपावली की बधाई दी और खुशियां साझा कीं। बच्चों और युवाओं में पटाखे फोड़ने को लेकर विशेष उत्साह रहा।देर रात तक आतिशबाजी की गूंज सुनाई देती रही।

कटेया के ऐतिहासिक वैष्णो मठ से 200 साल पुराना चांदी का मुकुट चोरी

नगर पंचायत के अध्यक्ष उम्मीदवार समेत दो गिरफ्तार ● सीसीटीवी कैमरा तोड़कर वारदात को दिया अंजाम ● पुलिस ने आरोपित और मुकुट खरीदने वाले दुकानदार को पकड़ा ● चांदी का मुकुट बरामद



कटेया (दैनिक नवसंदेश)। नगर पंचायत स्थित ऐतिहासिक वैष्णो मठ से शनिवार को राधा-कृष्ण की मूर्ति का करीब 200 वर्ष पुराना चांदी का मुकुट चोरी हो गया। करीब एक किलो 600 ग्राम वजन वाले मुकुट की कीमत तीन लाख रुपये आंकी गयी है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोपित और मुकुट खरीदने वाले दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी गया मुकुट भी बरामद कर लिया गया। मठ के अधिकारी रुदल दास मंदिर में ताला बंद कर पूजा की सामग्री खरीदने बाजार गये थे। इसी दौरान एक चोर छत के रास्ते वेंटिलेटर से मंदिर में दाखिल हो गया। उसने सबसे पहले मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त किया और फिर राधा-कृष्ण की मूर्ति से चांदी का मुकुट उतार लिया। मुकुट लेकर बाहर निकलने के दौरान मठिया के महंत अंगद दास की नजर उस पर पड़ गयी। महंत ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपित ने उन पर ईंट से हमला कर दिया और फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कटेया निवासी स्वर्गीय प्रेम चैबे के 30 वर्षीय पुत्र आर्यन चैबे उर्फ नागमणि चैबे की पहचान की। आर्यन नगर पंचायत में अध्यक्ष की चुनाव की तैयारी में था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसने बताया कि मुकुट कटेया-भोरे मुख्य मार्ग स्थित शान्वी ज्वेलर्स में बेचा है। पुलिस ने दुकान पर छापेमारी कर मुकुट बरामद कर लिया और दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया।मठ के अधिकारी रुदल दास ने बताया कि चांदी का मुकुट मठ के प्रथम पुजारी संत गोपिया दास महाराज ने बनवाया था। यह करीब 200 वर्ष पुरानी धरोहर थी। वैष्णो मठ में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। वर्ष 2001 में भी चोर मंदिर से 22 छोटी-बड़ी अष्टधातु की मूर्तियां और 100 से अधिक शालिग्राम पत्थर चुरा ले गये थे। रुदल दास के अनुसार चोरी गयी मूर्तियों में राम-जानकी-लक्ष्मण की दो जोड़ी, राधा-कृष्ण की दो जोड़ी, हनुमान की एक जोड़ी, वामन भगवान की एक जोड़ी और छह जोड़ी से अधिक अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां शामिल थीं। इन मूर्तियों का वजन पांच से 30 किलो तक था। चोरी गयी धरोहरों की वर्तमान कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। रुदल दास ने बताया कि वर्ष 2001 में चोरी के दौरान चोरों ने शालिग्राम पत्थरों पर तेजाब डालकर उनकी पहचान की थी। जिन पत्थरों में अष्टधातु थी उन्हें चोर उठा ले गये जबकि अन्य पत्थरों को छोड़ दिया। तेजाब के कारण शेष शालिग्राम पत्थरों पर पड़े निशान आज भी मंदिर में मौजूद हैं। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार इन शालिग्राम पत्थरों की विशेष धार्मिक मान्यता थी। मान्यता थी कि शीतकाल में भी इनसे पसीना निकलता था। उससे प्राप्त जल को पंचामृत बनाकर श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाता था। बताया जाता है कि चोरी गयी 22 मूर्तियों और 100 से अधिक अष्टधातु के शालिग्राम पत्थरों का कुल वजन करीब दो क्विंटल था। घटना के 25 वर्ष बीत जाने के बाद भी चोरी गयी मूर्तियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

दहेज प्रताड़ना के बाद विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुर हिरासत में

मायके वालों ने पति, सास, ससुर और ननद पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस कर रही पूछताछ



(मुखाग्नि देते ससुर)

कटेया (दैनिक नवसंदेश)। कटेया थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के बाद एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मृतका के मायके वालों ने उसके पति, सास, ससुर और ननद पर दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करने तथा हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान चम्पा देवी की पुत्री पूजा कुमारी देवी के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व कटेया थाना क्षेत्र के रैपुरा गांव निवासी जितेंद्र गोंड के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। मृतका की मां चम्पा देवी ने कटेया थाने में दिए आवेदन में बताया है कि शादी के समय अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार उन्होंने बेटी के ससुराल वालों को एक गाड़ी सहित अन्य सामान और उपहार दिए थे। इसके बावजूद शादी के कुछ समय बाद से ही पति जितेंद्र गोंड, ससुर मूरत गोंड, सास और ननद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आवेदन के अनुसार, पूजा फोन पर अक्सर मायके वालों को अपनी परेशानी बताती थी। उसका आरोप था कि पति, सास, ससुर और ननद मिलकर उसे दहेज के लिए परेशान करते हैं। उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और दुर्व्यवहार किया जाता है तथा मायके से और पैसे लाने का दबाव बनाया जाता है। मायके वालों ने कई बार ससुराल पक्ष को समझाने और मामला सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रताड़ना बंद नहीं हुई। मृतका की मां ने आवेदन में बताया है कि 8 नवंबर की सुबह करीब पांच बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है और वह बोल नहीं पा रही है। सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ बेटी के ससुराल पहुंचीं, जहां पूजा मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। बेटी की अचानक और संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से मायके पक्ष में कोहराम मच गया। मृतका की मां ने पति, सास, ससुर और ननद पर दहेज की मांग को लेकर हत्या करने की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए कटेया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर घर में परिवार का कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। ऐसी स्थिति में पुलिस की मौजूदगी में हिरासत में लिए गए ससुर को अंतिम संस्कार के लिए भेजा गया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विवाहिता की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

छठ घाटों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर, डीएम-एसपी ने परखी तैयारी

प्रज्ञा नगर समेत 12 घाटों का निरीक्षण

सफाई से लेकर सुरक्षा तक के दिए स्पष्ट निर्देश



(निरीक्षक करते डीएम व एसपी)

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मीरगंज में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को डीएम समीर सौरव और एसपी विनय तिवारी ने प्रज्ञा नगर समेत नगर परिषद क्षेत्र के सभी 12 छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की स्थिति देखने के साथ संबंधित पदाधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी 12 छठ घाटों पर पर्व से पहले सफाई का काम पूरी तरह पूरा कर लिया जाए। घाटों पर कचरा जमा नहीं रहने दिया जाए और व्रतियों के लिए घाट तक पहुंचने वाले रास्तों को सुगम बनाया जाए। उन्होंने घाटों और पहुंच पथ पर पर्याप्त रोशनी, मजबूत बैरिकेडिंग तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित रास्ता तय किया जाए और बैरिकेडिंग ऐसी हो कि भीड़ के दबाव में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासनिक स्तर पर घाटवार व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने का भी निर्देश दिया गया। एसपी विनय तिवारी ने पुलिस अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रमुख स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी और भीड़ के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने का निर्देश दिया। साथ ही संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने को कहा गया। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि छठ के दौरान घाटों पर होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पहले से कार्ययोजना तैयार रखें। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस और प्रशासनिक टीम के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम-एसपी ने स्पष्ट किया कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा में किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया। मौके पर हथुआ एसडीएम संतोष कुमार, एसडीपीओ राजेश प्रसाद, मीरगंज थानाध्यक्ष राजीव रंजन, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, सिटी मैनेजर, सभापति प्रतिनिधि अरुण केसरी, उपसभापति धनंजय यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विंध्याचल कुमार तथा जिला शांति समिति के सदस्य ज्वाला कुमार, मिथिलेश तिवारी समेत शहर के कई लोग मौजूद रहे।

मरीज की मौत को लेकर परिजनों ने घाटों काटा बवाल



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। जिले के नगर थाना क्षेत्र के अरार मोड़ के पास निजी नर्सिंग होम में एक मरीज की मौत होने के बाद परिजनो ने जमकर हो हंगामा किया इस दौरान मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना पाकर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। और आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया।हालांकि बाद में परिजन शव को लेकर अपने घर चले गए। परिजनो का आरोप है कि पिछले सितंबर महीने में पैर में मामूली घाव होने के बाद मरीज को इलाज के लिए इस निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि लंबे समय तक चले इलाज के दौरान अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगातार पैसे वसूले जाते रहे और देखते ही देखते करीब 4 लाख रुपए खर्च हो जाने के बावजूद मरीज की सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल की तरफ से मरीज को ठीक करने के बजाय रोज केवल घाव की ड्रेसिंग के नाम पर बुलाया जाता था। आज भी मरीज को ड्रेसिंग के लिए ही नर्सिंग होम लाया गया था, लेकिन इसी दौरान संदिग्ध हालत में उनकी मौत हो गई। मौत की पुष्टि होने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उनका कहना है कि डॉक्टर और अस्पताल कर्मियों की लापरवाही और गलत इलाज के कारण मरीज की जान गई है।

दीपावली की दिन दो गांवों में अगलगी, एक लाख की संपत्ति राख

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली की दिन रविवार को कुचायकोट और गोपालपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में आग लगने से करीब एक लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। दोनों घटनाओं में पीड़ित परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।पहली घटना कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी गांव की है। यहां निवासी स्व मोहन राजभर की आवासीय झोपड़ी में अचानक आग लग गई।आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि घर के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही पूरी झोपड़ी आग की चपेट में आ गई।देखते ही देखते झोपड़ी और उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया।घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने करीब एक घंटे तक कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।वहीं, दूसरी घटना गोपालपुर थाना क्षेत्र के ढेबवा गांव की है।यहां निवासी काशीनाथ पटेल के घर में दीपक से आग लग गई।आग की चपेट में आने से घर में रखा कलर टीवी, पलंग समेत अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।

लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर किया घायल

भोरे (दैनिक नवसंदेश)। थाने के शिवराजपुर गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर लोहे के रॉड से वृद्ध पर जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।मामले को लेकर घायल वृद्ध की बहु सोनी देवी ने उसी गांव के सुमेर राम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।बताया जाता है गांव के दुर्योधन मांझी शनिवार की रात खाना खाकर घर में सोने जा रहे थे। इसी बीच सुमेर आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर घटना को अंजाम दिया।

विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



(जागरूकता कार्यक्रम में मौजुद लोग)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज द्वारा विधिक सेवा दिवस पर विभिन्न विधिक जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमें पहला कार्यक्रम मंडल कारा चनावे गोपालगंज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया स कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा कैदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य, मुफ्त विधिक सहायता, उचित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को मुफ्त अधिवक्ता की उपलब्धता, फ्रंट कार्यालय के कार्य, नशा मुक्ति, नशा उन्मूलन, नशा से होने वाले नुकसान, दहेज की सामाजिक बुराई, लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकार, पीड़ित प्रतिकर, नालसा की विभिन्न योजनाओं आदि विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया स उक्त के अलावा रेलवे स्टेशन थावे एवं गोपालगंज में रेल यात्रियों के बीच में पैनल अधिवक्ता द्वारा विधिक सेवा दिवस का महत्व, विधिक सहायता की आवश्यकता, नशा मुक्ति, नशा उन्मूलन, नशा से होने वाले नुकसान, दहेज की सामाजिक बुराई, लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकार, पीड़ित प्रतिकर आदि विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की विधिक सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय गोपालगंज में सम्पर्क करने हेतु भी बताया गया स उक्त के अलावा पी एल भी द्वारा गोपालगंज शहर के विभिन्न वार्डों में घूम घूमकर डोर टू डोर कार्यक्रम कर आम जनता को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य प्रणाली, , मुफ्त विधिक सहायता प्राप्त करने की मापदंड, पीड़ित प्रतिकर, विधिक सेवा दिवस के महत्व, बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम के अंतर्गत तेजाब पीड़ित, यौन उत्पीडन, पॉक्सो आदि की स्थिति में पीड़ितो को मिलने वाली मुआवजा राशि, विधिक सहायता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका आदि विभिन्न पहलुओं पर जागरूक किया गया स पी एल भी द्वारा बताया गया कि एसिड अटैक, बलात्कार, पॉक्सो आदि के किसी पीड़ित या पीड़िता को पुनर्वास हेतु सरकार द्वारा प्रतिकार की व्यवस्था की गई है, जिसके अंतर्गत पीड़ित या पीड़िता द्वारा संबंधित न्यायालय या जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर प्रतिकर के संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा सकती है स उक्त के साथ साथ आगामी दिनांक 12.12.2026 को व्यवहार न्यायालय परिसर, गोपालगंज में आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के सुलहनीय वादों यथा बैंक ऋण वाद, ग्राम कचहरी में लंबित वादों, पारिवारिक वादों, सुलहनीय अपराधिक वादों, श्रम वादों, माप तौल वादों, वन वादों आदि को सुलह समझौता के आधार पर निष्पादन कराने वास्ते वादों को चिन्हित करने हेतु संबंधित न्यायालय या विभाग में संपर्क स्थापित करने अथवा कार्यालय लोक अदालत में संपर्क करने हेतु भी बताया गया स उपरोक्त सभी कार्यक्रमो में उपस्थित कैदियों, आम ग्रामीण जनता, राहगीरों आदि के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संबंधित तथा केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित हैंडबिल भी वितरित किया गया एवम उक्त योजनाओं के बारे में भी उपस्थित आम जनता को जागरूक किया गया।